
दैनिक
लखनऊ से प्रकाशित एवं उ.प्र., बिहार, झारखण्ड, मध्यप्रदेश, राजस्थान, दिल्ली में प्रसारित
RNI-UPHIN/2014/58471



# अमन लेखनी



कुछ भी खाने के बाद ......
छोटे-छोटे कुकिंग टिप्स आपके काम ......

वर्ष : 12 | अंक : 71 | लखनऊ, 06 मार्च, शुक्रवार 2026 | पृष्ठ : 08 | मूल्य : 2.00 रुपए

## खबर संक्षेप

### गुजरातः निकाय चुनावों के लिए कांग्रेस की समितियों का गठन

नई दिल्ली/एजेंसी । गुजरात में आगामी स्थानीय निकाय चुनावों की तैयारी के लिए कांग्रेस ने बृहस्पतिवार को कई समितियों का गठन किया। पार्टी नेताओं ने यह जानकारी दी। कांग्रेस ने एक विज्ञप्ति में बताया कि इन समितियों को पार्टी अध्यक्ष की मंजूरी मिल गई है और ये तत्काल प्रभाव से लागू होंगी। पार्टी ने चुनाव रणनीति, अभियान प्रबंधन, घोषणापत्र तैयार करने, मीडिया संपर्क और प्रचार की निगरानी के लिए अलग-अलग समितियां बनाई हैं।

### मद्रास हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश बने सुश्रुत

नई दिल्ली/एजेंसी । न्यायमूर्ति सुश्रुत अरविंद धर्माधिकारी को बृहस्पतिवार को मद्रास उच्च न्यायालय का मुख्य न्यायाधीश नियुक्त किया गया। वह अब तक केरल उच्च न्यायालय के न्यायाधीश थे। पिछले महीने उच्चतम न्यायालय कॉलेजियम ने इस पद के लिए उनके नाम की सिफारिश की थी। उन्होंने न्यायमूर्ति मनींद्र मोहन श्रीवास्तव का स्थान लिया है, जो 62 वर्ष की आयु पूरी होने पर बृहस्पतिवार शाम को सेवानिवृत्त हो गए।

### तीन दिवसीय चादर महोत्सव आज से

नई दिल्ली/एजेंसी। राजस्थान के जैसलमेर में तीन दिवसीय चादर महोत्सव और दादागुरु इकतीसा पाठ का आयोजन छह से आठ मार्च तक होगा। इसका उद्घाटन राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) प्रमुख डॉ. मोहन भागवत करेंगे। छह मार्च को महोत्सव की शुरुआत गच्छाधिपतिश्री, आचार्य, उपाध्याय सहित भगवंतों के मंगल प्रवेश से होगी जिसके बाद धर्मसभा में मोहन राव भागवत मौजूद रहेंगे।

### महाराष्ट्रः नासिक में आईवीएफ केंद्र सील

नासिक । महाराष्ट्र के नासिक में अधिकारियों ने कथित अवैध अंडाणु दान से जुड़े मामले में एक इन-विट्रो फर्टिलाइजेशन (आईवीएफ) केंद्र को सील कर दिया है और इस संबंध में एक जांच समिति का गठन किया है। अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। हाल में ठाणे जिले के बदलापुर में ठाणे जिले में गरीब महिलाओं का शोषण करने वाले अंडाणु दान गिरोह का खुलासा हुआ था।

---

#### सीएम के राज्यसभा से नामांकन करने के बाद बिहार में सियासी पारा चढ़ा

# बिहार में पहले भाजपाई सीएम की रेस में सम्राट चौधरी सबसे आगे

## सूबे में भाजपा का सीएम तो जेडीयू के दो डिप्टी सीएम बनने की चर्चा

*विजय चौधरी भी दावेदार, संघ का चेहरा भी ला सकती है भाजपा, नीतीश अपने हनुमान विजय चौधरी पर जता सकते हैं भरोसा*



पटना। एयरपोर्ट पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह का स्वागत करते बिहार के उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी। फोटो : हरिभूमि

जेडीयू के पार्टी कार्यालय में रोष जताते नीतीश समर्थक



राज कुमार सिंह चौहान ब्यूरो प्रमुख / नई दिल्ली,

नीतीश कुमार के राज्यसभा में नामांकन के बाद से ही बिहार में अब सीएम के नाम को लेकर सियासी पारा चढ़ा है। उधर नीतीश कुमार ने गुरुवार को सोशल मीडिया पर पोस्ट कर राज्यसभा जाने का ऐलान किया है। उन्होंने बिहार में नई सरकार को अपना पूरा सहयोग करने की भी बात कही है। अब यह भी तय हो गया कि बिहार में अब नीतीश युग का अंत हो गया। साथ ही अब इस बात की चर्चा शुरू हो गई है कि नीतीश कुमार के बाद बिहार का अगला मुख्यमंत्री कौन होगा। अब अटकले यह लगाई जा रही हैं कि पहली बार बिहार में भाजपा से कोई सीएम या नीतीश के किसी करीबी को बनाया जाएगा। बिहार में सीएम की रेस में सबसे आगे सम्राट चौधरी का नाम चल रहा है। विजय चौधरी के नाम की भी चर्चा जोरों में हैं। उधर भाजपा किसी ओबीसी का चेहरा लाकर चौंका भी सकती है। चर्चा यह भी जोरों पर है कि अगर भाजपा का सीएम बना तो जेडीयू के दो डिप्टी सीएम बनाए जाएंगे। सूत्रों की मानें तो भाजपा खासकर अमित शाह नहीं चाहते थे कि 20 नवंबर 2025 को गांधी मैदान में नीतीश कुमार सीएम पद की शपथ लें। भाजपा की तरफ से ऑफर दिया गया था कि नीतीश कुमार अपनी पसंद के किसी नेता का नाम बता दें। वे जिसे अपनी पसंद बता देंगे भाजपा उसे सीएम स्वीकार कर लेगी। नीतीश कुमार ने तब ये प्रपोजल स्वीकर नहीं किया। न ही उनके रणनीतिकार तब ये बात माने। ये बोला गया कि बहुमत नीतीश कुमार के नाम पर मिला है, तो सीएम भी वही बनेंगे। इसके बाद उन्होंने सीएम पद की शपथ ली। अब जब उनके स्वास्थ्य को लेकर लगातार सवाल उठने लगे तो जेडीयू के नेताओं की तरफ से मांग की जा रही है कि नीतीश कुमार की पसंद के नेता को ही सीएम बना दिया जाए। उधर, विजय चौधरी जदयू के भीतर और बाहर एक ऐसे नेता हैं, जिन्हें नीतीश कुमार का 'नंबर 2' माना जाता है। वे सरकार की पॉलिसियों और रणनीतियों को बनाने वाली 'कोर कमेटी' के अहम सदस्य हैं। नीतीश बिहार में कहीं जाएं विजय चौधरी हमेशा उनके साथ होते हैं। रणनीतिक मामलों में उन्होंने नीतीश कुमार का हनुमान माना जाता है। विजय चौधरी एक ऐसे नेता हैं, जो विवादों से हमेशा दूर रहते हैं। अपनी मृदुभाषी शैली और प्रशासनिक पकड़ के लिए जाने जाते हैं। वित्त, शिक्षा ग्रामीण कार्य, जल संसाधन, संसदीय कार्य जैसे कई अहम विभागों की जिम्मेदारी संभाल चुके हैं। इसके अलावा विधानसभा में स्पीकर भी रह चुके हैं।

---

# पीएम कोच्चि में राजग चुनाव सम्मेलन का उद्घाटन करेंगे



■ आगामी केरल विस चुनावों के मद्देनजर आयोजित दौरा अहम

अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,

कोच्चि, पांच मार्च (भाषा) प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 11 मार्च को यहां आगामी केरल विधानसभा चुनावों के मद्देनजर आयोजित राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के सम्मेलन का उद्घाटन करेंगे।

भाजपा के जिला नेताओं ने यह जानकारी देते हुए बृहस्पतिवार को बताया कि प्रधानमंत्री के कोच्चि दौरे के दौरान शहर में कई कार्यक्रम निर्धारित हैं। मोदी 11 मार्च की सुबह करीब 11 बजे कोच्चि पहुंचेंगे और वहां तीन अलग-अलग कार्यक्रमों में हिस्सा लेंगे। नेताओं ने बताया कि प्रधानमंत्री सबसे पहले कालूर स्थित जवाहरलाल नेहरू इंटरनेशनल स्टेडियम में आयोजित एक सरकारी कार्यक्रम में भाग लेंगे, जहां वे विभिन्न विकास परियोजनाओं की घोषणा करेंगे। मोदी इसी स्थान पर दोपहर में राजग के सम्मेलन में शामिल होंगे।

### पीएम ने राजनीतिक और नैतिक रूप से किया आत्मसमर्पण



नई दिल्ली। कांग्रेस अध्यक्ष खरगे ने ईरान युद्ध से जुड़े घटनाक्रमों का हवाला देते हुए बृहस्पतिवार को आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री मोदी ने राजनीतिक और नैतिक रूप से आत्मसर्मण कर दिया है। खरगे ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, "मोदी सरकार का भारत के सामरिक और राष्ट्रीय हितों के प्रति लापरवाही भरा परित्याग सबके सामने है। एक ईरानी जहाज भारत का मेहमान था, हमारे द्वारा आयोजित इंटरनेशनल फ्लीट रिव्यू 2026 से निहत्थे लौट रहा था।

### प्रधानमंत्री आठ को मेट्रो की नई लाइनों का करेंगे उद्घाटन

■ इन परियोजनाओं की अनुमानित लागत 18,300 करोड़ रुपये से अधिक : रेखा

नई दिल्ली (भाषा)। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने बृहस्पतिवार को बताया कि प्रधानमंत्री मोदी आठ मार्च को दिल्ली मेट्रो रेल के दो नए गलियारों का उद्घाटन करेंगे और तीन अतिरिक्त गलियारों की आधारशिला रखेंगे। दिल्ली मेट्रो नेटवर्क के विस्तार के तहत शुरू की गई इन परियोजनाओं की अनुमानित लागत 18,300 करोड़ रुपये से अधिक है और इनका उद्देश्य सार्वजनिक परिवहन को मजबूत करना और शहर में यात्रियों के लिए रोजमर्रा के सफर को आसान बनाना है। गुप्ता ने कहा कि प्रधानमंत्री दिल्ली मेट्रो के जिन दो नए गलियारों का उद्घाटन करेंगे उनमें पिंक लाइन पर मजलिस पार्क से मौजपुर-बाबरपुर और मैजेंटा लाइन दीपाली चौक से मजलिस पार्क का गलियारा शामिल है। उन्होंने कहा कि इसके साथ प्रधानमंत्री दिल्ली मेट्रो के फेज-पांच (ए) के अंतर्गत तीन नए कॉरिडोर के निर्माण का शिलान्यास भी करेंगे।

---

#### बंगाल में चुनावी रंग

### मध्य कोलकाता के कुछ हिस्सों में दो मई तक रैलियों और विरोध प्रदर्शनों पर लगा प्रतिबंध

■ कोलकाता पुलिस आयुक्त ने अधिसूचना जारी की

कोलकाता । सार्वजनिक शांति भंग होने की आशंकाओं को रोकने के लिए कोलकाता पुलिस ने मध्य कोलकाता के कुछ हिस्सों में 60 दिनों के लिए रैलियों, प्रदर्शनों और अन्य प्रकार की सभाओं पर प्रतिबंध लगा दिया है। कोलकाता पुलिस आयुक्त सुप्रतिम सरकार द्वारा जारी एक अधिसूचना के अनुसार, यह आदेश भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 163 के तहत लागू किया गया है। इसमें कहा गया है कि यह प्रतिबंध चार मार्च से दो मई तक या अगले आदेश तक लागू रहेगा। यह आदेश विश्वसनीय सूत्रों से मिली जानकारी के बाद जारी किया गया है, जिसमें दावा किया कि हिंसक प्रदर्शन हो सकते हैं, जिससे क्षेत्र में बड़े पैमाने पर शांति भंग हो सकती है। इस आदेश में पांच या उससे अधिक व्यक्तियों के किसी भी गैरकानूनी जमावड़े पर रोक लगाई गई है और निर्दिष्ट क्षेत्र में लाठी या किसी भी घातक या खतरनाक हथियार को ले जाने पर प्रतिबंध लगाया गया है। पुलिस ने कहा कि व्यापक जनहित को देखते हुए ये प्रतिबंध आवश्यक थे।

---

#### लोस अध्यक्ष को हटाने का नोटिस

### बिरला सदन में उपस्थित रहेंगे, लेकिन कार्यवाही का संचालन नहीं करेंगे

अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को पद से हटाने के लिए दिये गए नोटिस को अगले हफ्ते सोमवार को विचारार्थ लिये जाने के दौरान वह सदन की कार्यवाही की अध्यक्षता नहीं करेंगे और सदस्यों के बीच बैठेंगे। बजट सत्र के दूसरे चरण की शुरुआत नौ मार्च को होगी। लोकसभा में बिरला के खिलाफ विपक्ष द्वारा लाए गए प्रस्ताव पर उस दिन चर्चा हो सकती है। प्रस्ताव में, बिरला पर "खुलकर भेदभाव" करने का आरोप लगाया गया है। नियमों और तय प्रक्रिया के अनुसार, जब निचले सदन में प्रस्ताव पर चर्चा होगी, तो बिरला को अपना बचाव करने का अधिकार होगा। संविधान विशेषज्ञ पी डी टी आचारी ने बताया कि बिरला को प्रस्ताव के खिलाफ मत देने का भी अधिकार होगा। आचारी ने कहा कि जब प्रस्ताव सदन के समक्ष आएगा, तो बिरला कार्यवाही की अध्यक्षता नहीं करेंगे, सत्तापक्ष की अग्रिम पंक्ति में बैठेंगे। जिस दिन नोटिस दिया गया था, उसी दिन बिरला ने सदन की अध्यक्षता करना बंद कर दिया था। लोस सचिवालय के पदाधिकारी ने कहा कि "हालांकि, वह लोस में नोटिस प्रस्तुत किये जाने तक सदन की अध्यक्षता कर सकते थे, लेकिन उन्होंने खिलाफ प्रस्ताव का निपटारा होने तक सदन में उपस्थित न होने का निर्णय लिया।



#### विपक्ष का आरोप

विपक्ष ने अपने नोटिस में आरोप लगाया है कि बिरला ने राष्ट्रपति के अभिभाषण पर सदन में धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा के दौरान नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी और दूसरे विपक्षी नेताओं को बोलने नहीं दिया। कांग्रेस सदस्य और लोकसभा में पार्टी के मुख्य सचेतक के सुरेश ने अपनी पार्टी, समाजवादी पार्टी और द्रमुक समेत कई विपक्षी पार्टियों की ओर से लोकसभा सचिवालय को यह नोटिस दिया।

---

*केरल विधानसभा चुनाव*

### चुनाव की तैयारियों की समीक्षा के लिए कोच्चि पहुंचे सीईसी

» ज्ञानेश केरल कैडर के भारतीय प्रशासनिक सेवा अधिकारी हैं

» तीन दिवसीय दौरा, पार्टी नेताओं व अफसरों के साथ करेंगे बैठक



अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,

मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार बृहस्पतिवार को कोच्चि पहुंचे, जहां वह पूर्व में जिलाधिकारी के रूप में कार्य कर चुके हैं। वह आगामी विधानसभा चुनावों की तैयारियों की समीक्षा के लिए राज्य के तीन दिवसीय दौरे पर हैं। कुमार ने कोच्चि हवाई अड्डे पर पहुंचने के बाद पत्रकारों से मलयालम में बात की।

#### बोले-22 साल बाद लौटा

उन्होंने कहा कि हम 22 साल के अंतराल के बाद कोच्चि लौट रहे हैं। मैं अगले दो दिन यहीं रहूंगा। कार्यक्रम के अनुसार, कुमार बृहस्पतिवार शाम को कोच्चि शहर के विभिन्न हिस्सों का दौरा करेंगे और बाद में रात तक एक होटल में बैठक करेंगे। वह शुक्रवार सुबह गोश्री बोलगट्टी ब्रिज पर युवा मतदाताओं से बातचीत करेंगे और मतदाता जागरूकता अभियान में भाग लेंगे। बाद में, वह शाम तक होटल में बैठकों में भाग लेने से पहले मरीन ड्राइव वॉकवे, रेनबो ब्रिज और चिल्ड्रन पार्क का दौरा करेंगे। इसके बाद वह रात में म्यूजिकल वॉकवे और चीनावाला ब्रिज जाएंगे। शनिवार सुबह वे कोच्चि में आगे की बैठकों में शामिल होने से पहले चेराई बीच जाएंगे। कुमार ने जून 2001 से जुलाई 2004 तक एर्णाकुलम जिले के जिलाधिकारी के रूप में कार्य किया, जिसके दौरान गोश्री पुल और मरीन ड्राइव के नवीनीकरण सहित कई विकास परियोजनाएं चलाई गईं। केरल कैडर के 1988 बैच के भारतीय प्रशासनिक सेवा अधिकारी, कुमार ने केंद्र में जाने से पहले राज्य में विभिन्न पदों पर कार्य किया और पिछले साल उन्हें भारत के मुख्य निर्वाचन आयुक्त के पद का दायित्व सौंपा गया।

---

#### परीक्षा का अंतिम चरण



तिरुवनंतपुरम। केरल में 10 की परीक्षा देने से पहले बच्चे एक परीक्षा केंद्र पर गुरुवार को रिवीजन करते हुए।

---

#### भागवत ने अहमदाबाद में स्वामीनारायण मंदिर में एक समारोह को संबोधित किया

# सामाजिक सद्भाव और एकता को बढ़ावा देता है सनातन धर्मः भागवत

*जाति के नाम पर भेदभाव धर्म और समाज दोनों को पहुंचाता है नुकसान*

अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के प्रमुख मोहन भागवत ने बृहस्पतिवार को कहा कि सनातन धर्म सामाजिक सद्भाव और एकता को बढ़ावा देता है। उन्होंने साथ ही कहा कि जाति के नाम पर भेदभाव किया जाना धर्म और समाज दोनों को नुकसान पहुंचाता है। भागवत ने यहां के निकट जेतलपुर गांव में स्वामीनारायण मंदिर में एक समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि भगवान की प्रत्येक रचना का एक उद्देश्य होता है और सभी के प्रति अपनेपन की भावना सामाजिक सद्भाव का सार है। उन्होंने कहा, ईश्वर की सृष्टि में सूखी घास के तिनके का भी कोई न कोई उद्देश्य होता है। सभी को इसी भाव से अपनाना और हृदय में अपनेपन की भावना रखना ही सामाजिक समरसता कहलाता है।



#### » बोले-हर व्यक्ति ईश्वर की रचना

भागवत ने कहा कि हर व्यक्ति ईश्वर की रचना है। ऊंच-नीच का भेद आखिर कहां से आया? जाति और वर्ग व्यवस्थाएं शायद मौजूद थीं, लेकिन इनका उद्देश्य भेदभाव करना नहीं था। जब इस तरह की व्यवस्था में भेदभाव प्रवेश कर जाता है, तो यह धर्म और समाज दोनों को नुकसान पहुंचाता है।" उन्होंने कहा कि धर्म केवल शास्त्रों, भाषणों या कल्पना तक सीमित नहीं है, बल्कि व्यवहार और आचरण में भी विद्यमान होता है। भागवत ने कहा, "जब हम सनातन धर्म का पालन करते हैं, तो धर्म की रक्षा स्वतः ही हो जाती है। धर्म और संस्कृति की रक्षा के लिए लोगों में एकता आवश्यक है। यदि आप धर्म और संस्कृति की रक्षा करना चाहते हैं, तो उनका पालन करने वालों की रक्षा करें।" उन्होंने कहा कि एकता से ही सुरक्षा मिलती है और ताकत भी इसी से उत्पन्न होती है। उन्होंने कहा कि लोगों को एकजुट करने के लिए मन में अपनेपन और पूर्णता की भावना होनी चाहिए और ऐसा दृष्टिकोण ही वर्तमान समय में सामने आने वाली चुनौतियों का समाधान है।

# होली के हुड़दंग में हुए सड़क हादसे, सात की मौत



अमन लेखनी समाचार

**लखनऊ।** होली के त्योहार पर राजधानी में हुए सड़क हादसों में हिस्ट्रीशीटर व शिक्षिका समेत पांच की मौत हो गयी। उक्त हादसे निगोहां, विकासनगर, इटौंजा, मदेयगंज, गोसाईंगंज, माल व मोहनलालगंज में हुए। कहीं तेज रफ्तार वाहन काल बने तो कहीं अनियंत्रित स्कूटी डिवाइडर से टकरायी। हादसों के चलते होली की खुशियां मातम में बदल गईं। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजते हुए मामलों की जांच शुरू कर दी है।

**स्कॉर्पियो की टक्कर से हिस्ट्रीशीटर की मौत :** नगराम रोड स्थित एक फैक्ट्री के पास स्कॉर्पियो और बाइक में आमने-सामने भिड़ंत हो गई। हादसे में बाइक सवार कासिमपुर निवासी सुनील (31) गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची निगोहां पुलिस ने घायल सुनील को एंबुलेंस की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मोहनलालगंज भेजा। वहां हालत गंभीर होने पर डॉक्टरों ने ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया, लेकिन रास्ते में ही सुनील की मौत हो गई। एसओ निगोहां अनुज कुमार तिवारी ने बताया कि सुनील निगोहां थाने का हिस्ट्रीशीटर था। हादसे के बाद स्कॉर्पियो चालक वाहन छोड़कर फरार हो गया। क्षतिग्रस्त बाइक और स्कॉर्पियो को कब्जे में लेकर पुलिस ने चालक की तलाश शुरू कर दी है।

**बहन से होली मिलकर लौट रहे युवक की गयी जान :** विकासनगर इलाके में होली मिलकर लौट रहे निजी कंपनी कर्मी की सड़क हादसे में मौत हो गयी। हजरतगंज के बालू अड्डा निवासी रवि सिंह (24) बुधवार को होली पर बहन बहन गुंजा से मिलने विकास नगर गया था। शाम करीब चार बजे लौटते समय कुर्सी रोड पैलेस के पास स्कूटी अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई। डिवाइडर पर सिर लड़ने से रवि खून से लथपथ हो गया। राहगीरों की सूचना पर विकासनगर पुलिस ने घायल को अस्पताल पहुंचाया, जहां डाक्टरों ने रवि को मृत घोषित कर दिया। बताया जा रहा है कि हादसे के दौरान रवि ने हेल्मेट नहीं लगाया था। पुलिस ने जेब में मिले मोबाइल से परिजन को हादसे की सूचना दी।

**अज्ञात वाहन की टक्कर से शिक्षिका की मौत :** महोना रोड पॉवर हाउस के सामने अज्ञात वाहन की टक्कर से सरकारी विद्यालय की शिक्षिका गुड़िया की मौत हो गई। इटौंजा के वार्ड नंबर-9 निवासी गुड़िया बुधवार को अस्पताल में भर्ती बीमार पति को देखने जा रही थी। जैसे ही वह महोना पॉवर हाउस के पास पहुंची, तभी तेज रफ्तार वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी। घायल अवस्था में पुलिस ने गुड़िया को राम सागर मिश्र 100 शैय्या अस्पताल बीकेटी भेजा। हालत गंभीर होने पर डॉक्टरों ने घायल ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया। वहां इलाज के दौरान गुड़िया ने दम तोड़ दिया। ग्रामीणों ने बताया कि गुड़िया यहां अपने भाई गजराज यादव के साथ रहती थी।

**बेकाबू बस ने बाइक सवार युवक को रौंदा :** मदेयगंज स्थित शिया पीजी कॉलेज के सामने बुधवार को बेकाबू रोडवेज बस ने बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर लगने से बाइक सवार जीशान (35) निवासी खिन्नी चौराहा सआदतगंज गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने उन्हें एंबुलेंस से ट्रामा सेंटर पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। हादसे के बाद चालक बस लेकर मौके से फरार हो गया। इंस्पेक्टर मदेयगंज अंजनी सिंह ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर नंबर की मदद से बस चालक की तलाश की जा रही है।

**घर से टहलने निकले बुजुर्ग की मौत :** गोसाईंगंज क्षेत्र के चांद सराय निवासी छेदा (89) मंगलवार शाम घर से टहलने निकले थे। पूर्वांचल एक्सप्रेसवे पुल के नीचे किसी अज्ञात वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंचे बेटे नन्हा ने घायल छेदा को ट्रामा 2 लेकर पहुंचे। वहां डॉक्टरों ने छेदा को मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही गोसाईंगंज पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

**होली खेलने ससुराल जा रहे युवक की हादसे में मौत :** अतरौली के गडरियन खेड़ा निवासी सुमित होली खेलने के लिए होने वाली ससुराल चकई गांव बाइक से जा रहा था। वह जैसे ही माल थाना क्षेत्र के पिपरी मोड़ पर पहुंचा, तभी सामने से आ रही मोटरसाइकिल से टक्कर हो गयी। हादसे में गंभीर रूप से घायल सुमित को ग्रामीणों ने अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। पिता संतराम ने बताया कि सुमित की शादी 14 मार्च को होनी थी। वह घर से अपनी होने वाली ससुराल रंग खेलने की बात कह कर निकला था। हादसे में दूसरे बाइक सवार को मामूली चोटें आयी हैं।

**कंटेनर की टक्कर से बाइक सवार युवक की गयी जान :** मोहनलालगंज से जुनाबगंज जाने वाली मुख्य सड़क पर मंगलवार सुबह कंटेनर ने बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार युवक की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची बंथरा पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया, लेकिन मृतक की पहचान नहीं हो सकी। इंस्पेक्टर बंथरा राना राजेश कुमार सिंह ने बताया कि कंटेनर चालक की पहचान के लिए आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है।

# एसयूवी ने बाइक में मारी टक्कर ससुर और दामाद की मौत

● परिजनों ने किसान पथ जाम कर किया हंगामा

अमन लेखनी समाचार

**लखनऊ।** सुशान्त गोल्फ सिटी क्षेत्र के किसान पथ पर बृहस्पतिवार को तेज रफ्तार एसयूवी ने बाइक को टक्कर मार दी, जिससे ससुर और दामाद की मौत हो गई तथा महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। घटना के बाद परिजनों ने सड़क जाम कर हंगामा किया। एसीपी गोसाईगंज ऋषभ यादव, इंस्पेक्टर राजीव रंजन उपाध्याय कई थानों की फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस अफसर परिजनों को समझाने में जुटे थे।


मोहनलालगंज के गोपाल खेड़ा निवासी सुशील कुमार (46) पत्नी और ससुर मुन्नी लाल (60) के साथ बाइक से रिश्तेदार के घर जा रहे थे, तभी रास्ते में किसान पथ पर एसयूवी ने इनकी बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार सुशील और उनके ससुर मुन्नी लाल की मौत हो गई, जबकि सुशील की पत्नी की हालत गंभीर बताई जा रही है।

## फिसली बाइक, सिक्योरिटी गार्ड की मौत

**लखनऊ।** काकोरी स्थित खालिसपुर निवासी माता प्रसाद (70) हनुमंत धाम के पास एक प्राइवेट अस्पताल में लिफ्टमैन थे। बेटे अमित ने बताया कि उनके पिता 2 मार्च को दूसरे बेटे मिथुन के साथ दोपहर में ड्यूटी पर जा रहे थे रास्ते में दुबग्गा स्थित पॉवर हाउस स्थित एक ढाबे के पास रोड पर गिट्टी पड़ी थी। उससे बचाने में उसने मोटरसाइकिल में ब्रेक मार दिया, जिससे बाइक फिसल गई और पिता-पुत्र दोनों सड़क पर गिरकर घायल हो गए। दुबग्गा पुलिस ने घायलों को ट्रामा सेंटर पहुंचाया, जहां देर रात उनकी मौत हो गई। परिवार में पत्नी अनीता व तीन बेटे हैं।

# होली पर रंग लगाने से नाराज किशोर ने मासूम को पीटा, मौत

**सीने और पेट पर ताबड़तोड़ वार, हालत बिगड़ने पर पीजीआई ट्रॉमा सेंटर में तोड़ा दम**



अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। मोहनलालगंज क्षेत्र के नगर, पुरसेनी में होली के दिन मामूली बात पर हुए विवाद में सात साल के मासूम की जान चली गई। पड़ोस में रहने वाले 13 वर्षीय किशोर ने रंग लगाने से नाराज होकर मासूम पर हमला कर दिया, जिससे उसकी हालत बिगड़ गई और इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। बलरामपुर जिले के फिरोजपुर निवासी राकेश सिंह अपनी पत्नी अंजू सिंह, तीन बेटियों और सात वर्षीय बेटे आकाश के साथ मोहनलालगंज के पुरसेनी स्थित नगर में किराए के मकान में रहते हैं। बुधवार को होली के अवसर पर मोहल्ले के बच्चे आपस में रंग खेल रहे थे। इसी दौरान आकाश ने पड़ोस में रहने वाले 13 वर्षीय किशोर को रंग लगा दिया। इस बात से नाराज होकर किशोर ने आकाश पर हमला कर दिया। आरोप है कि उसने आकाश के सीने और पेट पर ताबड़तोड़ कई प्रहार किए और लातें भी मारीं। इससे मासूम बेसुध होकर गिर पड़ा। परिजन आनन-फानन में उसे हरिकंशगढ़ी स्थित एक निजी अस्पताल ले गए। वहां प्राथमिक उपचार के बाद कुछ सुधार होने पर उसे घर ले आए। लेकिन गुरुवार सुबह उसकी तबीयत फिर बिगड़ गई और उल्टियां शुरू हो गईं। इसके बाद परिजन उसे पीजीआई के एपेक्स ट्रॉमा सेंटर लेकर पहुंचे, जहां उपचार के दौरान आकाश ने दम तोड़ दिया। घटना के बाद परिवार में कोहराम मच गया। मृतक की मां अंजू सिंह ने आरोपी किशोर के खिलाफ पुलिस को तहरीर दी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# ससुराल जा रहे युवक की सड़क हादसे में मौत




हादसा

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। माल थाना क्षेत्र के पिपरी मोड़ पर हुए सड़क हादसे में ससुराल जा रहे एक युवक की मौत हो गई। हादसे की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। बताया जा रहा है कि युवक की शादी 14 मार्च को होने वाली थी। हरदोई जनपद के अतरौली थाना क्षेत्र के गडरियन खेड़ा निवासी सुमित होली खेलने के लिए अपनी होने वाली ससुराल चकई गांव बाइक से जा रहा था। जैसे ही वह माल थाना क्षेत्र के पिपरी मोड़ के पास पहुंचा, तभी सामने से आ रही तेज रफ्तार बाइक से उसकी जोरदार टक्कर हो गई। टक्कर इतनी तेज थी कि सुमित गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर गिर पड़ा। मौके पर मौजूद ग्रामीणों ने तुरंत उसे आनन-फानन में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक के पिता संतराम ने बताया कि सुमित की शादी 14 मार्च को होनी थी। शादी की तैयारियां भी घर में चल रही थीं, लेकिन इस हादसे के बाद खुशियां मातम में बदल गईं। परिवार के लोगों का रो-रोकर बुरा हाल है।

# पुरानी रंजिश में परिवार पर हमला, दंपति समेत चार घायल

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। पुरानी रंजिश के चलते दबंगों ने एक ही परिवार पर हमला कर दिया। लाठी-डंडों और बेल्ट से की गई मारपीट में महिला समेत चार लोग घायल हो गए। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। रहीमाबाद थाना क्षेत्र के गौंदा मोज्जमनगर निवासी कमलेश कुमार मौर्य बुधवार दोपहर होली के त्योहार के दौरान अपने घर के बाहर बैठे थे। तभी गांव के ही सुरेंद्र उर्फ गैंडा, टाइगर, करन और साहिल श्रीवास्तव पुरानी रंजिश को लेकर वहां पहुंच गए। आरोप है कि चारों ने आते ही गाली-गलौज शुरू कर दी और विरोध करने पर कमलेश पर लाठी-डंडों व बेल्ट से हमला कर दिया। हमले में कमलेश के सिर में गंभीर चोट लग गई और शरीर पर कई जगह चोटें आईं। शोर सुनकर बीच-बचाव करने पहुंची उनकी पत्नी रूपाली को भी आरोपियों ने पीट दिया, जिससे वह घायल हो गईं। मारपीट के दौरान कमलेश के भाई कैलाश और उनकी पत्नी रेखा भी हमले की चपेट में आ गए। आरोप है



घायल कमलेश – फोटो

कि मारपीट में रेखा का पैर भी टूट गया। घटना के दौरान शोर-शराबा सुनकर आसपास के लोग मौके पर जुटने लगे तो हमलावर जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने सभी घायलों को मलिहाबाद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भिजवाया, जहां उनका इलाज चल रहा है। पीड़ित कमलेश ने रहीमाबाद थाने में तहरीर देकर आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। इस संबंध में रहीमाबाद इंस्पेक्टर अरुण कुमार त्रिगुणायक ने बताया कि पीड़ित की तहरीर के आधार पर मारपीट की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और घायलों का मेडिकल कराया जा रहा है।

# नाली विवाद में दबंगों ने लाठी-डंडों लोहे के रॉड से हमला कर कई लोगों को किया घायल

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। रहीमाबाद थाना क्षेत्र में पुरानी नाली के विवाद ने बुधवार शाम हिंसक रूप ले लिया। दबंगों ने एक परिवार पर लाठी-डंडों और लोहे की रॉड से हमला कर कई लोगों को गंभीर रूप से घायल कर दिया। घायलों में दो लोगों के पैर फ्रैक्चर होने की भी सूचना है। पीड़ित पक्ष की तहरीर पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। रहीमाबाद के ग्राम सभा खेड़ा निवासी अमोद पाल के अनुसार, बुधवार शाम वह घर पर मौजूद थे। इसी दौरान गांव के राम प्रसाद उर्फ छोटू ने पुरानी नाली के विवाद को लेकर गाली-गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर आरोपी अपने साथियों अंकित, आयुष उर्फ लक्की और पीयूष उर्फ सनी के साथ लाठी-डंडे और लोहे की रॉड लेकर मौके पर पहुंच गया और हमला बोल दिया। आरोप है कि हमलावरों ने सबसे पहले अमोद के भाई रामकिशन को निशाना बनाया। जान बचाकर भागने के बावजूद आरोपी उनका पीछा करते हुए घर तक पहुंच गए और परिवार के अन्य सदस्यों को भी नहीं बख्शा। हमले में रामसेवक, उनकी पत्नी मनोजा पाल, राम बहादुर, विजयपाल, विनीता (रामकिशन की पत्नी), राम श्री (राजेश पाल की पत्नी) और कामिनी पाल (रामकिशन की पुत्री) को मारपीट कर घायल कर दिया गया। मारपीट में रामकिशन और रामसेवक का पैर फ्रैक्चर हो गया, जबकि राम श्री का हाथ टूट गया। विनीता को भी गंभीर चोटें आई हैं। घटना के बाद पीड़ितों ने पीआरवी पुलिस को सूचना दी। ग्रामीणों के मौके पर जुटने पर आरोपी वहां से फरार हो गए। पीड़ित अमोद पाल का आरोप है कि विपक्षियों ने सुनियोजित तरीके से जान से मारने की नीयत से हमला किया। उन्होंने पुलिस से आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। इस संबंध में रहीमाबाद इंस्पेक्टर अरुण कुमार त्रिगुणायक ने बताया कि तहरीर के आधार पर आरोपियों के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है।

# होली पर हुड़दंग मचाने वाले चार युवक गिरफ्तार



अमन लेखनी समाचार

पीजीआई। होली के त्योहार के दौरान शांति व्यवस्था भंग करने वालों के खिलाफ पीजीआई पुलिस ने सख्त कार्रवाई की है। थाना क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर हुड़दंग मचाकर माहौल खराब करने वाले चार युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। सभी को न्यायालय में पेश किया गया है। पीजीआई इंस्पेक्टर धीरेन्द्र कुमार सिंह के नेतृत्व में क्षेत्र में गश्त के दौरान ऐसे लोगों पर नजर रखी जा रही थी जो त्योहार के दौरान शांति व्यवस्था बिगाड़ने का प्रयास कर रहे थे। इसी क्रम में पुलिस टीम ने अलग-अलग स्थानों से चार युवकों को पकड़ लिया। सभी के खिलाफ धारा 170/ 126/ 135 बीएनएसएस के तहत कार्रवाई करते हुए गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार आरोपियों में मोहारीबाग तेलीबाग निवासी विराग मिश्रा (19) और चिराग मिश्रा (18), सभाखेड़ा निवासी अजय कुमार (23) तथा सेनानी विहार कॉलोनी एकता नगर निवासी कुलदीप पाल (22) शामिल हैं। पुलिस ने बताया कि चारों युवक होली के दौरान क्षेत्र में हुड़दंग कर शांति व्यवस्था भंग कर रहे थे। आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया है।

# तीन दिन में उखड़ गई नई सड़क, ग्रामीणों का हंगामा

**नई बनी सड़क की खुली पोल, तीन दिन में ही गिट्टी उखड़ी**

**घटिया निर्माण का आरोप: सड़क उखड़ी, ग्रामीणों का प्रदर्शन**

**सात किमी सड़क बनी, ग्रामीणों ने किया विरोध**

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। जौरिया से संडीला जाने वाली सड़क के निर्माण के महज तीन दिन बाद ही सड़क की गिट्टी उखड़ने लगी। इससे नाराज ग्रामीणों ने सड़क पर बैठकर नारेबाजी करते हुए जोरदार हंगामा किया। ग्रामीणों ने निर्माण कार्य में घटिया सामग्री इस्तेमाल किए जाने का आरोप लगाते हुए जिलाधिकारी से सड़क का दोबारा निर्माण कराए जाने की मांग की है। बताया गया कि रहीमाबाद गहदो -माल मार्ग से जुड़ने वाली जौरिया से संडीला तक करीब सात किलोमीटर लंबी सड़क पिछले लगभग एक वर्ष से जर्जर हालत में थी। सड़क पर सैकड़ों गड्ढे हो जाने के कारण लोगों का पैदल चलना भी मुश्किल हो गया था। क्षेत्रीय लोगों की मांग के बाद हाल ही में सड़क का निर्माण कार्य शुरू कराया गया, लेकिन निर्माण के कुछ ही दिनों में सड़क की गिट्टी उखड़ने लगी। ग्रामीणों का आरोप है कि सड़क निर्माण में डामर की मात्रा कम और घटिया किस्म की सामग्री का प्रयोग किया गया है। इसी कारण नई बनी सड़क कुछ ही दिनों में खराब होने लगी। इसको लेकर ग्रामीणों में भारी आक्रोश फैल गया और उन्होंने सड़क पर बैठकर विरोध प्रदर्शन किया। ग्रामीणों का कहना है कि इस सड़क से भीमनगर, जौरिया, रुसेना, बेलवार खेड़ा, शाही खेड़ा, झाऊ बेरिया, मुहज्जीपुर और सखई खेड़ा सहित दर्जनों गांवों के सैकड़ों लोग प्रतिदिन आवागमन करते हैं। सड़क की खराब स्थिति से लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। वहीं ठेकेदार का कहना है कि सड़क का निर्माण कार्य अभी जारी है। सिंचाई विभाग की ओर से 2100 मीटर सड़क निर्माण का टेंडर मिला है। सड़क पर कोटिंग का कार्य अभी बाकी है और जहां सड़क उखड़ी है, उसे जल्द ही दुरुस्त करा दिया जाएगा।

# तेलीबाग में होली के दिन चली गोली, युवक घायल, आरोपी तमंचे के साथ गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार

पीजीआई थाना क्षेत्र में होली के दौरान युवक को गोली मारने के मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर गुरुवार को जेल भेज दिया। पुलिस ने आरोपी के पास से एक देशी तमंचा और एक खोखा भी बरामद किया है। राजीव नगर घोसीयाना खरिका तेलीबाग निवासी सुमन वर्मा पत्नी स्व. सर्वजीत वर्मा ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि बीते गुरुवार उनका बेटा अंकित वर्मा (29) अपने साथियों जितेन्द्र यादव और नरेन्द्र त्रिपाठी के साथ होली खेलकर घर लौट रहा था। दोपहर करीब दो बजे ब्राह्मण टोला, खरिका तेलीबाग के पास राजीव नगर निवासी शोभित यादव ने उन्हें रोक लिया। पीड़िता के मुताबिक, करीब एक वर्ष पहले एक शादी समारोह में हुए विवाद को लेकर शोभित यादव उनके बेटे को भद्दी-भद्दी गालियां देने लगा। विरोध



करने पर उसने तमंचे से जान से मारने की नीयत से फायर कर दिया। गोली अंकित के पेट को छूते हुए निकल गई, जिससे वह घायल हो गया। घायल अंकित को इलाज के लिए ट्रामा-02 सेंटर ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उपचार के बाद उसे छुट्टी दे दी। पुलिस ने पीड़ित की मां की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर बुधवार देर शाम आरोपी शोभित यादव को उसके घर से गिरफ्तार कर लिया। उसके पास से एक देशी तमंचा और खोखा बरामद किया गया। गुरुवार को पुलिस ने आरोपी को जेल भेज दिया।

# 'हैप्पी होली' बोलने पर खूनी विवाद, पेंटर की चाकू से गोदकर हत्या

**जीएसटी क्लर्क, उसकी बहन और मां गिरफ्तार; ग्रामीणों ने थाने का घेराव कर किया हंगामा**

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। दुबग्गा थाना क्षेत्र के बेगरिया गांव में बुधवार शाम 'हैप्पी होली' बोलने को लेकर हुए मामूली विवाद ने देखते ही देखते खूनी रूप ले लिया। विवाद के दौरान वाराणसी में जीएसटी विभाग में क्लर्क के पद पर तैनात मोहित तिवारी, उसकी बहन शिवानी और मां ने 22 वर्षीय पेंटर सूरज गौतम पर चाकू से ताबड़तोड़ वार कर उसकी हत्या कर दी। घटना से आक्रोशित ग्रामीणों ने हत्यारोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर दुबग्गा थाने का घेराव कर करीब तीन घंटे तक हंगामा और प्रदर्शन किया। पुलिस द्वारा आरोपियों को गिरफ्तार किए जाने के बाद लोग शांत हुए। मृतक सूरज गौतम के पिता राजेंद्र गौतम पेशे से बढ़ई हैं। राजेंद्र के मुताबिक बुधवार शाम पड़ोसी मोहित तिवारी उनके घर के बाहर टहल रहा था। उसी दौरान गांव का जिशु वहां से गुजरते हुए राजेंद्र और मोहित को ह्यहैप्पी होलीह्न कहकर अभिवादन किया। इस बात पर मोहित नाराज हो गया और जिशु से गाली-गलौज करने लगा। शोर सुनकर मोहित की बहन शिवानी और मां भी मौके पर आ गईं और तीनों मिलकर जिशु को पीटने लगे। राजेंद्र गौतम ने बीच-बचाव करने की कोशिश की तो आरोपियों ने उन पर भी हमला कर दिया। शोर-शराबा सुनकर राजेंद्र का बेटा सूरज वहां पहुंचा और पिता को बचाने की कोशिश की। इसी दौरान शिवानी और उसकी मां ने सूरज को पकड़ लिया और लाठी से हमला कर दिया, जिससे वह जमीन पर गिर पड़ा। इसके बाद मोहित और शिवानी ने चाकू से सूरज पर ताबड़तोड़ कई वार कर दिए। हंगामा बढ़ता देख आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे, लेकिन तब तक आरोपी मौके से फरार हो चुके थे। घायल सूरज को आनन-फानन में अस्पताल ले जाया गया, जहां हालत गंभीर होने पर उसे ट्रॉमा सेंटर रेफर किया गया। ट्रॉमा सेंटर में डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इस संबंध में दुबग्गा इंस्पेक्टर श्रीकांत राय ने बताया कि मामले में हत्या का मुकदमा दर्ज कर आरोपी मोहित तिवारी, उसकी बहन शिवानी और मां को गिरफ्तार कर लिया गया है।

# एलएलबी छात्र को मारी गोली, हालत गंभीर

**पुराने विवाद में रास्ते में रोककर की फायरिंग, एक आरोपी हिरासत में**

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। इंदिरानगर थाना क्षेत्र के सुग्गामऊ इलाके में गुरुवार को एलएलबी के एक छात्र को गोली मार दी गई। गोली चलने से इलाके में अफरातफरी मच गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल छात्र को डॉ. राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान में भर्ती कराया, जहां डॉक्टरों ने उसकी हालत गंभीर बताई है। तकरोही स्थित मायावती कॉलोनी निवासी विकास चौधरी उर्फ विक्की (25) एलएलबी का छात्र है। पुलिस के मुताबिक गुरुवार को विकास किसी काम से मानस ग्रीन के पास जा रहा था। इसी दौरान रास्ते में कुछ युवकों ने उसे रोक लिया। आरोप है कि दोनों पक्षों के बीच कहासुनी होने लगी, जो देखते ही देखते मारपीट में बदल गई। इसी बीच रेहान नामक युवक ने तमंचे से फायर कर दिया। गोली विकास के पैर में जा लगी, जिससे वह मौके पर ही जमीन पर गिर पड़ा। घटना के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए। सूचना मिलते ही इंदिरानगर पुलिस मौके पर पहुंची और घायल को तत्काल डॉ. राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान भेजा, जहां उसका इलाज चल रहा है। पुलिस ने घायल विकास से पूछताछ की तो उसने बताया कि उसका पहले से फैज अली नाम के युवक से विवाद चल रहा था। पुलिस ने मामले में मुख्य आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है।

# पत्नी से विवाद के बाद किसान ने लगाई फांसी

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। माल थाना क्षेत्र के गुलौली गांव में पत्नी से विवाद के बाद एक किसान ने आम के बाग में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस के अनुसार गुलौली गांव निवासी राम प्रकाश (62) खेती-किसानी कर अपने परिवार का भरण-पोषण करते थे। परिजनों ने बताया कि राम प्रकाश को शराब पीने की लत थी, जिसको लेकर अक्सर पत्नी जयश्री से उनका विवाद होता रहता था। बताया गया कि बुधवार को भी राम प्रकाश शराब पीकर घर पहुंचे, जिसे लेकर पत्नी से उनका विवाद हो गया। विवाद के बाद वह घर से निकल गए। इसके बाद घर से कुछ दूरी पर स्थित आम के बाग में उन्होंने गमछे के सहारे फांसी लगाकर जान दे दी। शाम के समय गांव के कुछ लोग शौच के लिए बाग की ओर गए तो राम प्रकाश का शव पेड़ से लटका देखा। इसके बाद ग्रामीणों ने परिजनों को घटना की जानकारी दी। सूचना मिलते ही परिवार के लोग मौके पर पहुंच गए और कोहराम मच गया। इसी दौरान किसी ने पुलिस कंट्रोल रूम को घटना की सूचना दी। सूचना पर माल थाना पुलिस मौके पर पहुंची और परिजनों से पूछताछ करने के बाद शव को फंदे से नीचे उतरवाया। पुलिस ने पंचनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बृहस्पतिवार को पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया।

# पीजीआई इलाके में युवक के साथ 96हजार की ऑनलाइन ठगी

अमन लेखनी समाचार

पीजीआई। पीजीआई थाना क्षेत्र में एक युवक के साथ ऑनलाइन ठगी का मामला सामने आया है। वृन्दावन योजना सेक्टर-2A/270 निवासी प्रशांत कुमार के अनुसार 1 मार्च को उन्होंने गूगल प्ले स्टोर से क्रिकेट मैच देखने के लिए सीडीटीवी नाम का एक ऐप डाउनलोड किया था, जिसे कुछ देर बाद अनइंस्टॉल कर दिया। शाम करीब 7:30 बजे उनके खाते से PhonePe के माध्यम से 96,000 रुपये का ट्रांजैक्शन हो गया। रात में ट्रांजैक्शन चेक करने पर उन्हें ठगी की जानकारी हुई। इसके बाद उन्होंने साइबर क्राइम हेल्पलाइन 1930 पर शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## संक्षेप

### दो बाइकों में आमने-सामने भिड़ंत एक की मौत दूसरा घायल

मौरावां, उन्नाव। थाना क्षेत्र अंतर्गत में मवई-रजवाड़ा मार्ग पर दो बाइकों की आमने-सामने टक्कर हो गई। इस हादसे में एक युवक की मौत हो गई। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और घायल को अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया ।मृतक की पहचान लोहरा मऊ निवासी उम्र 22 वर्ष संदीप कुमार पुत्र स्व. मोहली के रूप में हुई है। बताया गया कि संदीप कुमार रंजीत खेड़ा गांव से अपने घर लोहरा मऊ लौट रहे थे, तभी मवई-रजवाड़ा मार्ग पर उनकी बाइक की दूसरी बाइक से टक्कर हो गई ।हादसे में संदीप गंभीर रूप से घायल हो गए थे। उन्हें तुरंत अस्पताल ले जाया गया, लेकिन उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई। नीरज पुत्र रामनरेश गंभीर रूप से घायल हो गए घायल को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया पुलिस ने मृतक का शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है ।गुरुवार को पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे परिजनों ने बताया कि मृतक संदीप अपने पीछे एक बेटा छोड़ गए हैं। परिवार में तीन भाई थे, जिनमें से दो की पहले ही मौत हो चुकी है। पुलिस आगे की विधिक कार्रवाई कर रही है वहीं परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है क्षेत्रवासी परिजनों के घर पहुंच कर शोक सोमनाथ नया प्रकट कर रहे हैं

### बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया रंगो का पर्व होली

उन्नाव। बताते हैं की होली का पर्व एक ऐतिहासिक घटना को लेकर यादों के बीच मनाया जाता है इसी दिन हिरणाकश्यप की बहन होलिका ने भाई के कहने पर अपने भतीजे भगवान भक्त प्रहलाद को मारने की मंशा से प्रहलाद को लेकर गोदी में अग्नि में प्रवेश किया था लेकिन विधि विधान के आगे किसी की चलती नहीं भगवान ने अपने भक्त की रक्षा के लिए कोई कसर नहीं छोड़ी प्रहलाद की बुआ होलिका अग्नि में जलकर भस्म हो गई और प्रहलाद अग्नि से बाहर निकले इसीलिए त्यौहार को घटना से जोड़कर एक दिन पहले होली जलती है दूसरे दिन रंग खेला जाता है कहीं-कहीं तो यह त्यौहार कई दिनों तक चलता है इस बार चंद्र ग्रहण के चलते होली 2 मार्च की रात को जलाई गई लेकिन रंग 3 मार्च के बजाय 4 तारीख को खेला गया शांतिपूर्वक त्योहार मनाए जाने को लेकर पुलिस पूरे समय चौकन्ना रही।

### शराब बंदी के दौरान बेच रहे युवक को पुलिस ने दबोचा

उन्नाव। माखी थाना क्षेत्र के पावा चौकी प्रभारी दिनेश कुमार सिंह को बुधवार मुखबिर द्वारा सूचना दी गयी कि क्षेत्र के जगेंनगर ऐरा भदियार चौराहे पर बंदी के बाद भी महंगे दामों पर शराब की बिक्री की जा रही है जिस पर चौकी प्रभारी दिनेश सिंह अपने हमराही सिपाहियों के साथ मौके पर पहुचे तो वहां मौजूद लोग भागने लगे जिस पर पुलिस ने दौड़ाकर जगेंनगर निवासी जय सिंह को पकड़ लिया और उसके कब्जे से एक बोरी में 42 पउवा दिवाना बरामद की इस सम्बंध में चौकी प्रभारी दिनेश कुमार सिंह ने बताया कि शराब ठेका के पास कैन्टीन चलाता है और बुधवार बंदी के कारण शराब खरीद कर महंगे दामों में बेच रहा था जिसके खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत मुकद्दमा दर्ज कोर्ट में पेश किया गया।

# कानपुर-लखनऊ रेल ट्रैक पर युवक की दर्दनाक मौत मचा हड़कंप

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। दही थाना क्षेत्र में उस वक्त सनसनी फैल गई जब कानपुर-लखनऊ रेलवे ट्रैक पर एक अज्ञात युवक की ट्रेन से कटकर दर्दनाक मौत हो गई। हादसा आज सुबह 7:00 बजे करीब उस समय हुआ जब ट्रेन संख्या 04054 एक्सप्रेस पोल संख्या 43/18 और 43/20 के बीच से गुजर रही थी। घटना स्थल गांव अलगड़ खेड़ा और बिचपरी गांव के बीच का बताया जा रहा है ।प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक ट्रेन गुजरने के बाद ट्रैक पर युवक का शव पड़ा मिला, जिससे इलाके में अफरा-तफरी मच गई। सूचना मिलते ही रेलवे पुलिस और दही थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरते हुए पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया है। फिलहाल मृतक की शिनाख्त नहीं हो सकी है। युवक की उम्र लगभग 20 से 25 वर्ष के बीच बताई जा रही है ।मृतक की पहचान के लिए पुलिस ने विशेष टीम गठित कर दी है। आसपास के गांवों में पूछताछ की जा रही है और गुमशुदगी के मामलों को भी खंगाला जा रहा है। पुलिस यह भी जांच कर रही है कि मामला आत्महत्या का है या दुर्घटना। घटना के बाद क्षेत्र में मातम का माहौल है। पुलिस ने लोगों से अपील की है कि यदि किसी को युवक के बारे में कोई जानकारी हो तो तुरंत दही थाना या नजदीकी पुलिस स्टेशन से संपर्क करें।

## नहर में उतराता मिला अज्ञात महिला का शव

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। अजगैन क्षेत्र के मुड़ेरा गांव की नहर में बुधवार शाम को एक महिला का शव ग्रामीणों ने उतराता हुआ देख पुलिस को सूचना दी पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये भेजा ।शव की शिनाख्त नही हो सकी

अजगैन क्षेत्र के मुड़ेरा गांव के बाहर बहने वाली नहर में एक महिला का शव बुधवार की शाम को गांव के लोगो ने देखा महिला लाल रंग का कुर्ता औ? लाल रंग का सलवार पहने थी ।शव कई दिन पुराना लग रहा है शव के नहर में कही बहकर आने की अटकले लगाई जा रही है ।गांव के लोगो ने इसकी सूचना पुलिस को दी पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिये भेजा ।कोतवाली प्रभारी सुरेश सिंह ने बताया की गांव में शव कही बहकर आया है शिनाख्त नही हुई है शव को पोस्टमार्टम के लिये भेजा गया है ।

# दो पक्षों में हुई जमकर मारपीट, तीन घायल, एक की हालत गंभीर

अमन लेखनी समाचार



मौरावां, उन्नाव। थाना क्षेत्र के ग्राम वालिया में कुछ दिनों से जमीनी विवाद को लेकर आज दो पक्षों में हुई मारपीट में तीन लोग घायल हो गए। इस दौरान एक युवक पर कुल्हाड़ी से हमला किया गया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है ।वालिया गांव निवासी धर्मेंद्र सिंह, महेंद्र और विक्रम पर गांव के ही कुछ लोगों ने हमला कर दिया। परिजनों का आरोप है कि दोनों पक्षों के बीच पहले से जमीन का विवाद चल रहा था। गुरुवार को बिना किसी नई कहासुनी के आरोपियों ने हमला किया ।हमलावरों ने लाठी-डंडों से मारपीट शुरू कर दी। इसी दौरान धर्मेंद्र सिंह के सिर पर कुल्हाड़ी से वार किया गया, जिससे उनकी हालत गंभीर है। महेंद्र और विक्रम को भी चोटें आई हैं। मौके पर मौजूद लोगों के बीच-बचाव के बाद हमलावर फरार हो गए ।स्थानीय लोगों ने घायलों को तुरंत उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया। अस्पताल में धर्मेंद्र सिंह की हालत गंभीर बनी हुई है। सूचना मिलने पर मौरावां थाना पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू की।

पीड़ित पक्ष ने गांव के ही लोगों पर हमले का आरोप लगाया है। पुलिस ने बताया कि तहरीर के आधार पर आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें दोनों पक्षों के बीच मारपीट साफ दिख रही है। मौरावां थाना प्रभारी निरीक्षक कुंवर बहादुर सिंह ने बताया कि वायरल वीडियो की भी पुष्टि की जा रही है, ताकि घटना में शामिल सभी लोगों की शिनाख्त कर उनके खिलाफ सख़्त से सख्त विधिक कार्यवाही की जा सके।

## घरेलू कलह के चलते युवक ने फांसी लगाकर की आत्म हत्या

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। पारिवारिक कलह से तंग आकर युवक ने बुधवार शाम घर के कमरे में फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना से परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। अजगैन कोतवाली क्षेत्र के खड़ेहरा गांव निवासी विकास रैदास (26) पुत्र रामदयाल बुधवार करीब शाम चार बजे घर के अंदर अपने कमरे में साड़ी के फंदे से लटककर जान दे दी। काफी देर तक कमरे का दरवाजा बंद रहने पर पत्नी को शक हुआ। उसने जानकारी ससुर को दी इसके बाद परिजन और ग्रामीण कमरे का दरवाजा खोलकर देखा तो विकास का शव फंदे से लटक रहा था ।आनन-फानन में परिजनों ने शव को नीचे उतारा और 108 एम्बुलेंस की मदद से उसे सीएचसी नवाबगंज ले गए, जहां चिकित्सक ने उसे मृत बताया। मृतक चार भाइयों में सबसे छोटा था। उसकी मौत से भाई अरविंद, धर्मेश, कंचन सहित माता बिलासा का रो-रोकर बुरा हाल है। फिलहाल परिजन आत्महत्या के स्पष्ट कारण नहीं बता पा रहे हैं।

वहीं ग्रामीणों में चर्चा है कि मृतक करीब तीन महीने पहले एक महिला से शादी कर उसे घर ले आया था, जिसका परिजन विरोध कर रहे थे। इसी बात को लेकर घर में अक्सर विवाद होता था। आशंका जताई जा रही है कि पारिवारिक कलह के चलते युवक ने यह कदम उठाया है। अजगैन निरीक्षक सुरेश सिंह ने बताया कि घरेलू कलह के कारण युवक ने फांसी लगाई है शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

## रंजिश को लेकर दो पक्षों में चले जमकर लाठी डंडे

अमन लेखनी समाचार



मौरावां, उन्नाव। थाना क्षेत्र के अंतर्गत टोपरा गांव में पुरानी रंजिश के चलते दो पक्षों के बीच मारपीट का मामला सामने आया है। मारपीट की किसी व्यक्ति द्वारा घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद पुलिस हरकत में आई और मौके पर पहुंचकर स्थिति को संभाला। पुलिस फिलहाल मामले की जांच कर रही है और आवश्यक विधिक कार्रवाई में जुटी है।

जानकारी के अनुसार, टोपरा निवासी गिरजा शंकर, जो वर्तमान ग्राम प्रधान के रिश्तेदार बताए जा रहे हैं, अपनी किराना दुकान से सामान लेकर लौट रहे थे। इसी दौरान रास्ते में उनका सामना गांव के राजेश कुशवाहा से हो गया ।राजेश ने ग्राम प्रधान द्वारा कॉलोनी न मिलने को लेकर गिरजा शंकर से नाराजगी जताई, जिसके बाद दोनों के बीच कहासुनी शुरू हो गई ।देखते ही देखते यह विवाद इतना बढ़ गया और दोनों पक्षों के बीच गाली-गलौज के साथ मारपीट होने लगी। मारपीट के दौरान आसपास के लोग१ मौके पर जमा हो गए। इसी बीच, किसी व्यक्ति ने घटना का वीडियो बना लिया और उसे सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। वीडियो वायरल होने के बाद ही पुलिस को मामले की जानकारी मिली ।सूचना मिलते ही डायल 112 की टीम और मौरावां थाना पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची। पुलिस ने दोनों पक्षों को समझाकर शांत कराया और गांव में शांति व्यवस्था बहाल की। पुलिस ने ग्रामीणों को शांति बनाए रखने की हिदायत भी दी। पुलिस के अनुसार, गांव में अब शांति है और किसी प्रकार का तनाव नहीं है ।मौरावां थाना पुलिस ने बताया कि दोनों पक्षों से पूछताछ कर घटना के संबंध में जानकारी जुटाई जा रही है। मामले की जांच जारी है और घटना में शामिल लोगों के खिलाफ आवश्यक विधिक कार्रवाई की जाएगी।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत

अमन लेखनी समाचार

औरास, उन्नाव। बाइक से घर वापस आ रहा युवक अज्ञात वाहन की टक्कर से मार्ग दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गया ।इलाज के लिए अस्पताल ले जाते समय रास्ते में युवक की मौत हो गई ।सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। औरास थाना क्षेत्र के उमराय खेड़ा मजरा विसवल निवासी सतीश 38वर्ष पुत्र मंगू मंगलवार देर रात अपने गांव से सटे बॉर्डर हरदोई जनपद के कासिमपुर थाना क्षेत्र के माडर गांव से अपने घर वापस आ रहा था। माडर के पास ही किसी अज्ञात वाहन ने उसकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी ।हादसे में सतीश गंभीर रूप घायल हो गया ।सूचना पर पहुंचे परिजन युवक को इलाज के लिए अस्पताल लिए जा रहे थे कि रास्ते में ही उसकी मौत हो गई ।मौत की खबर घर पहुंचे ही परिजनों में कोहराम मच गया ।सूचना पर पहुंची औरास पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया।




# हर्षोल्लास और आपसी सौहार्द के साथ संपन्न हुआ रंगों का महापर्व होली

अमन लेखनी समाचार



बांगरमऊ, उन्नाव। नगर व क्षेत्रीय इलाकों में रंगों का महापर्व होली अत्यंत हर्षोल्लास, उमंग और आपसी भाईचारे के साथ मनाया गया। फागुन की मस्ती में सराबोर युवाओं, बच्चों और बुजुर्गों ने एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं। सुबह से ही शुरू हुआ रंगों का सिलसिला देर शाम तक जारी रहा, जिसमें ऊंच-नीच और गिले-शिकवे भूलकर हर कोई रंगीन नजर आया।

नगर के मुख्य मार्गों से लेकर मोहल्लों की गलियों तक 'होली है' के जयकारों की गूंज सुनाई दी। टोली बनाकर निकले युवाओं ने ढोल-नगाड़ों की थाप पर जमकर नृत्य किया। जगह-जगह स्थापित होलिका दहन स्थलों पर लोगों ने पूजा-अर्चना की और नई फसल की बालियां भूनकर प्रसाद स्वरूप ग्रहण किया। इसके पश्चात रंग खेलने का दौर शुरू हुआ, जो दोपहर तक चरम पर रहा। बांगरमऊ क्षेत्र के ग्रामीण इलाकों में भी पारंपरिक तरीके से होली मनाई गई। गांवों में फाग गायन की महफिलें सजीं, जहां ढोलक और मजीरों की जुगलबंदी ने ग्रामीण परिवेश को जीवंत कर दिया। बुजुर्गों ने युवाओं को आशीर्वाद दिया, तो वहीं महिलाओं ने घरों में विशेष पकवान जैसे गुझिया, पापड़ और चिप्स बनाकर मेहमानों का स्वागत किया। ?शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए स्थानीय पुलिस प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद दिखा। कोतवाली प्रभारी के नेतृत्व में पुलिस बल ने नगर के संवेदनशील चौराहों और मुख्य मार्गों पर लगातार गश्त की। उपद्रवियों पर नजर रखने के लिए पुलिस की टीमें सक्रिय रहीं, जिसके चलते पूरा पर्व शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुआ। प्रशासन ने लोगों से सौहार्दपूर्ण तरीके से त्योहार मनाने की अपील की थी, जिसका व्यापक असर देखने को मिला। ?बांगरमऊ की गंगा-जमुनी तहजीब एक बार फिर देखने को मिली, जहां विभिन्न समुदायों के लोगों ने एक-दूसरे के घर जाकर गले मिले और मिठाइयां खिलाकर बधाई दी।

## मार्ग दुर्घटना में मृतक अज्ञात शव की परिजनो ने की शिनाख्त

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। दही थाना क्षेत्र में मंगलवार सुबह साढ़े पांच बजे लखनऊ कानपुर हाईवे के पंडित दीनदयाल उपाध्याय स्टेडियम के पास अज्ञात युवक को किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी थी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया था सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल युवक को एंबुलेंस से जिला अस्पताल में भर्ती कराया था। जहां पर उपचार के दौरान डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया था। पुलिस शिनाख्त न होने के कारण शव को मोर्चरी में रखवा दिया था। बुधवार को उसकी पहचान बिहार थाना क्षेत्र के कुंदनपुर के रहने वाले ललऊ गौतम का (45) वर्षीय पुत्र उदयराज के रूप में हुई। परिजनों के अनुसार मृतक उदयराज 9 दिन पहले उन्नाव मे अपनी बहन निशा के घर जाने की बात कह कर निकाला था। मगर वह नहीं पहुंचा। लखनऊ बाईपास स्थित एक मंदिर में रहने लगा। हादसे में उसकी मौत हो गई। बहन निशा के पड़ोस मे रहने वाले व्यक्ति ने बताया कि तुम्हारे भाई का एक्सीडेंट में मौत हो गई है। जिसके बाद परिजन पोस्टमार्टम हाउस पहुंचकर शिनाख्त की। भतीजे अंकित ने बताया कि वह मानसिक रूप से बीमार थे। पुलिस ने विधि कार्रवाई करते हुए पोस्टमार्टम कराया। उदयराज की मौत से आहत मां ईश्वरीदेई भाई नरेंद्र गोविंद रविंद्र सहित परिजनो का रो रो कर बुरा हाल हो रहा है।

## माता रानी का भव्य शृंगार हवन व भंडारा का किया गया आयोजन



अमन लेखनी समाचार

फतेहपुर चौरासी, उन्नाव। स्थानीय क्षेत्र के एक कस्बे में विगत वर्षो की भांति होली की द्विज तिथि को माता शीतला देवी का भव्य श्रंगार व हवन तथा भंडारा का आयोजन किया गया जिसमें नगर तथा क्षेत्र के सैकडो लोगों ने माता रानी का दर्शन कर प्रसाद ग्रहण किया फतेहपुर चौरासी क्षेत्र के कस्बा ऊगू मोहल्ला गढी स्थिति माता शीतला देवी मंदिर पर विगत वर्षो की भांति इस वर्ष भी भव्य श्रंगार व हवन पूजन अनिल शुक्ला द्वारा आयोजन किया गया जिसमे अभय मिश्रा ने माता रानी के प्रांगण मे विशाल भंडारे का आयोजन कराया जिसमें नगर तथा क्षेत्र से आये सैकड़ो लोगों ने मां शीतला के दर्शन कर प्रसाद ग्रहण किया इस मौके पर प्रदीप शुक्ला, विवेक तिवारी ,विष्णु कांत मिश्रा, बंसत दीक्षित ,उत्कर्ष शुक्ला शिवम शुक्ला ,मनोज अग्निहोत्री, सुनील अग्निहोत्री आदि लोग उपस्थित रहे ।

# जुए की सूचना पर पहुंची पुलिस के साथ युवकों ने की मारपीट व चलाए ईट पत्थर

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। अचलगंज थाना क्षेत्र के हड़हा गांव में होली के दिन हो रहे जुये को पकड़ने पहुंची पुलिस टीम द्वारा एक युवक को पीट देने से विवाद हो गया। उग्र एक बिरादरी के लोगों द्वारा पुलिस के साथ मारपीट करते हुए जमकर ईंट पत्थर चलाए और सरकारी जीप को तोड़ कर एक खंती में धकेल दिया ।पथराव में क्षेत्राधिकारी मधुप नाथ मिश्रा और थाना प्रभारी अचलगंज की गाड़ी क्षतिग्रस्त होने के साथ कई पुलिसकर्मी घायल हुए है।

बुधवार शाम हड़हा गांव में जुआ होने की सूचना पर हल्के का एक विवादित सिपाही अमर जीत तेवतिया दो अन्य सिपाहियों के साथ अपनी निजी कार से मौके पर पहुंचा था जहां पर पुलिस को आया देख जुआड़ी तो भाग निकले ।एक युवक अंकित सोनकर पुत्र रामप्रसाद बाइक समेत मौके पर मिला ।जिससे पुलिस का विवाद हो गया ।आरोप है कि उक्त सिपाही ने उसे थप्पड़ मार अपनी गाड़ी में डाल लिया ।जिसकी सूचना उसके परिजनो को मिली तो वह भाग कर मौके पर पहुंचे और पुलिस से भिड़ गए। भीड़ ने अंकित को जबरन छुड़ा लिया ।बवाल बढ़ता देख तीनों पुलिस कर्मी कार समेत भागने में सफल रहे। घटना से उग्र लोग सड़क पर पहुंच गए और हड़हा बलाई मार्ग जाम कर दिया ।सूचना पर पहुंचे सी ओ मधुप नाथ मिश्र,इंस्पेक्टर बृजेश शुक्ल ने समझाने का प्रयास किया लेकिन वह उक्त विवादित सिपाही को मौके पर बुलाने पर अड़े रहे। बवाल बढ़ता देख पुलिस ने हल्का बल प्रयोग किया तो दूसरी ओर से ईंट पत्थर चलने लगे। पुलिस ने भाग कर जान बचाई ।दो पुलिस कर्मियों को घसीट ले गए उनके साथ अभद्रता मारपीट की गई ।पुलिस के सरकारी वाहन को तोड़ फोड़ कर सड़क किनारे खंती में धकेल दिया गया ।देर रात सूचना दही, बीघापुर, समेत कई थानों की पुलिस मौके पर पहुंची।

सीओ मधुपनाथ मिश्र के अनुसार फिलहाल स्थिति नियंत्रण में बताई जा रही है। गांव में अतिरिक्त पुलिस बल तैनात है। पुलिस का कहना है कि उपद्रवियों के खिलाफ सख्त कार्यवाही की जा रही है। एसएचओ बृजेश शुक्ल ने बताया 10 महिला पुरुष नामित 15 अज्ञात के विरुद्ध मारपीट, बलवा, सरकारी कार्य में बाधा डालने का मुकदमा दर्ज किया गया है।

## नगर की विभिन्न मस्जिदों में तरावीह की नमाज में कुरआन पाक मुकम्मल होने का सिलसिला जारी

अमन लेखनी समाचार

बांगरमऊ, उन्नाव। मुकद्दस रमजान में नगर की विभिन्न मस्जिदों में तरावीह की नमाज मे कुरान पाक मुकम्मल होने का सिलसिला जारी है। 14वें रमजान को कई मस्जिदों में कुरान पाक का पहला दौर मुकम्मल हुआ।

नगर के मोहल्ला दरगाह स्थित जामा मस्जिद में नायब शहर काजी हाफिज फिरोज खान ने कुरान पाक का पहला दौर मुकम्मल किया। यहां पर मोहम्मद खालिद, कुर्बान अली, मोअज्जम, अर्सलान खान, फरमान खान व फरहान सिद्दीकी सहित सैकड़ो लोग मौजूद रहे। मोहल्ला घूरे टोला स्थित नई मस्जिद में हाफिज जैद खान ने तरावीह में कुरान पाक पूरा किया। यहां पर तौफीक खान, हाफिज अकील, हाफिज शकील व सादिक अली आदि सहित तमाम लोग मौजूद रहे। बाईपास वाली मस्जिद में सबसे कम उम्र के 15 वर्षीय हाफिज साजिद ने तरावीह में कुरान मुकम्मल किया। यहां पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष इजहार खान गुड्डू, शब्बू खान, मोहम्मद नफीस, मोहम्मद रईस, मोहम्मद हसीब, हाफिज मोहम्मद हसीन, शानू खान, गुलजार, मोहम्मद रऊफ, मोहम्मद कलीम, मोहम्मद रशीद, हाफिज मोहम्मद सुफियान व अर्सलान खान आदि मौजूद रहे। इसके अलावा मोहल्ला सैयदवाड़ा स्थित दरगाह यासीनिया वाली मस्जिद में हाफिज जीशान और हाफिज फरहान ने भी तरावीह की नमाज में कुरान पाक का पहला दौर मुकम्मल किया। इस अवसर पर जामा मस्जिद के इमाम व खतीब नायब शहर काजी हाफिज फिरोज खान ने तरावीह की नमाज की फजीलत बयान करते हुए कहा कि तरावीह पढना सुन्नत मुअक्कदा है। इस नमाज को जरूर पढना चाहिए। उन्होंने कहा कि रमजान का महीना इबादत, सब्र और रहमत का महीना है। उन्होंने लोगों से ज्यादा से ज्यादा इबादत करने, कुरान की तिलावत करने और जरूरतमंदों की मदद करने की अपील की। तरावीह के बाद मुल्क में अमन-चैन और खुशहाली के लिए दुआ मांगी गई।

## सामूहिक रोजा इफ्तार का किया गया भव्य आयोजन


अमन लेखनी समाचार




बांगरमऊ, उन्नाव। नगर के मोहल्ला सैयद वाड़ा स्थित दरगाह यासीनिया में पीरजादा सैयद मोहम्मद गयासुद्दीन उर्फ गौसी मियां की ओर से सामूहिक रोजा इफ्तार का भव्य आयोजन किया गया। इफ्तार से पूर्व गौसी मियां ने रोजा इफ्तार की फजीलत पर बयान करते हुए कहा कि रोजा सब्र, सहनशीलता और इंसानियत का पैगाम देता है। उन्होंने कहा कि इफ्तार के वक्त की दुआ खास कबूल होती है। इसलिए इफ्तार से पहले हमें अपने साथ-साथ पूरे मुल्क की खुशहाली के लिए दुआ करनी चाहिए। निर्धारित समय पर अजान के साथ रोजेदारों ने खजूर और पानी से रोजा इफ्तार किया। इसके बाद सभी ने दरगाह परिसर में मगरिब की नमाज अदा की। नमाज के उपरांत देश में अमन-चैन, आपसी भाईचारे और तरक्की के लिए सामूहिक दुआ की गई। कार्यक्रम में डॉक्टर सैयद अजहरुद्दीन, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष इजहार खान गुड्डू, डॉक्टर जाकिर, मौलाना जीशान, कारी व मौलाना अब्दुल मुबीन, अनवर कुरैशी, कारी अजमत अली, मौलाना गुलाम नबी सैफी, फरीद खान व हाफिज फरहान, अजीजुर्रहमान आदिल सहित सैकड़ों की संख्या में रोजेदार मौजूद रहे। इसी क्रम में नगर के मोहल्ला हटिया स्थित अपने निजी आवास पर डॉक्टर फरजाना ने भी सामूहिक रोजा इफ्तार का आयोजन किया। रोजा इफ्तार में एहराज खान बब्लू, डॉक्टर शादाब अंसारी, सोहेल अंसारी, तारिक अंसारी, मोहसिन जमा खान, सिराज सभासद व फरीद खान आदि सहित सैकड़ो लोग मौजूद रहे।

**सन् 2021 में अफगानिस्तान में तालिबान संगठन के सत्तानशीन हो जाने के तत्पश्चात पाकिस्तान और अफगानिस्तान के मध्य सबसे गंभीर और खतरनाक सैन्य संघर्ष प्रारंभ हो गया है। नौबत यहां तक आ पहुंची है कि पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने ऐलान किया है कि अफगान तालिबान के खिलाफ सैन्य युद्ध जारी रखा जाएगा। वहीं, इस युद्ध में दोनों ओर से सैकड़ों लोगों के मारे जाने की भी खबरें हैं। इस विवाद की मुख्य जड़ पाकिस्तान और अफगानिस्तान को विभाजित करने वाली तकरीबन दो हजार किलोमीटर लंबी डूरंड लाइन को माना जा रहा है। इसके अलावा, तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान यानी टीटीपी की पाकिस्तान में बढ़ती गतिविधियां भी जिम्मेदार हैं, जिसके अफगानिस्तान की सत्ता पर काबिज तालिबान से गहरे संबंध हैं। पाकिस्तान कई वर्षों से अफगानिस्तान की तालिबान सरकार से प्रतिबंधित टीटीपी के खिलाफ कार्रवाई की मांग कर रहा है। तालिबानी नेताओं के भारत के प्रति नरम रुख से भी पाकिस्तान नाखुश है। इसको लेकर दोनों पक्षों में तनाव एक बार फिर बेहद बढ़ गया है। भारत यद्यपि इस युद्ध में कहीं नहीं है, मगर ऐसे युद्ध में जागरूकता समय की मांग है। कुल मिलाकर दक्षिण एशिया की शांति के लिए पाक-अफगानिस्तान संघर्ष का बढ़ना किसी भी दृष्टि से उचित नहीं है। इसी का विश्लेषण करता *आजकल* का यह खास अंक...**

# क्या युद्ध का आगाज है पाक वर्सेज अफगान



विश्लेषण

प्रभात कुमार राय

विदेशी मामलों के जानकार



सन् 2021 में अफगानिस्तान में फिर से तालिबान तंजीम के सत्तानशीन हो जाने के तत्पश्चात पाकिस्तान और अफगानिस्तान के मध्य सबसे गंभीर और खतरनाक सैन्य संघर्ष प्रारंभ हो गया है। दोनों मुल्कों के मध्य परस्पर ताल्लुकात के निरंतर बिगड़ते चले जाने की पृष्ठभूमि में सबसे बड़ी वजह रही है कि पाकिस्तान हुकूमत द्वारा तालिबान हुकूमत पर तहरीक ए तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) के मिलिटेंट्स को पनाह प्रदान करने, उनको संरक्षण और सैन्य इमदाद फराहम करने का संगीन इल्जाम आयद करता रहा है। उल्लेखनीय है कि टीटीपी द्वारा पाकिस्तान के अनेक सैन्य और नागरिक इलाकों पर घातक आक्रमण अंजाम दिए जाते रहे हैं। इतिहास की तल्ख विडंबना देखिए कि हुकूमत ए पाकिस्तान की फौज द्वारा ही अफगान तालिबान तंजीम को अफगानिस्तान की राजसत्ता पर 1996 में आसीन कराया गया था। विगत अनेक दशकों के दौरान हुकूमत ए पाकिस्तान अफ़गान तालिबान को प्रबल समर्थन प्रदान करना अपने राष्ट्रीय हित का मामला मानती रही।

**दोनों मुल्कों के मध्य परस्पर ताल्लुकात के निरंतर बिगड़ते चले जाने की पृष्ठभूमि में सबसे बड़ी वजह रही है कि पाकिस्तान हुकूमत द्वारा तालिबान हुकूमत पर तहरीक ए तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) के मिलिटेंट्स को पनाह प्रदान करने, उनको संरक्षण और सैन्य इमदाद फराहम करने का संगीन इल्जाम आयद करता रहा है। इतिहास की तल्ख विडंबना देखिए कि हुकूमत ए पाकिस्तान की फौज द्वारा ही अफगान तालिबान तंजीम को अफगानिस्तान की राजसत्ता पर 1996 में आसीन कराया गया था।**

## सैन्य युद्ध जारी रखने का ऐलान

अब तो नौबत यहां तक आ पहुंची है कि पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने ऐलान किया है कि अफगान तालिबान के खिलाफ सैन्य युद्ध जारी रखा जाएगा। आसिफ ने इल्जाम आयद किया है कि अफगानिस्तान की सरजमीं से पाकिस्तान के खिलाफ आक्रमणकारी साजिशें परवान चढ़ती रही हैं और पाकिस्तान पर घातक आक्रमण अंजाम दिए जाते रहे हैं। तालिबान हुकूमत के सैन्य प्रवक्ता ने फरमाया है कि जब कभी हम पर पाकिस्तान द्वारा सैन्य हमला अंजाम दिया जाएगा तो फिर हम समुचित सैन्य प्रतिउत्तर प्रदान करेंगे, लेकिन हम कभी पाकिस्तान के विरुद्ध सैन्य संघर्ष प्रारंभ नहीं करेंगे। यक्ष प्रश्न है कि यदि अफगानिस्तान और पाकिस्तान के मध्य एक लंबी और फुल स्केल जंग शुरू हो जाती है तो फिर इसका क्या परिणाम मुमकिन हो सकता है। यह संभव है कि अफगान विरुद्ध पाक जंग के परिणाम स्वरूप गंभीर क्षेत्रीय अस्थिरता उत्पन्न हो सकती है। भारत के लिए अफगान विरुद्ध पाक जंग का एक सकारात्मक परिणाम भी हो सकता है कि पाक हुकूमत भारत की ओर से अपना रुख मोड़ लेने पर मजबूर हो सकती है।

## कूटनीतिक बातचीत शुरू

अनेक विवेचकों का विचार है कि पाकिस्तान और अफगानिस्तान के मध्य किसी बड़े युद्ध की संभावना फिलहाल नहीं प्रतीत हो रही है। विगत अनेक वर्षों से जब से तालिबान अफगानिस्तान में सत्तानशीन हुए हैं, तभी से यह सिलसिला निरंतर चलता रहा है कि पाकिस्तान फौज अफगानिस्तान पर हमला अंजाम देती है और फिर तालिबान जवाबी कार्रवाई करते हैं, सीमा पर तनाव उत्पन्न होता है और कूटनीतिक बातचीत शुरू हो जाती है। अफगानिस्तान के हालात को देखते हुए यह मुमकिन नहीं है कि तालिबान हुकूमत वस्तुतः पाकिस्तान के विरुद्ध किसी बड़ी जंग का आगाज करेगी, क्योंकि इसके लिए सैन्य क्षमताओं, हवाई संसाधनों, सप्लाई चैन और प्रशिक्षित सैनिकों की बड़ी दरकार होती है। अफगान तालिबान यकीनन पाकिस्तान फौज के प्रत्येक आक्रमण का समुचित उत्तर अवश्य ही देंगे, क्योंकि यह उनकी संप्रभुता और राष्ट्रीय आत्म सम्मान का बुनियादी प्रश्न है। वस्तुतः कूटनीतिक तौर पर हुकूमत ए पाकिस्तान द्वारा तालिबान हुकूमत को टीटीपी के विरुद्ध निर्णायक कार्रवाई अंजाम देने के लिए बातचीत के तमाम तरीके अख्तियार किए जा चुके हैं।

## डूरंड लाइन स्वीकार नहीं

अभी तक तालिबान हुकूमत टीटीपी के विरुद्ध कोई भी निर्णायक कार्रवाई के लिए कदाचित तैयार नहीं हुई है। इसके पीछे एक विशिष्ट कारण रहा है कि तालिबान हुकूमत सोचती है कि अगर टीटीपी विरुद्ध फैसलाकुन कार्रवाई की जाएगी तो फिर टीटीपी के लड़ाके अंतरराष्ट्रीय दहशतगर्द तंजीम इस्लामिक स्टेट की तरफ जा सकते हैं, जो कि तालिबान की सबसे बड़ी दुश्मन तंजीम है। टीटीपी वस्तुतः एक खुदमुख्तार और आजाद पख्तूनिस्तान के लिए विगत अनेक विगत दशकों से पाक हुकूमत के विरुद्ध संघर्षरत रही है। अफ़गान वस्तुतः पाकिस्तान और अफगानिस्तान को विभाजित करने वाली तकरीबन दो हजार किलोमीटर लंबी डूरंड लाइन को कदाचित स्वीकार नहीं करते हैं। डूरंड लाइन को अफ़गानों को विभाजित और कमजोर करने वाली ब्रिटिश साम्राज्यवादी साजिश की कुटिल कूटनीतिक लाइन करार देते रहे हैं। डूरंड लाइन के दोनों तरफ पख्तूनों की बड़ी आबादी विद्यमान है। पाकिस्तान के उत्तरी क्षेत्र के सरहदी इलाकों में बसे हुए पख्तूनों और बलोचों द्वारा पाकिस्तान से मुकम्मल आजादी हासिल करने के लिए एक दीर्घकालीन गोरिल्ला युद्ध निरंतर जारी रहा है। इसी इलाके में टीटीपी का भी उदय हुआ था, जो कि तहरीक ए तालिबान अफगानिस्तान से प्रबल तौर पर प्रेरित रही है और गहन तौर से संबंधित भी रही है। अफगानिस्तान में सत्तानशीं तहरीक ए तालिबान अफगानिस्तान पख्तूनों के प्रभुत्व वाली तंजीम है। यही कारण है कि अफगानिस्तान हुकूमत आजकल पाकिस्तान के लिए भयंकर सरदर्द बनी हुई है। विगत वर्ष अक्टूबर महीने में जब अफगानिस्तान में तालिबान हुकूमत के विदेश मंत्री आमिर खान मुक्तकी भारत यात्रा पर पधारे थे, उस वक्त भी अफगानिस्तान और पाकिस्तान के मध्य एक सैन्य संघर्ष हुआ था। अक्टूबर के सैन्य संघर्ष में भी एक-दूसरे को काफी नुकसान पहुंचाने की बात कही गई थी। पाकिस्तान ने बड़ी संख्या में अफगान शरणार्थियों को वापस भेज दिया था।

## भारत के लिए अफगान अहम

अफगानिस्तान में तालिबान हुकूमत से पहले भारत और अफगानिस्तान के मध्य अत्यधिक प्रगाढ़ संबंध रहे। दरअसल कूटनीतिक और रणनीतिक तौर से भी भारत के लिए अफगानिस्तान सदैव से महत्वपूर्ण मुल्क रहा है। पाकिस्तान के साथ भारत के संबंध 1947 से ही निरंतर तनावपूर्ण बने रहे हैं। 2021 से जब से अफगानिस्तान में तालिबान हुकूमत कायम हुई है, तभी से पाकिस्तान को संतुलित करने के लिए भारत तालिबान हुकूमत से कूटनीतिक बातचीत को सकारात्मक तरीके से निरंतर आगे बढ़ाता रहा है। तहरीक ए तालिबान पाकिस्तान की छापामार दहशतगर्दों की कार्यवाहियां दरअसल पाकिस्तान के आंतरिक व्यवस्था की कमजोरी को दुनिया के सामने पेश करती है। इनका बेबोनी आज इल्जाम पाकिस्तान का गृह मंत्रालय और रक्षा मंत्रालय भारत सरकार पर आयद करता रहा है।

# अफगानी तालिबान की शह पर चल रहा टीटीपी



तनाव

उमेश चतुर्वेदी

वरिष्ठ पत्रकार

पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बीच जारी मौजूदा सैन्य संघर्ष की वजह तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान यानी टीटीपी की पाकिस्तान में बढ़ती गतिविधियां हैं, जिसके अफगानिस्तान की सत्ता पर काबिज तालिबान से गहरे संबंध हैं। अफगानी तालिबान ने पाकिस्तान पर भी अफगानी तर्ज पर इस्लामी शासन स्थापित करने का सपना देखा है। इस सपने को हाल ही में तहरीक ए तालिबान पाकिस्तान यानी टीटीपी ने देखा और उसकी घोषणा भी की है, जिसे अफगानी तालिबान का गहरा समर्थन है। मौजूदा अफगान-पाक संघर्ष की बड़ी वजह यही है। पाकिस्तान का आरोप है कि तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान उसके यहां आतंकी कार्रवाइयों को अंजाम देता है। इसी आरोप में पाकिस्तान ने 21 से 26 फरवरी के बीच अफगानिस्तान के काबुल, कंधार, पक्तिका और खोस्त जैसे प्रमुख शहरों में हवाई हमले किए। हालांकि तब पाकिस्तान का दावा था कि उसने टीटीपी के ठिकानों को निशाना बनाया है, जबकि अफगानी तालिबान का कहना है कि पाकिस्तान ने उसकी संप्रभुता का उल्लंघन किया है। इसके बाद अफगानी तालिबान की ओर से भी पाकिस्तानी इलाकों को निशाना बनाया जा रहा है। अफगानी तालिबान का दावा है कि उसने पाकिस्तान की राजधानी इस्लामाबाद को भी निशाना बनाया है। जहां तक टीटीपी और अफगानी तालिबान के रिश्ते की बात है तो दोनों समूह एक ही विचारधारा और कट्टरपंथी इस्लामी कानूनों का न सिर्फ पालन करते हैं, बल्कि अपने प्रभाव वाले इलाकों में उसे ही लागू करते हैं। टीटीपी के लड़ाके संगठन में शामिल होने के बाद अफगानी तालिबान के सर्वोच्च नेता के ही प्रति निष्ठा की शपथ लेते हैं। संयुक्त राष्ट्र की एक रिपोर्ट के अनुसार, अफगानिस्तान में करीब साढ़े छह हजार टीटीपी के लड़ाके हैं। हालांकि एक अन्य अनुमान के मुताबिक, इन दिनों टीटीपी के पास करीब पैंतीस हजार लड़ाके हैं। टीटीपी ने अपने नए सांगठनिक ढांचे का भी ऐलान किया है। इस घोषणा का उद्देश्य खुद को विद्रोही समूह से बदलकर 'समानांतर सरकार' के रूप में स्थापित करना है। टीटीपी ने इसके तहत पाकिस्तान को उत्तरी, मध्य, दक्षिणी और पश्चिमी क्षेत्रों में बांटा है, जिन्हें वह 'वियालत' यानी छाया प्रांत कह रहा है। शासन व्यवस्था के लिए टीटीपी ने खुफिया विंग, आर्थिक निदेशालय, मीडिया इकाई और न्यायिक प्रणाली का भी ऐलान किया है। पहले टीटीपी की गतिविधियां सिर्फ अफगानी सीमा से सटे पाकिस्तान के कुछ इलाकों में ही थीं, लेकिन अब उसने अपनी गतिविधियां खैबर पख्तूनख्वा के साथ-साथ बलूचिस्तान और पाकिस्तानी कब्जे वाले कश्मीर तक में बढ़ा दी है। अंतरराष्ट्रीय मामलों के कुछ जानकारों का मानना है कि वह बलूच लड़ाकों को भी समर्थन दे रहा है। टीटीपी धीरे-धीरे लगातार ताकतवर बनता जा रहा है। उसके पीछे माना जा रहा है कि अफगानी तालिबान का प्रत्यक्ष सहयोग है। इसके पास आधुनिक अमेरिकी असॉल्ट राइफलें और मशीन गन हैं। माना जा रहा है कि ये हथियार वे हैं, जिन्हें अमेरिकी सेना भागते हुए अफगानिस्तान में छोड़ गई थी। टीटीपी का दावा है कि उसने ड्रोन हमलों की क्षमता भी विकसित कर ली है। अपने अंदरूनी इलाके में टीटीपी की बढ़ती भूमिका और शासन के उसके सपने के ऐलान से पाकिस्तान उससे चिढ़ा हुआ है। हाल के दिनों में पाकिस्तान में आत्मघाती हमले भी बढ़े हैं। यहां के बन्नू और बाजौर इलाकों में ये ज्यादा हुआ है। टीटीपी ने ही दावा किया है कि साल 2025 में उसने पाकिस्तान में 3573 आतंकी हमलों को अंजाम दिया, जिसमें करीब 3,481 सुरक्षाकर्मी मारे गए। पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बीच विवाद की वजह डूरंड रेखा भी है, जिसे अफगानी तालिबान नहीं मानता। पाकिस्तान इन वजहों से टीटीपी को अपनी आंतरिक सुरक्षा के लिए सबसे बड़ा खतरा मानता है। पाकिस्तान का आरोप है कि टीटीपी को अफगानिस्तान ना सिर्फ सुरक्षित पनाहगाह और वैचारिक समर्थन मुहैया करा रहा है, बल्कि आर्थिक मदद भी दे रहा है। यह सच है कि पाकिस्तानी सेना के मुकाबले टीटीपी सीधे युद्ध के मामले में कमजोर है, लेकिन गुरिल्ला रणनीति, स्थानीय भूगोल की समझ और बढ़ते अत्याधुनिक हथियारों के प्रयोग ने इसे बेहद घातक संगठन बना दिया है। बहरहाल तालिबान से जूझ रहे पाकिस्तान को देखकर इतना जरूर कहा जा सकता है कि सांप को पालना आखिरकार पालने वाले के लिए ही खतरनाक होता है। सवाल है कि क्या इससे वैश्विक राजनीति कुछ सबक लेगी?

***जहां तक टीटीपी और अफगानी तालिबान के रिश्ते की बात है तो दोनों समूह एक ही विचारधारा और कट्टरपंथी इस्लामी कानूनों का न सिर्फ पालन करते हैं, बल्कि अपने प्रभाव वाले इलाकों में उसे ही लागू करते हैं। टीटीपी के लड़ाके संगठन में शामिल होने के बाद अफगानी तालिबान के सर्वोच्च नेता के ही प्रति निष्ठा की शपथ लेते हैं।***

# काबुल में भारत का बढ़ रहा प्रभाव



रणनीति

रवि शंकर

वरिष्ठ पत्रकार

अगस्त 2021 में जब तालिबान ने काबुल पर कब्जा किया था, तब पाकिस्तान में जश्न का माहौल था। इस्लामाबाद को लगा था कि उसने अफगानिस्तान में अपनी पसंद की सरकार बनवाकर 'मास्टर स्ट्रोक' खेल दिया है। हालांकि, 2026 तक आते-आते तस्वीर पूरी तरह बदल चुकी है। आज दोनों देशों की सेनाएं डूरंड लाइन पर एक-दूसरे पर गोले बरसा रही हैं और हालात युद्ध जैसे हो गए हैं। आखिर ऐसा क्या हुआ कि पाकिस्तान का 'रणनीतिक दोस्त' उसके लिए 'एक बुरा ख्वाब' बन गया? दरअसल, सबसे बड़ा विवाद तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) को लेकर है। पाकिस्तान का आरोप है कि टीटीपी के आतंकी अफगान जमीन का इस्तेमाल कर पाकिस्तान में हमले कर रहे हैं और उन्हें तालिबान का संरक्षण प्राप्त है। जिस आतंकी इकोसिस्टम को पाकिस्तान ने दशकों तक पाला-पोसा, वही अब उसके सुरक्षा बलों पर भारी पड़ रहा है। बता दें, तालिबान को खड़ा करने में पाकिस्तान की बड़ी भूमिका रही है। सोवियत-अफगान युद्ध के समय से लेकर अमेरिका के खिलाफ लड़ाई तक, पाकिस्तान ने तालिबान को रणनीतिक संपत्ति की तरह इस्तेमाल किया। 2021 में जब अमेरिका की वापसी के बाद तालिबान सत्ता में लौटा, तो पाकिस्तान में जश्न का माहौल था। पाकिस्तान को उम्मीद थी कि उसे 'रणनीतिक गहराई' मिलेगी, यानी भारत के खिलाफ एक मजबूत सहयोगी, लेकिन तालिबान ने सत्ता में आने के बाद खुद को पूरी तरह इस्लामाबाद के इशारों पर चलने वाला नहीं दिखाया। उसने अपनी स्वतंत्र नीति अपनाई और भारत जैसे देशों से संपर्क भी बनाए रखा। यही बात पाकिस्तान की सैन्य एस्टेब्लिशमेंट को खल गई। पाकिस्तान को अंदाजा ही नहीं था कि जिसे उसने पाला-पोसा, वही आगे चलकर आंख में आंख डालकर खड़ा हो जाएगा। यह इस्लामाबाद के लिए एक रणनीतिक झटका था। भारत के लिए तालिबान से संवाद कोई वैचारिक विचलन नहीं, बल्कि भू-राजनीतिक आवश्यकता है। बीते दो दशकों में भारत ने अफगानिस्तान में तीन अरब डॉलर से अधिक का निवेश किया है- सड़कों, अस्पतालों, संसद भवन और शिक्षा में, लेकिन 2021 के बाद अफगानिस्तान फिर आतंकवादी ठिकानों और क्षेत्रीय अस्थिरता का केंद्र बनने का खतरा बना। पाकिस्तान और चीन के बढ़ते प्रभाव ने भारत को यह सोचने पर मजबूर किया कि दूरी बनाकर रखना स्वयं के हितों को नुकसान पहुंचाना होगा। दरअसल कूटनीतिक लिहाज से भारत के लिए अफगानिस्तान हमेशा से काफी महत्वपूर्ण रहा है और खासकर पाकिस्तान से भारत के संबंध लगातार तनावपूर्ण रहे हैं, जिससे भारत के लिए अफगानिस्तान का महत्व बढ़ जाता है। हालांकि अफगानिस्तान में तालिबान के शासन को करीब पांच साल का समय हो गया है और भारत की कोशिश रही है कि पाकिस्तान को साधने के लिए वह तालिबान शासन से बातचीत को सकारात्मक तरीके से आगे बढ़ता रहे।

अगर तालिबान शासन और पाकिस्तान के बीच संघर्ष लंबा चला तो इससे अफ़गानिस्तान कई टुकड़ों में बंट सकता है। ऐसा होना भारत के लिए अच्छा नहीं होगा, क्योंकि कई ग्रुप्स खड़े होने से उनमें से कुछ भारत के खिलाफ भी हो सकते हैं और क्षेत्रीय स्तर पर यह भारत के लिए ठीक नहीं है। इससे पूरे क्षेत्र में भी अस्थिरता आ सकती है। तालिबान के लिए भी भारत से संवाद जरूरी है- क्योंकि पाकिस्तान के साथ उसके रिश्ते अब उतने सहज नहीं रहे और चीन का आर्थिक प्रभाव भी सीमित है। वहीं भारत सुरक्षा और स्थिरता चाहता है और तालिबान वैधता और सहयोग की तलाश में है। खैर, पाकिस्तान ने तालिबान पर भारत की गोद में बैठने का आरोप लगाया है। भारत और अफ़गानिस्तान के संबंध पाकिस्तान की आंखों को हमेशा से चुभते रहे हैं। यही कारण है कि पाकिस्तान हमेशा से ही अपने इलाके में होने वाली किसी भी अप्रिय गतिविधि के लिए भारत और तालिबान को जिम्मेदार ठहराता रहा है। जबकि भारत हमेशा अफगानिस्तान के नागरिकों के लिए मदद का हाथ बढ़ाता रहा है। जब अफगानिस्तान में 6.3 तीव्रता का भूकंप आया था, तो भारत ने सबसे पहले मदद भेजी थी। तालिबान ने मानवीय मदद, बुनियादी ढांचे और कूटनीति के लिए नई दिल्ली के साथ सक्रिय रूप से जुड़ना शुरू कर दिया है। भारत के साथ अच्छे संबंध विकसित करके, तालिबान शासन क्षेत्रीय विरोधियों को यह भी दिखाना चाहता है कि उसके पास विकल्प मौजूद है। जैसे-जैसे अफगानिस्तान अपनी साझेदारियां बढ़ा रहा है, पाकिस्तान का उस पर दबाव कम होता जा रहा है।

***भारत के लिए तालिबान से संवाद कोई वैचारिक विचलन नहीं, बल्कि भू-राजनीतिक आवश्यकता है। बीते दो दशकों में भारत ने अफगान में तीन अरब डॉलर से अधिक का निवेश किया है।***

# पाकिस्तान-अफगानिस्तान युद्ध में भारत की सतर्कता जरूरी



सुरक्षा

डॉ. चन्द्र त्रिखा

वरिष्ठ पत्रकार

आज आज हक्कानी का देश है अफगानिस्तान, कभी इसके कन्धार (तब गांधार) क्षेत्र में महाभारत-कालीन शकुनि का शासन था और कौरव-माता गांधारी यहीं की राजकुमारी थी। महाराजा रणजीत सिंह के साम्राज्य का भी एक अंग था, काबुल कंधार तक हरिसिंह नलवा की वीरता के किस्से भी फैले हुए थे। वैसे इसे महाराजा दिलीप सिंह की सल्तनत भी माना जाता था। हमारे बड़े-बुजुर्ग बताते हैं कि गांधारी ने शकुनि को श्राप दिया था कि तेरे साम्राज्य में कभी शांति नहीं रहेगी क्योंकि तेरे छल-कपट से मेरा पूरा परिवार खत्म हो गया है। अब 15 अगस्त, 2021 से पूरा अफगानिस्तान 'तालिबान' सरीखे संगठन की गिरफ्त में है। अब वहां 98.7 प्रतिशत आबादी इस्लामी है। कभी अफगानिस्तान 'सिल्क रूट' (रेशम-मार्ग) का केंद्र भी रहा है। यहां की समृद्धि व अंतरराष्ट्रीय व्यापार और जुझारू तेवर सदा चर्चा में रहे। एक समय में यहां अमेरिकी व सोवियत सेनाओं का भी कब्जा बना रहा। अब कोई विदेशी सैनिक वहां पर नहीं है। इन दिनों यह इस्लामी देश अपने पड़ोसी इस्लामी देश पाकिस्तान के साथ युद्ध में उतरा हुआ है। अफगानिस्तान-पाकिस्तान सीमा रेखा को 'डूरंड लाइन' भी कहा जाता है। यह सीमा रेखा 2611 किलोमीटर में फैली है।

तालिबान के पास अमेरिकी व सोवियत सेनाओं द्वारा छोड़े गए हथियारों के भण्डार हैं और इधर अमेरिका इस समय पाकिस्तान की पीठ है। वैसे कौन अधिक सशक्त है, इस बात के प्रामाणिक आंकड़े तो उपलब्ध नहीं हैं लेकिन दोनों के पास मांगी, लूटी और खरीदी आधुनिक युद्ध सामग्री के लम्बे-चौड़े भण्डार हैं। पाक परमाणु-सम्पन्न भी है और उधर अफगानिस्तान को भी कुछ मित्र देशों का परमाणु-संरक्षण प्राप्त है। यह भी एक तथ्य है कि दोनों देशों में आतंकी संगठनों का बोलबाला रहा है। भारत यद्यपि इस युद्ध में कहीं नहीं है, मगर ऐसे युद्ध में जागरूकता समय की मांग है। वैसे भी अपनी आदत के अनुरूप पाकिस्तान भारत पर अफगानिस्तान को शह देने का आरोप तो लगाएगा ही। उधर, पाकिस्तान को स्वयं भी बलूचिस्तान के अलगाववादी आंदोलन का भय सताता है। इधर, उसके अपने देश में भी स्थितियां




**यह भी एक तथ्य है कि दोनों देशों में आतंकी संगठनों का बोलबाला रहा है। भारत यद्यपि इस युद्ध में कहीं नहीं है, मगर ऐसे युद्ध में जागरूकता समय की मांग है।**

नियंत्रण में नहीं हैं। इस समय वहां जो भी होता है, सेनाध्यक्ष मुनीर की रजा से होता है। मगर जनरल मुनीर को अपनी सेना के लगभग एक लाख सैनिक बलूचिस्तान में भी तैनात करने पड़ रहे हैं और अफगान-सीमा पर भी 50 हजार से अधिक की तैनाती है। अब तक के युद्ध में सैकड़ों के मरने की खबरें तो आ रही हैं मगर अभी से अंतरराष्ट्रीय स्तर पर युद्ध विराम के लिए दबाव भी आने लगे हैं। मुनीर चाहते हैं कि किसी भी विदेशी दखल से पहले वह तालिबान की वर्तमान सरकार का तख्ता पलटवा दें। बहरहाल, दोनों इस्लामी देशों के बीच भीषण-युद्ध छिड़ चुका है। दोनों को भारी क्षति चुकानी होगी और दोनों की आर्थिक हालत ठीक नहीं है।

## चरमरा सकती है अर्थव्यवस्था

**पाकिस्तान**: पाकिस्तान को मध्य एशिया तक पहुंचने के लिए अफगानिस्तान की जरूरत पड़ती है। कराची और ग्वादर जैसे बंदरगाहों के माध्यम से अफगानिस्तान को समुद्री व्यापार की सुविधा मिलती है। खासकर कराची पोर्ट अफगान ट्रांजिट व्यापार का मुख्य मार्ग रहा है। पाकिस्तान को ट्रांजिट फीस, कस्टम ड्यूटी से राजस्व मिलता है।

**अफगानिस्तान** : अफगानिस्तान समुद्री रास्ते के लिए पाकिस्तान के बंदरगाहों पर ही निर्भर है। दोनों देशों के बीच तनाव लंबा खिंचने की स्थिति में उसके आयात-निर्यात पर सीधा असर पड़ सकता है। स्थिर क्षेत्रीय माहौल होने पर विदेशी निवेश और बुनियादी ढांचा परियोजनाएं बढ़ सकती हैं।

**चीन** : दोनों देशों के बीच युद्ध का असर सबसे ज्यादा चीन पर पड़ेगा, क्योंकि चीन-पाकिस्तान आर्थिक कॉरिडोर पाक से होकर गुजरता है। अगर पाकिस्तान आर्थिक तौर पर कमजोर होता है तो इसका असर चीन पर भी पड़ेगा। इसलिए चीन के लिए यह अवसर और खतरा दोनों हैं।

**सीमा विवाद** : ब्रिटिश शासन के दौरान खींची गई विवाद सीमा रेखा 'डूरंड रेखा' समय-समय पर दोनों देशों के बीच गोलीबारी और राजनयिक तनाव का केंद्र बनी हुई है। डूरंड लाइन को लेकर लंबे समय से विवाद जारी है। दोनों देश एक-दूसरे पर हमले और आतंकियों को छिपाने का आरोप लगाते रहते हैं।

**टीटीपी** : पाकिस्तान-अफगानिस्तान के बीच मौजूदा विवाद तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) को लेकर बना हुआ है। पाकिस्तान कई वर्षों से अफगानिस्तान की तालिबान सरकार से प्रतिबंधित टीटीपी के खिलाफ कार्रवाई की मांग कर रहा है। इसको लेकर दोनों पक्षों में तनाव एक बार फिर बेहद बढ़ गया है।

# अफगानिस्तान के लिए आसान नहीं होगी युद्ध की राह



संघर्ष

डॉ. एन.के. सोमानी

वरिष्ठ स्तंभकार

दक्षिण एशिया के प्रमुख इस्लामिक देश पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बीच हिंसा व संघर्ष का नया दौर शुरू हो गया है। पिछले साल दोनों देशों के बीच हुई हिंसक झड़पों के बाद कतर और तुर्की की मध्यस्थता में युद्ध विराम हुआ। युद्ध विराम के बाद यह अब तक सबसे बड़ा संघर्ष है। इस खूनी संघर्ष के बाद पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने खुले युद्ध का ऐलान कर दिया है। लेकिन सवाल यह है कि दोनों देशों के बीच छिड़ी जंग अगर बड़े युद्ध का रूप लेती है तो क्या होगा। क्या जंग की यह आग इन्ही दोनों देशों तक सीमित रहेगी या इसकी तपत अन्य देशों तक भी पहुंच सकती है।

कतर और तुर्की की मध्यस्थता में हुए युद्ध विराम के महज चार माह बाद जिस तरह से दोनों देश यकायक युद्ध के मुहाने पर आ खड़े हुए हैं उसे देखते हुए सवाल यह भी उठ रहा है कि धर्म के नाम पर समान विचार रखने वाले इन निकट पड़ोसियों के बीच संघर्ष का असल कारण क्या है। एक समय था जब तालिबान इस्लामाबाद की नाक का बाल हुआ करता था। लेकिन, बीते चार साल में दोनों देशों की सरकारें एक-दूसरे के खून की प्यासी हो गई हैं।

## हिंसा व संघर्ष की वजह

अगस्त 2021 में जब अफगानिस्तान में तालिबान की वापसी हुई तो पाक नेताओं की खुशी का ठिकाना नहीं रहा। पाकिस्तान को यह खुशफहमी भी थी कि पाक-तालिबान संबंध उस परम्परागत विचारधारा के आधार पर आगे बढ़ेंगे, जिसका आधार कहीं न कहीं इस्लाम था, लेकिन तालिबान सरकार के मुखिया हिबतुल्लाह अखुंदजादा ने पाकिस्तान की सरपरस्ती में आगे न बढ़ने और अपनी सरकार को पाकिस्तान की 'पिछलग्गू सरकार' की छवि से बाहर निकलने की कोशिश ने पाक सरकार के उत्साह को जल्द ही ठंडा कर दिया। तालिबानी नेताओं के भारत के प्रति नरम रुख से भी पाकिस्तान नाखुश है। इसके अलावा दोनों देशों के बीच विवाद का बड़ा कारण तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) है, जो लंबे समय से पाकिस्तानी सुरक्षा बलों को निशाना बना रहा है और देश में सख्त इस्लामी शासन (शरिया) की मांग कर रहा है। दूसरी ओर, पाकिस्तान का आरोप है कि टीटीपी के आतंकवादी पाकिस्तानी सुरक्षा बलों पर हमलों के लिए अफगानिस्तान



**अब सवाल यह उठ रहा है कि दोनों देशों के बीच जारी हिसंक झड़पें अगर किसी बड़े संघर्ष में बदलती है तो पूरा मामला किस दिशा में जाता हुआ दिखाई देगा।**

को एक अड्डे के रूप में इस्तेमाल कर रहे हैं। पाकिस्तान के इस आरोप के प्रति तालिबान ने कोई गंभीरता नहीं दिखाई। उलटा इसे पाकिस्तान का आंतरिक मुद्दा बताकर उससे अपने देश के हालात संभालने की नसीहत देता रहा है। इन्ही आरोप-प्रत्यारोप के चलते पाकिस्तान ने काबुल और दूसरे क्षेत्रों पर कई बार हवाई हमले किए, जिसके कारण दोनों देशों के बीच सीमा पर झड़पें भी हुई।

ताजा संघर्ष की शुरूआत उस समय हुई जब पाकिस्तान ने 21 फरवरी को अफगानिस्तान के भीतर संदिग्ध आतंकी ठिकानों पर हवाई हमले किए। पाकिस्तान का कहना था कि टीटीपी और बलोच विद्रोही अफगान धरती का इस्तेमाल पाकिस्तान पर हमले के लिए कर रहे हैं। अफगानिस्तान पर पाकिस्तान की एयर स्ट्राइक के जवाब में तालिबान सरकार ने डूरंड लाइन पर पाकिस्तान के सैन्य ठिकानों को निशाना बनाया। अफगानिस्तान का दावा है कि उसने पाकिस्तान की 19 चैकियों को तबाह कर दिया और 55 सैनिकों को मार गिराया। उसने पाकिस्तान की राजधानी इस्लामाबाद के नजदीक एक सैन्य मुख्यालय पर कब्जा करने व कई पाक सैनिकों को बंदी बनाने का दावा किया है। 55 सैनिकों की मौत व राजधानी पर हमले का जवाब देने के लिए पाकिस्तान ने ऑपरेशन गजब-लिल-हक (हक या न्याय के लिए खुदा का कहर) शुरू किया है। ऑपरेशन के तहत पाकिस्तान की वायु सेना ने काबुल, कंधार और पंक्तिया में तालिबान के ठिकानों, गोला-बारूद के डिपो और सैन्य मुख्यायलयों पर भारी बमबारी की। इस जवाबी हमले में पाकिस्तान ने अफगानिस्तान के 270 से ज्यादा लड़ाकों को मार गिराने का दावा किया है।

## पाक का कड़ा संदेश

सोशल मीडिया पर रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने अफगानिस्तान को कड़ा संदेश देते हुए कहा- 'हमारी बर्दाश्त की हद पार हो चुकी है। पाकिस्तान की तरफ से अफगानिस्तान में हवाई हमलों और अफगान तालिबान की उचित समय पर भरपूर जवाब देने की धमकी के बाद सवाल यह उठ रहा है कि दोनों देशों के बीच जारी हिसंक झड़पें अगर किसी बड़े संघर्ष में बदलती है तो पूरा मामला किस दिशा में जाता हुआ दिखाई देगा। खासकर सऊदी अरब के साथ पाकिस्तान के सैन्य समझौते के बाद। सैन्य क्षमताओं का आकलन चाहे किसी भी स्तर पर किया जाए और चाहे कोई किसी पर कितना भी भारी क्यों न हो लेकिन दक्षिण एशिया की शांति के लिए पाक-अफगानिस्तान संघर्ष का बढ़ना किसी भी दृष्टि से उचित नहीं है।

## संक्षेप

### कांग्रेस के पूर्व जिलाध्यक्ष योगेंद्र मिश्रा का निधन

#### लंबी बीमारी के बाद गौरीगंज अस्पताल में अंतिम सांस ली

अमेठी, नेहरू-गांधी परिवार के करीबी और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता, पूर्व जिलाध्यक्ष एवं प्रदेश महासचिव योगेंद्र मिश्रा का लंबी बीमारी के बाद निधन हो गया। वे लगभग 60 वर्ष के थे। उन्होंने गौरीगंज स्थित जिला चिकित्सालय में अंतिम सांस ली। कांग्रेस के जिला प्रवक्ता अनिल सिंह ने बताया कि योगेंद्र मिश्रा लंबे समय से कांग्रेस की राजनीति में सक्रिय थे। उन्होंने संगठन को मजबूत करने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। वे जमीनी स्तर के नेता के रूप में जाने जाते थे और कार्यकर्ताओं के बीच उनकी गहरी पकड़ थी। अमेठी के सांसद किशोरी लाल शर्मा ने उनके निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि योगेंद्र मिश्रा का जाना कांग्रेस परिवार के लिए अपूरणीय क्षति है। शर्मा ने बताया कि मिश्रा जी ने संगठन को मजबूती देने में अपना पूरा जीवन समर्पित किया। कांग्रेस के जिला अध्यक्ष प्रदीप सिंघल ने भी दुख व्यक्त करते हुए कहा कि योगेंद्र मिश्रा एक सादगीपूर्ण और कर्मठ नेता थे। उनके निधन से पार्टी ने एक अनुभवी मार्गदर्शक खो दिया है। योगेंद्र मिश्रा के निधन से राजनीतिक और सामाजिक क्षेत्र में शोक का माहौल है। उनके समर्थक, शुभचिंतक और बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता अंतिम दर्शन के लिए उमड़ पड़े। जनपद के विभिन्न राजनीतिक दलों और सामाजिक संगठनों ने भी शोक संवेदना व्यक्त की है। योगेंद्र मिश्रा का निधन न केवल कांग्रेस पार्टी बल्कि पूरे अमेठी जिले के लिए एक बड़ी क्षति माना जा रहा है।

### 1.48 लाख लोगों को नो मैपिंग नोटिस

#### मतदाता सूची सुधारने के लिए 75 हजार से अधिक फॉर्म 6 भरे गए

अमेठी , मतदाता सूची को मजबूत करने के लिए एसआईआर प्रक्रिया जारी है। इस प्रक्रिया के तहत जिले में 1 लाख 48 हजार लोगों को 'नो मैपिंग' के आधार पर नोटिस जारी किए गए हैं। जिला प्रशासन नए मतदाताओं के नाम जोड़ने में सक्रिय रूप से लगा हुआ है।अब तक जिले में 75 हजार से अधिक फॉर्म 6 भरवाए जा चुके हैं। ये फॉर्म नए मतदाताओं के नाम जोड़ने के लिए इस्तेमाल होते हैं। प्रशासन का लक्ष्य है कि जिले की मतदाता सूची को अधिक सटीक और मजबूत बनाया जा सके।यह पूरी प्रक्रिया जिलाधिकारी संजय चौहान के निर्देशन में चल रही है। प्रशासन ने अगले 15 दिनों में इस अभियान को और तेज करने का दावा किया है। उनका मानना है कि जो नागरिक अपनी आयु पूर्ण कर चुके हैं, उन्हें अनिवार्य रूप से मतदाता सूची में शामिल किया जाना चाहिए। डीएम संजय चौहान का कहना है कि हमारा प्रयास है कि जितने भी नए मतदाता हैं उन लोगों का नाम छूटने न पाए इसलिए अधिक से अधिक फार्म को भरवाये जा रहै है।जिले में अभी तक 1 लाख 48 हजार लोगों को जो मैपिंग जोन के आधार पर नोटिस जारी किया जा चुका है।एस आई आर प्रक्रिया को पूर्ण करने के लिए हम लोग लगातार लगे हुए हैं।

## रूपईडीहा थाना क्षेत्र में शांतिपूर्ण माहौल में सम्पन्न हुआ होली पर्व

### न्यू मीडिया हॉउस पहुंचकर थानाध्यक्ष, चौकी इंचार्ज, तहसीलदार ने पत्रकारो संग खेली होली

अमन लेखनी समाचार



बाबागंज, बहराइच।रुपईडीहा थाना क्षेत्र में बुधवार को होली का पर्व हर्षोल्लास, सौहार्द और आपसी भाईचारे के साथ सकुशल संपन्न हुआ। थाना क्षेत्र में रंग, अमीर, गुलाल और होली के गानों पर लोग झूमते नजर आए। युवाओं से लेकर बुजुर्गों तक सभी ने जिम्मेदारी और सूझबूझ का परिचय देते हुए त्योहार को उत्साहपूर्वक मनाया। खास बात यह रही कि कहीं से भी किसी प्रकार के विवाद या अप्रिय घटना की सूचना नहीं मिली। लोग एक दूसरे को गले लगाते मिठाइयां बांटते और होली के गीत गाते दिखे। पुलिस की सख्त व्यवस्था के बावजूद उत्साह में कोई कमी नहीं आई। पर्व को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए बाबागंज चौकी इंचार्ज शिवेश शुक्ला अपनी पुलिस टीम के साथ लगातार क्षेत्र में भ्रमण करते रहे। संवेदनशील स्थानों पर विशेष निगरानी रखी गई और सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद रही, जिससे लोगों ने निश्चिंत होकर त्योहार का आनंद लिया। थानाध्यक्ष रमेश सिंह रावत ने बताया कि पूरे क्षेत्र में होली शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुई और कहीं से भी कोई शिकायत प्राप्त नहीं हुई। उन्होंने इसके लिए आमजन के सहयोग की सराहना करते हुए सभी को धन्यवाद दिया। पर्व के सफल आयोजन पर स्थानीय नागरिकों ने पुलिस की सक्रियता, तत्परता और जनसहयोग की भावना की सराहना की। वही तहसीलदार नानपारा, नायब तहसीलदार, प्रभारी निरीक्षक रुपईडीहा रमेश सिंह रावत व चौकी प्रभारी बाबागंज शिवेश शुक्ला ने पुलिस बल के साथ आदर्श समाज सेवा समिति व न्यू मीडिया हाउस कार्यालय पर पहुंचकर पत्रकारों के संग एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दी। इस मौके पर समिति अध्यक्ष व वरिष्ठ पत्रकार संतोष मिश्रा, जिला अध्यक्ष आदर्श समाज सेवा समिति व पत्रकार विनोद कुमार गिरि, वैभव सिंह विशेन, राजकुमार शर्मा आदि मौजूद रहे। वहीं उपनिरीक्षक भीम सिंह, वीरेंद्र कुमार सिंह, शिवानंद सिसोदिया, जितेश सिंह, नीरज यादव अपने-अपने क्षेत्र में पुलिस बल के साथ मुस्तैद रहे।

## सीरत वेलफेयर कमेटी ने खामनेई की शहादत पर व्यक्त किया शोक

### खामनेई की मौत से मुसलमान और मानवतावादी लोग हैं दुखी

अमन लेखनी समाचार

बहराइच। सामाजिक संगठन सीरत वेलफेयर कमेटी (रजि०) की एक आपात बैठक शहर के मोहल्ला काजीपुरा स्थित मिल्ली काम्पलेक्स सभागार में संगठन के उपाध्यक्ष मिर्जा शकील बेग की अध्यक्षता एवं मुतवल्ली ईदगाह इशरत महमूद खान की सरपरस्ती में ईरान के सुप्रीम लीडर आयतुल्लाह सैयद अली खामनेई की इजरायली हमले में हुई मौत पर उन्हें श्रद्धांजलि पेश कर संवेदनाएं व्यक्त की ? गई।इस सभा का शुभारंभ मौलाना शाहिद अख्तर के कुरान पाठ से हुआ।इसके बाद मुतवल्ली ईदगाह इशरत महमूद खान ने अपने संबोधन में कहा कि ईरान के मजहबी रहनुमा अयातुल्लाह अली खामनेई जुल्म के खिलाफ और मिल्लत के इत्तेहाद के लिए लड़ते हुए शहीद हुए हैं, उन्हें इतिहास में सदियों याद रखा जाएगा।मौलाना अकील उल्लाह शाहिद नदवी ने कहा कि खामनेई साहब जालिमों के सामने झुके नहीं बल्कि शहादत हासिल कर पूरी दुनिया को जो पैगाम दिया है उसे हमेशा याद रखा जाएगा।बैठक की अध्यक्षता कर रहे मिर्जा शकील बेग ने शहीद खामनेई साहब के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि पूरी दुनिया में अमेरिका व इजरायल की तानाशाही के साथ ही खामनेई साहब की मौत पर रंजो गम है।उन्होंने कहा कि 86 बरस के बुजुर्ग ने बगैर डरे जिस तरह मुकाबला करते हुए शहादत पाई है वह इतिहास में दर्ज होगा ? इस अवसर पर संगठन के सचिव शादाब हुसैन ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि खामनेई साहब की मौत से पूरी दुनिया के मुसलमान और मानवतावादी लोग दुखी हैं ? उन्होंने हमेशा शांति-भाईचारा एवं फिलिस्तीनियों के पक्ष में सुपर पावर अमेरिका व इजराइल जैसे जालिमों के मुकाबले मुजाहिदाना किरदार अदा करते हुए अपनी व अपने परिवार की कुर्बानी देकर इस्लाम को शर्मिंदा नहीं होने दिया बल्कि शहीद होना पसंद किया। अंत में भारत के प्रधानमंत्री का अत्याचारी देशों के समर्थन में रहने तथा देश के बड़े मुस्लिम संगठनों व धार्मिक गुरुओं की खामोशी की निंदा की गई।इस बैठक में हाजी आसिफ आलम खान ( संरक्षक ),डॉ० अजीमुल्ला खान( कोषाध्यक्ष), मोहम्मद अकरम एडवोकेट, मिर्जा शकील बेग, मौलाना मुजीब कासमी,डॉ० अबरार उल हक, शादाब अंसारी, वली मोहम्मद व रियाज अहमद एडवोकेट आदि मौजूद रहे। सभा का समापन मौलाना शाहिद अख्तर चांद की दुआ से हुआ।

## दो बाइकसवारों की आमने-सामने भिड़ंत में चार घायल, हालात गंभीर

अमन लेखनी समाचार



शिवपुर, बहराइच। जिले के कोतवाली नानपारा क्षेत्र के चंदेला कला गांव निवासी गुलाब सिंह और करन एक बाइक से तथा खैरीघाट थाना क्षेत्र के बरदहा निवासी नीरज कुमार और शेखनपुरवा गांव निवासी प्रदीप कुमार दूसरी बाइक पर सवार होकर रिश्तेदारी में गए थे। बुधवार देर रात करीब 11 बजे वापस लौटते समय खैरीघाट थाना क्षेत्र के बेलहा-बहरौली तटबंध पर टीकानपुरवा मोड़ के पास दोनों बाइकों में आमने-सामने जोरदार भिड़ंत हो गई। हादसे में चारों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पीआरबी पुलिस टीम के उपनिरीक्षक अनिल कुमार सिंह, ांस्टेबल राहुल चौधरी व पावन कुमार ने एंबुलेंस की मदद से सभी घायलों को उपचार के लिए सीएचसी शिवपुर भिजवाया। प्राथमिक उपचार के बाद सभी को जिला अस्पताल बहराइच रेफर कर दिया गया। बताया जा रहा है कि हालत नाजुक होने पर गुलाब सिंह को ट्रॉमा सेंटर लखनऊ रेफर किया गया है। संबंध में थानाध्यक्ष आनंद कुमार सिंह ने बताया कि सूचना मिली है, घायलों को उपचार के लिए भेजा गया है एवं आवश्यक कार्यवाही की जा रही है।

## नेपालगंज का संसदीय चुनाव शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न

अमन लेखनी समाचार



रूपईडीहा, बहराइच। पड़ोसी मित्र राष्ट्र नेपाल में हो रहे संसदीय चुनाव के तहत नेपालगंज के संसदीय वार्ड नंबर-2 में मतदान शांतिपूर्ण और उत्साहपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ। क्षेत्र में सुबह से ही मतदाताओं में मतदान को लेकर खासा उत्साह देखा गया और लोगों ने बढ़-चढ़कर अपने मताधिकार का प्रयोग किया।

जानकारी के अनुसार संसदीय क्षेत्र संख्या-2 से लगभग 20 प्रत्याशी चुनाव मैदान में अपनी किस्मत आजमा रहे हैं। इनमें प्रमुख रूप से एमाले, कांग्रेस, माओवादी, राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी, राष्ट्रीय जनता समाजवादी पार्टी सहित कई अन्य नेपाली दलों के उम्मीदवार शामिल हैं।

चुनाव कार्यालय नेपालगंज के अनुसार चुनाव सुबह 7 बजे से शाम 5 बजे तक मतदान प्रक्रिया संपन्न हो गई। संसदीय वार्ड नंबर-2 में कुल लगभग 63 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया। मतदान के दौरान सभी समुदायों के लोगों ने बढ़-चढ़कर भागीदारी की।

चुनाव को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए नेपाली चुनाव आयोग द्वारा सुरक्षा व्यवस्था की जिम्मेदारी नेपाल सेना को सौंपी गई थी। सुरक्षा बलों की मुस्तैदी के चलते पूरे क्षेत्र में मतदान शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ और कहीं से भी किसी अप्रिय घटना की सूचना नहीं मिली।

प्राप्त जानकारी के अनुसार पूरे नेपाल में हुए इस चुनाव में करीब 68 से 70 प्रतिशत तक मतदान हुआ है। इससे स्पष्ट है कि देश के मतदाताओं ने लोकतांत्रिक प्रक्रिया में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और चुनाव को सफल बनाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका अदा की।

## वैवाही पुलिस ने सकुशल व शांति माहौल में संपन्न कराया होली का त्यौहार

अमन लेखनी समाचार

शिवपुर, बहराइच। खैरीघाट के चौकी वैवाही क्षेत्र में सकुशल संपन्न हुआ होली का त्यौहार। होली पर्व पर बुधवार को वैवाही पुलिस चौकी क्षेत्र के समस्त गांव में दिनभर करती रही रूटमार्च व फ्लैग मार्च। पुलिस की सक्रियता से होली पर्व पर चौकी क्षेत्र में किसी अनहोनी की नहीं है कोई खबर। जिले के खैरीघाट थाना क्षेत्र अंतर्गत चौकी वैवाही निहित ग्राम पंचायत रामपुर धोबिया, रायगंज, अरनवा, पिपरिया, डल्लापुरवा, नेवादा पूरे कस्वाती व वैवाही में रंगों के पावन पर्व होली का त्यौहार सकुशल व शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ। त्योहारों के दृष्टिगत शासन प्रशासन द्वारा जारी किए गए अधिसूचना के क्रम में प्रभारी निरीक्षक थाना खैरीघाट आनंद कुमार सिंह के कुशल निर्देशन में व चौकी प्रभारी वैवाही महेंद्र प्रताप सिंह नेतृत्व में कडे सुरक्षा व्यवस्थाओं के बीच समस्त चौकी क्षेत्र में होली का सकुशल व शांतिपूर्ण माहौल में मनाया गया पर्व। वैवाही दूधाधारी में होली के हुड़दंग



(जुलूस) को भी बैबाही पुलिस ने शांति व सौहार्द पूर्ण वातावरण में संपन्न कराया। इस अवसर पर उप निरीक्षक महेंद्र प्रताप सिंह (प्रभारी), उपनिरीक्षक चंदेश्वर मिश्रा, उप निरीक्षक मुकुटनाथ चौधरी, हेडकां0 सुभाष कुमार, प्रमोद कुमार, कां0 रंजीत कुमार व धर्मेंद्र गोंड आदि शांतिपूर्ण माहौल में त्यौहार को संपन्न कराने हेतु कठोर परिश्रम करते दिखाई पड़े।

## रुपईडीहा में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया होली का पर्व

अमन लेखनी समाचार

मोहम्मद कौसर



रुपईडीहा, बहराइच। भारत-नेपाल सीमा स्थित नगर पंचायत रुपईडीहा में रंगों का त्योहार होली बड़े ही हर्षोल्लास और भाईचारे के साथ मनाया गया। होली के अवसर पर पूरे कस्बे में रंग और गुलाल की रौनक देखते ही बन रही थी। लोगों ने एक-दूसरे को रंग लगाकर तथा गुलाल उड़ाकर त्योहार की खुशियां साझा कीं।

होली का पर्व मौसम परिवर्तन का भी प्रतीक माना जाता है। फाल्गुन महीने में जब सर्दी का मौसम विदा लेता है और गर्मी का आगमन शुरू होता है, तब यह रंगों का पर्व उत्साह के साथ मनाया जाता है। इसी क्रम में कस्बे के विभिन्न चौराहों को सजाया गया तथा लोगों ने रंगों और फूलों के साथ जमकर होली खेली।

होली खेलने के बाद लोगों ने एक-दूसरे से गले मिलकर होली की शुभकामनाएं दीं और आपसी प्रेम, सौहार्द और भाईचारे का संदेश दिया। पूरे क्षेत्र में लोगों ने आपसी मतभेद भुलाकर एक-दूसरे को गले लगाया और त्योहार की खुशियां बांटीं।वहीं त्योहार के दौरान कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद रहा। पुलिस द्वारा लोगों से अपील की जाती रही कि होली के अवसर पर हुड़दंग न करें और शांति, सौहार्द व भाईचारे के साथ त्योहार मनाएं। पुलिस प्रशासन की सक्रियता और सतर्कता से पूरे क्षेत्र में होली का पर्व शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ।

## चलती स्कूल बस की फर्श टूटी, बच्ची नीचे गिरी

### अलीगढ़ में पहिए के नीचे कुचलकर मौत, भाई चिल्लाकर बोला- गाड़ी रोकिए, बहन गिर गई

अमन लेखनी समाचार




अलीगढ़ , स्कूल बस से कुचलकर छात्रा की मौत हो गई। छात्रा अपने भाई के साथ स्कूल बस से घर लौट रही थी। इसी दौरान रास्ते में बस के फर्श की लोहे की चादर टूट गई और छात्रा नीचे गिर गई। पहिए के नीचे आ गई। छात्रा के भाई ने चिल्लाकर कहा- अंकल, बस रोकिए, बहन नीचे गिर गई है। ड्राइवर ने बस रोककर देखा तो बच्ची की मौत हो चुकी थी। इसके बाद ड्राइवर ने उसके भाई को घटना के बारे में किसी को न बताने की धमकी दी। हादसे के बाद चालक ने छात्रा के परिजनों को चोट लगने की सूचना दी। इसके बाद वह छात्रा को पीछे की सीट पर लिटाकर भागने लगा। जैसे ही ग्रामीणों ने बस ड्राइवर को भागते देखा, उन्होंने करीब 2 किमी तक पीछा कर उसे पकड़ लिया। इसके बाद ग्रामीणों ने हंगामा करते हुए सड़क पर जाम लगा दिया।सूचना पर पहुंची पुलिस ने लोगों को समझाकर शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया और आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। हादसा ढोलना क्षेत्र के पास हुआ।

### माउंट इंटरनेशनल स्कूल में पढ़ती थी छात्रा

छात्रा अनन्या (8) दादों थाना क्षेत्र के नाय भाय की रहने वाली थी। उसके पिता रवि गंगीरी चौराहे पर जनसेवा केंद्र चलाते हैं। परिवार के साथ वहीं रहते हैं। परिवार में एक बेटा और एक बेटी है। अनन्या और उसका बड़ा भाई गोलू बुढ़िया कसेर के माउंट इंटरनेशनल स्कूल में पढ़ते हैं। अनन्या यूकेजी और गोलू कक्षा 3 में पढ़ता है। दोनों भाई-बहन रोज स्कूल की बस से आते-जाते थे। शनिवार दोपहर 2 बजे स्कूल की छुट्टी के बाद दोनों भाई-बहन बस से घर लौट रहे थे। चालक ने कासगंज के ढोलना गांव में बच्चों को उतारा और फिर अनन्या व गोलू को घर छोड़ने गंगीरी की तरफ चला। जैसे ही बस ढोलना के नगला साधु के पास पहुंची, अचानक फर्श का हिस्सा टूट गया और अनन्या नीचे गिर गई। बस का पहिया उसके ऊपर से गुजर गया और उसकी मौके पर ही मौत हो गई।भाई ने चिल्लाकर कहा- अकल! बस रोकिएबहन के नीचे गिरते ही गोलू चिल्लाकर रोने लगा और बोला- अंकल, मेरी बहन नीचे गिर गई।ह्व चालक ने बस रोकी, बच्ची को उठाकर सीट पर रख दिया ।और भाई को घर को कुछ न बताने के लिए धमकाया। इसके बाद चालक ने अनन्या के पिता रवि को चोट लगने की जानकारी दी।

## 7 साल की बच्ची का शव फंदे पर लटका मिला

### शाहजहांपुर में मां ने हत्या और दुष्कर्म की कोशिश का आरोप लगाया

अमन लेखनी समाचार



शाहजहांपुर, रोजा थाना क्षेत्र में दोपहर एक सात साल की बच्ची का शव मकान के अंदर फंदे पर लटका मिला। बच्ची की मां ने पड़ोस के एक व्यक्ति पर हत्या और दुष्कर्म के प्रयास का आरोप लगाया है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। बच्ची की मां अपने चार बच्चों के साथ रहती है और दूसरों के घरों में झाड़ू-पोछा करके गुजारा करती है। सुबह वह एक कॉलोनी में काम करने गई थी, जबकि उसके चारों बच्चे मकान के अंदर थे। दोपहर करीब एक बजे मां को सूचना मिली कि उनकी सात वर्षीय बेटी का शव मकान के अंदर जीने की ग्रिल के सहारे फंदे पर लटका है। सूचना मिलने पर मां घर पहुंची और पुलिस को जानकारी दी। परिजन बच्ची को डॉक्टर के पास ले गए, जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। मृतका की मां का आरोप है कि पड़ोस का एक व्यक्ति उनके बच्चों द्वारा छत पर गिट्टी फेंकने को लेकर धमकी देता था मां ने उस व्यक्ति से कहा था कि वह छुट्टी मिलने पर छत साफ कर देगी, लेकिन बच्चों से कुछ न कहे। आरोप है कि उसी व्यक्ति ने उनके मकान की छत पर आकर बेटी की हत्या कर दी और उसके साथ दुष्कर्म का भी प्रयास किया। मां ने यह भी बताया कि बुधवार रात जब वह घर पहुंची, तो वही आरोपी अपने भाई के साथ उनके घर आया। उसने ताली बजाकर मजाक उड़ाया और कहा कि बेटी की हत्या उसने ही की है। डर के कारण परिवार ने खुद को कमरे में बंद कर लिया था, जिसे बाद में पुलिस ने आकर बाहर निकाला। पुलिस ने बताया कि शव का पोस्टमार्टम पैनल द्वारा कराया जा रहा है। दरअसल महिला मूलरूप से थाना आरसी मिशन क्षेत्र की रहने वाली है। उसकी शादी करीब 15 साल पहले जलालाबाद थाना क्षेत्र के एक गांव में हुई थी। महिला के मुताबिक, पति शराब का आदि है।

## 50 हजार का इनामी अपराधी गिरफ्तार

### युवती के अपहरण और हत्या मामले में था फरार, कुंडा पुलिस ने दबोचा

अमन लेखनी समाचार




प्रतापगढ़ , कुंडा थाना क्षेत्र में 20 वर्षीय प्रिया जायसवाल के अपहरण और हत्या मामले में पुलिस ने 50 हजार रुपये के इनामी आरोपी सत्यम मिश्रा को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने घटना में प्रयुक्त कार भी बरामद कर ली है। सत्यम मिश्रा पर पहले 25 हजार रुपये का इनाम घोषित किया गया था, जिसे बाद में प्रयागराज आईजी ने बढ़ाकर 50 हजार रुपये कर दिया था।पुलिस के अनुसार, प्रिया जायसवाल को 22 दिसंबर 2025 को कुंडा क्षेत्र में उनके घर के पास से कार में बैठाकर अगवा किया गया था। कई महीनों तक प्रिया के घर न लौटने पर परिजनों ने 8 फरवरी को कुंडा थाने में अपहरण और हत्या की आशंका जताते हुए शिकायत दर्ज कराई। जांच के दौरान पुलिस ने ताजुद्दीनपुर की प्रधान अनिता शुक्ला के पति सज्जन शुक्ल और उनके साथी श्रवण को हिरासत में लिया। पूछताछ में आरोपियों ने प्रिया की हत्या कर शव को गंगा में फेंकने की बात स्वीकार की। पुलिस ने युवती के कपड़े भी बरामद किए हैं। मुख्य आरोपी सत्यम मिश्रा घटना के बाद से फरार था। लगातार दबिश के बाद पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार अभियुक्त को न्यायालय में प्रस्तुत किया जा रहा है और मामले की विवेचना नियमानुसार जारी है।

## तेज रफ्तार पिकअप ने बाइक सवार को मारी टक्कर, मौत

### मामा के घर आया था युवक, प्रयागराज में इलाज के दौरान तोड़ा दम

अमन लेखनी समाचार



प्रतापगढ़ , रानीगंज थाना क्षेत्र में एक सड़क हादसे में घायल हुए 20 वर्षीय युवक आर्यन सिंह की प्रयागराज में इलाज के दौरान मौत हो गई। यह घटना शाम जामताली-बीरापुर रोड पर हुई, जहां एक तेज रफ्तार पिकअप ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी थी। आर्यन सिंह पट्टी कोतवाली क्षेत्र के सदहा गांव के निवासी थे और जामताली स्थित अपने मामा के घर आए हुए थे। जानकारी के अनुसार, ओम प्रकाश सिंह के पुत्र आर्यन सिंह रानीगंज थाना क्षेत्र के जामताली डड़वा गुलाब सिंह स्थित अपने मामा के घर गए थे। वहां वह नवनिर्मित नर्वदेश्वर नाथ मंदिर के शिवलिंग स्थापना प्राण प्रतिष्ठा एवं शोभा यात्रा में शामिल हुए थे। शाम को आर्यन सिंह जामताली डड़वा गांव निवासी शिवम सिंह के साथ जामताली बाजार गए थे। बाजार से लौटते समय, जब दोनों बाइक पर सवार होकर जामताली डड़वा जा रहे थे, तब जामताली पंडितान गांव के गेट के पास सामने से आ रहे एक तेज रफ्तार पिकअप डाला ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। इस हादसे में शिवम सिंह का पैर टूट गया और उन्हें गंभीर चोटें आईं, जबकि आर्यन सिंह के सिर और शरीर में भी गंभीर चोटें लगीं। सूचना मिलने पर जामताली चौकी पुलिस मौके पर पहुंची और पिकअप को कब्जे में ले लिया। गंभीर रूप से घायल आर्यन सिंह को तत्काल मेडिकल कॉलेज प्रतापगढ़ में भर्ती कराया गया। प्राथमिक उपचार के बाद उनकी हालत गंभीर देखते हुए डॉक्टरों ने उन्हें एसआरएन मेडिकल कॉलेज प्रयागराज रेफर कर दिया। परिजन उन्हें आनन-फानन में प्रयागराज ले गए

## संक्षेप

### गुफा मंदिर पर पुलिस की सघन जांच

**ऑपरेशन खोज के तहत सघन चेकिंग, भिक्षावृत्ति उन्मूलन अभियान भी चला**

बागपत, पुलिस ने पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर ₹ऑपरेशन खोज₹ के तहत गुफा मंदिर परिसर में सघन चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग (एएचटी) टीम ने भिक्षावृत्ति उन्मूलन अभियान भी प्रभावी ढंग से संचालित किया। पुलिस टीम ने मंदिर परिसर, आसपास के मार्गों और भीड़भाड़ वाले स्थानों पर संदिग्ध व्यक्तियों की गहन जांच की। मौके पर मौजूद लोगों से पूछताछ कर उनकी पहचान संबंधी जानकारी जुटाई गई। पुलिस ने विशेष रूप से बाहरी जनपदों से आए व्यक्तियों पर नजर रखते हुए सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। अभियान के दौरान, भिक्षावृत्ति में लिप्त पाए गए व्यक्तियों को समझाया गया और उन्हें पुनर्वास योजनाओं की जानकारी दी गई। पुलिस ने आम जनता से अपील की कि वे संगठित गिरोहों द्वारा कराई जा रही भिक्षावृत्ति को बढ़ावा न दें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि ₹ऑपरेशन खोज₹ का मुख्य उद्देश्य गुमशुदा बच्चों और महिलाओं की तलाश करना, मानव तस्करी को रोकना और सार्वजनिक स्थलों पर सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करना है। इसी क्रम में धार्मिक स्थलों और भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में नियमित चेकिंग अभियान चलाए जा रहे हैं। अभियान के दौरान नागरिकों को सुरक्षा संबंधी दिशा-निर्देश भी दिए गए और सतर्क रहने की सलाह दी गई। बागपत पुलिस ने स्पष्ट किया कि जनपद में कानून-व्यवस्था बनाए रखने और अपराध पर अंकुश लगाने के लिए ऐसे अभियान भविष्य में भी जारी रहेंगे।

### 95 पेटी अवैध शराब जब्त


**3 तस्कर गिरफ्तार, तस्करी में प्रयुक्त 3 गाड़ियां भी जब्त**

बागपत , कोतवाली पुलिस, आबकारी विभाग और सर्विलांस सेल की संयुक्त टीम ने अवैध शराब के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। चेकिंग अभियान के दौरान तीन शराब तस्करों को गिरफ्तार किया गया। उनके कब्जे से 95 पेटी अवैध देशी शराब बरामद हुई है। तस्करी में इस्तेमाल की जा रही तीन गाड़ियां, जिनमें वेन्यू, स्विफ्ट और टाटा पंच शामिल हैं, भी जब्त की गई हैं।पुलिस को सूचना मिली थी कि कुछ तस्कर अवैध शराब की बड़ी खेप लेकर क्षेत्र से गुजरने वाले हैं। इस जानकारी के आधार पर संयुक्त टीम ने संदिग्ध वाहनों की सघन चेकिंग शुरू की। घेराबंदी कर तीनों वाहनों को रोका गया, जिनकी तलाशी में भारी मात्रा में अवैध देशी शराब बरामद हुई। पुलिस अधिकारियों के मुताबिक, गिरफ्तार किए गए अभियुक्त लंबे समय से अवैध शराब की तस्करी में शामिल थे और आसपास के क्षेत्रों में इसकी आपूर्ति कर रहे थे। बरामद शराब की अनुमानित कीमत लाखों रुपये बताई जा रही है। तीनों आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। उन्हें न्यायालय में पेश करने की तैयारी चल रही है। पुलिस अब इस अवैध शराब नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों की तलाश कर रही है। बागपत पुलिस ने स्पष्ट किया कि जिले में अवैध शराब के कारोबार पर अंकुश लगाने के लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा है और भविष्य में भी ऐसी कार्रवाई जारी रहेगी।

# यूपी बोर्ड परीक्षा को लेकर अफवाह फैलाने में मुकदमा दर्ज

## प्रयागराज में बोर्ड सचिव की ओर से चार यूट्यूब चैनलों के खिलाफ कार्रवाई

संवाददाता




प्रयागराज , यूपी बोर्ड परीक्षा को लेकर प्रश्नपत्र वायरल होने की भ्रामक खबरें फैलाने के मामले में बड़ी कार्रवाई हुई है। इस तरह की खबरें प्रसारित करने वाले चार यूट्यूब चैनलों के खिलाफ उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद की ओर से साइबर क्राइम थाने में एफआईआर दर्ज कराई गई है। बोर्ड के सचिव भगवती सिंह ने तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराया है।

### माध्यमिक शिक्षा परिषद की छवि हो रही धूमिल

बोर्ड सचिव द्वारा दी गई तहरीर में आरोप लगाया गया है कि कुछ यूट्यूब चैनल हाईस्कूल और इंटरमीडिएट परीक्षा 2026 के प्रश्नपत्र वायरल होने जैसे भ्रामक शीर्षकों के साथ वीडियो प्रसारित कर रहे हैं। इससे परीक्षार्थियों और अभिभावकों में भ्रम की स्थिति पैदा हो रही है और परिषद की छवि धूमिल हो रही है।

### सिविल लाइंस पुलिस ने शुरू की कार्रवाई

साइबर क्राइम थाना पुलिस ने बताया कि मामले में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। संबंधित धाराओं में केस दर्ज करते हुए जांच शुरू कर दी गई है।

### साइबर सेल की ली जा रही मदद

थाना प्रभारी के अनुसार, यूट्यूब पर अपलोड किए गए वीडियो और डिजिटल साक्ष्यों की जांच के लिए साइबर सेल की भी मदद ली जा रही है। संबंधित चैनलों की गतिविधियों, वीडियो अपलोड की टाइमिंग और स्रोत की तकनीकी पड़ताल की जा रही है।

### 18 फरवरी से शुरू हो चुकी हैं परीक्षाएं

हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की बोर्ड परीक्षाएं 18 फरवरी 2026 से शुरू हो चुकी हैं। परीक्षा शुरू होने के बाद से ही इस तरह की अफवाहें फैलने लगी थीं। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि परीक्षा का संचालन निष्पक्ष और शांतिपूर्ण ढंग से कराया जा रहा है।

### छात्रों से अपील भी की गई

परिषद और पुलिस प्रशासन ने परीक्षार्थियों से अपील की है कि वे सोशल मीडिया पर प्रसारित किसी भी अपुष्ट या संदिग्ध सूचना पर विश्वास न करें और केवल आधिकारिक स्रोतों से जारी सूचनाओं पर ही भरोसा करें।

# कार सवारों ने ट्रक चालक के भाई को गोली मारी

## वाहन हटाने को लेकर विवाद हुआ, दौड़ाकर पीटा; जिला पंचायत सदस्य समेत 7 नामजद

संवाददाता



प्रयागराज , रास्ते में एक किनारे खड़े ट्रक को हटाने को लेकर विवाद हो गया। 6-7 कारों में सवार 10 लोगों ने ट्रक चालक को पीटना शुरू कर दिया। उस पर राइफल, रिपीटर, पिस्टल, डंडे और चापड़ से हमला कर दिया। जान बचाने के लिए ट्रक चालक अपने घर की ओर भागा। हमलावरों ने उसे दौड़ा-दौड़ाकर पीटा। गांव के लोग और घरवाले जब बचाने दौड़े तो हमलावरों ने फायरिंग शुरू कर दी। इस दौरान एक गोली चालक के बड़े भाई को लग गई। उन्हें एसआरएन अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मामले में जिला पंचायत सदस्य समेत 7 लोगों के खिलाफ नामजद रिपोर्ट दर्ज की गई है। मौके से एक युवक को पकड़ लिया गया है, जिससे पुलिस पूछताछ कर रही है। घटना होलागढ़ क्षेत्र की। रास्ते पर किनारे खड़ा था ट्रककस्तूरीपुर हरिकिशन रोड, होलागढ़ निवासी रामकैलाश ट्रक चलवाते हैं। उन्होंने बताया कि बुधवार को ट्रक माल अनलोड करके मैं घर आया था। ट्रक काफी गंदा था। सुबह करीब 11 बजे मैं खेत के सामने कच्चे रास्ते पर ट्रक को खड़ाकर उसे धुलने लगा। आरोप है कि उसी दौरान नीलेश मिश्रा उर्फ नीलू उर्फ शिवम मिश्रा निवासी पूरनपुर और रोहित पांडे निवासी गिरधरपुर गोंडवा चारपहिया वाहन से वहां से गुजर रहे थे। उन्होंने ट्रक हटाने को कहा, तो रामकैलाश ने किनारे से निकल जाने की बात कही। इस पर दोनों ने गाली-गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर वे धमकी देते हुए वहां से चले गए। करीब आधे घंटे बाद दोनों 6-7 चारपहिया वाहनों से अपने साथियों के साथ लौटे। सभी आदि से लैस थे। आरोप है कि सभी ने मिलकर रामकैलाश को पीटना शुरू कर दिया और उसे घर तक दौड़ाकर लाठी-डंडों व असलहों की बट से हमला किया। फायरिंग में भाई को लगी गोलीशोर सुनकर गांव के लोग और परिवार के सदस्य मौके पर पहुंचे ।

तो हमलावरों ने फायरिंग शुरू कर दी। फायरिंग के दौरान एक गोली उसके बड़े भाई रामआसरे की ठुड्डी के पास लगी, जिससे वह लहूलुहान होकर जमीन पर गिर पड़े। गोली चलने से मौके पर अफरातफरी मच गई और ग्रामीण पीछे हट गए।

# ईरान के सर्वोच्च नेता खामेनेई की मौत

## मवाना में शिया समुदाय में शोक, काले झंडे लगाए गए



संवाददाता

मेरठ, मवाना में अमेरिका और इजरायल द्वारा ईरान पर किए गए हवाई हमलों में सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई और उनके परिवार की मौत की खबर से मवाना का शिया समुदाय प्रभावित हुआ है। इस घटना के बाद रविवार को मोहल्ला तिहाई सहित शिया बहुल इलाकों में काले झंडे लहराए गए। स्थानीय निवासियों के अनुसार, खामेनेई को अपना आध्यात्मिक गुरु मानने वाले समुदाय के लिए यह एक महत्वपूर्ण घटना है। हमले की खबर फैलने के बाद मस्जिदों और इमामबाड़ों में दुआएं की जा रही हैं। स्थिति की संवेदनशीलता को देखते हुए पुलिस प्रशासन, अधिकारी और गोपनीय इकाई 'सरथक' सतर्क हो गए हैं।

# पीड़ित परिवार से मिले चंद्रशेखर आजाद

## दु:ख जताया और हर संभव मदद का दिलाया भरोसा

संवाददाता

मेरठ , आजाद समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और नगीना से सांसद चंद्रशेखर आजाद ने मेरठ के किदवई नगर पहुंचकर अग्निकांड के पीड़ित परिवार से मुलाकात थी। उन्होंने पीड़ित परिवार से पूरा घटनाक्रम जाना और हर संभव मदद का भरोसा दिलाया। करीब एक घंटा वह किदवई नगर रुके। पहले एक नजर डालते हैं हादसे पर 23 फरवरी की शाम किदवई नगर में रहने वाले इकबाल अहमद के घर में अचानक आग लग गई थी, जिसमें उनकी एक पुत्रवधू रुखसार के अलावा पांच बच्चों की दम घुटने से मौत हो गई थी। इस हादसे के बाद से ही किदवई नगर में सांत्वना देने वालों का ताता लगा है। सपा और आप के नेता मिलकर जा चुके समाजवादी पार्टी के विधायक शाहिद मंजूर, रालोद विधायक गुलाम मोहम्मद के अलावा आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सांसद संजय सिंह भी परिवार से मिलकर सांत्वना दे चुके हैं। उन्होंने भी हादसे पर



दुःख जताया था और पीड़ित परिवार को हर संभव मदद का आश्वासन दिया था। पिता को गले लगाकर दी सांत्वना चंद्रशेखर आजाद करीब 35 मिनट किदवई नगर में रुके। उनके साथ पार्टी के कई वरिष्ठ नेता व कार्यकर्ता भी मौजूद रहे। वह चंद्रशेखर आजाद को सीधे उसे जगह ले गए जहां परिवार से उनकी मुलाकात होनी थी। इकबाल अहमद को देखते ही वह खड़े हो गए और उन्हें गले लगाया। इसके बाद इकबाल अहमद के हर बेटे से वह मिले और उन्हें सांत्वना दी। खुद को इस जगह रखकर दर्द करें महसूस चंद्रशेखर आजाद ने कहा कि 6 महीने के दोनों बच्चे हो या चार साल के मासूम, उनके फोटो देखकर ही रोंगटे खड़े हो जाते हैं।उन्होंने राजस्थान की एक घटना का जिक्र करते हुए बताया कि वहां एक बच्चे को चोट लगी थी।

# बेल मिली, फिर भी जेल नहीं छोड़ रही पीछा

**चीनी महिला एलिस ली को चाहिए दो जमानती, 27 अगस्त 2025 को पहुंची थी जेल**

संवाददाता

मेरठ , चोरी के आरोप में मेरठ जेल में बंद चीनी महिला एलिस ली उर्फ ली तेंगली बेल मिलने के बाद भी बाहर नहीं आ पा रही हैं। इसकी वजह जमानती ना मिलना बताया जा रहा है। 10 दिन से ज्यादा हो चुके हैं लेकिन जमानती नहीं मिल रहे। अफसरों की मानें तो जब एलिस ली को जमानती मिलेंगे, तब ही वह जेल से बाहर आ सकेंगी। फिलहाल वह जेल में ही रहेंगी। पहले जानिए पूरा मामला ग्रेटर नोएडा के बेंगनेस पार्क में टेंटेक इलेक्ट्रानिक प्राइवेट लिमिटेड नाम की कंपनी है जो विजुअल डिसप्ले बनाने का काम करती है। डिपार्टमेंट ने यहां छापा मारकर बड़ी मात्रा में टैक्स चोरी पकड़ी थी। विजिलेंस की मदद से कंपनी के मैनेजर विनय कुमार सिंह और कैशियर चीनी महिला एलिस ली उर्फ ली तेंगली को गिरफ्तार कर लिया गया। 27 को पहुंची सलाखों के पीछे

26 अगस्त, 2025 को ॠरळ व विजिलेंस के द्वारा यह कार्रवाई की



गई थी। टीम विनय व एलिस ली को लेकर मेरठ आई और यहां कोर्ट में पेश किया। कोर्ट ने दोनों को चार दिन की न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। तभी से एलिस ली सलाखों के पीछे है। साक्षरता अभियान का उठाया लाभ एलिस ली केवल चाइनीज जानतीं थी लेकिन जेल में चाइनीज कोई नहीं समझ पाता था। शुरआत में इशारों से ही वह अपनी बात कह पाती थी। धीरे धीरे उसने हिंदी को समझना शुरू किया। जेल के भीतर पढ़ाने आने वाली शिक्षिकाओं से सीखना शुरू किया। निशा नाम की एक महिला बंदी से अच्छी दोस्ती हो गई

# एनसीआरटीसी और एनसीडी ने महिला सुरक्षा पर किया नुक्कड़ नाटक

## गाजियाबाद के राज नगर एक्सटेंशन में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया

संवाददाता

गाजियाबाद , राज नगर एक्सटेंशन में महिला सुरक्षा जागरूकता के लिए एक नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम गौर कैसकेड सोसायटी, रिवर हाइट सोसायटी और आशियाना पाम कोर्ट सोसायटी के पास स्थित मार्केट में हुआ। इसमें बड़ी संख्या में स्थानीय निवासी, महिलाएं और युवा शामिल हुए। इस नुक्कड़ नाटक का आयोजन नेशनल कैपिटल रीजन ट्रांसपोर्ट कॉर्पोरेशन और नेशनल स्कूल ऑफ ड्रामा के कलाकारों ने फठए७ कम्युनिटी के सहयोग से किया। कलाकारों ने अभिनय के माध्यम से बताया कि महिलाएं छोटी-छोटी सावधानियां अपनाकर अपनी सुरक्षा कैसे सुनिश्चित कर सकती हैं। नाटक में सार्वजनिक स्थानों और परिवहन के दौरान सतर्क रहने, हेल्पलाइन नंबर



याद रखने और किसी भी संदिग्ध स्थिति में तुरंत आवाज उठाने का संदेश दिया गया। इसमें यह भी बताया गया कि महिलाओं के सम्मान और सुरक्षा को प्राथमिकता देना समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है। उपस्थित लोगों ने कलाकारों की प्रस्तुति की सराहना की और महिला सुरक्षा के प्रति जागरूक रहने का संकल्प लिया।

इस अवसर पर दीपांशु मित्तल ने बताया कि ऐसे जागरूकता कार्यक्रम नियमित रूप से आयोजित किए जाएंगे। इसका उद्देश्य समाज में सकारात्मक बदलाव लाना और महिलाओं को सुरक्षित महसूस कराना है।

# यूनिवर्सिटी में रोजा रखे छात्र को दौड़ाकर पीटा

## मेरठ में रंग खेलने को लेकर हुआ झगड़ा; कपड़े भी फाड़े

संवाददाता

मेरठ , एक प्राइवेट यूनिवर्सिटी में मुस्लिम छात्र को दौड़ा कर पीटा गया। उसके कपड़े फाड़ दिए। दरअसल, यूनिवर्सिटी में छात्र होली खेल रहे थे। मुस्लिक छात्र वहां से गुजर रहा था। उसने होली खेल रहे छात्रों के बीच से निकलने की कोशिश की। जिस पर विवाद हो गया। होली खेल रही छात्रों की भीड़ उसे दौड़ाने लगी, मुस्लिम छात्र भागने लगा। इस दौरान छात्रों ने उसे पकड़कर जमकर पीटा। वहां भगदड़ जैसी स्थिति बन गई। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। शिकायत मिलने के बाद यूनिवर्सिटी प्रशासन ने एक छात्र को निलंबित कर दिया है। मामला ककटळ यूनिवर्सिटी का है। सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा वीडियो 27 सेकंड का है। जिसमें छात्रों की भीड़ काली पैंट और सफेद



कुर्ता पहने युवक को दौड़ा रही है। इस दौरान छात्र पकड़कर उसे पीटते हैं। इस दौरान अफरा-तफरी मच जाती है और कुछ छात्राएं भी भागते नजर आती हैं। घटना शुक्रवार की है। यूनिवर्सिटी के कुछ छात्र मुख्य ब्लॉक के ठीक सामने होली खेल रहे थे। इन छात्रों की अच्छी खासी भीड़ जमा थी। इसी दौरान एक मुस्लिम छात्र वहां से निकला। बताया जाता है कि उसने होली खेल रहे छात्रों को रोककर वहां से निकलने का प्रयास किया, जिसमें उसकी नोंकझोंक हो गई। विरोध करना इस छात्र को भारी पड़ा और उससे हाथापाई कर दी गई।

### यूनिवर्सिटी में इंजीनियरिंग का छात्र है पीड़ित


जिस मुस्लिम छात्र के साथ मारपीट की गई है, वह इसी यूनिवर्सिटी से इंजीनियरिंग की पढ़ाई कर रहा है। मारपीट के बाद वह सीधे यूनिवर्सिटी के अधिकारियों से मिला और उन्हें घटना बताई। यूनिवर्सिटी प्रशासन की ओर से सीसीटीवी कैमरे चेक किए गए, जिसमें मारपीट के एक आरोपी की पहचान होने के बाद उसे सस्पेंड कर दिया गया।

### अन्य आरोपी छात्रों की हो रही पहचान

यूनिवर्सिटी के अफसरों का कहना है कि इस मामले में अभी पुलिस से कोई शिकायत नहीं की गई है। यह यूनिवर्सिटी का इंटरनल मामला है। अभी एक छात्र चिन्हित हुआ है, उसे सस्पेंड कर दिया गया है। अन्य आरोपी छात्रों की पहचान का प्रयास किया जा रहा है गंगानगर अनूप कुमार सिंह का कहना है कि सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो की जानकारी तो मिली है

# पांच दिन के लिए धारा 163 लागू

## सामूहिक कार्यक्रम की अनुमति नहीं, जुलूस और धरना प्रदर्शन पर रोक



संवाददाता

गौतमबुद्धनगर , पुलिस कमिश्नरेट त्योहार की वजह से धारा 163 जनपद में तक लागू कर दिया है। पुलिस अधिकारियों के मुताबिक इस दौरान में कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए विशेष सतर्कता बरती जाएगी। धारा 163 लागू रहने के दौरान बिना अनुमति के पांच या उससे अधिक लोगों का एकत्र होना, जुलूस निकालना, धरना-प्रदर्शन करना या किसी प्रकार का सामूहिक कार्यक्रम करने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

# वीवो कंपनी के खिलाफ आंदोलन की चेतावनी

## स्थानीय युवाओं को रोजगार न मिलने पर किसान एकता संघ ने दी चेतावनी

संवाददाता

जेवर , ग्रेटर नोएडा के रामपुर खादर गांव में किसान एकता संघ की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। हरिसिंह प्रधान के आवास पर हुई इस बैठक की अध्यक्षता राजवीर सिंह ने की, जबकि संचालन जिला अध्यक्ष पप्पे नागर ने किया। बैठक में क्षेत्र की मूलभूत समस्याओं और स्थानीय युवाओं को रोजगार न मिलने के मुद्दे पर व्यापक चर्चा हुई। संगठन के प्रदेश अध्यक्ष पंडित प्रमोद शर्मा ने आरोप लगाया कि प्राधिकरण क्षेत्र के गांव आज भी बुनियादी सुविधाओं से वंचित हैं। उन्होंने कहा कि गांवों में सफाई व्यवस्था चरमराई हुई है और स्ट्रीट लाइटों की हालत भी खराब है। शर्मा ने विशेष रूप से वीवो कंपनी पर स्थानीय युवाओं को 'लोकल' बताकर रोजगार न देने का आरोप लगाया, जिससे क्षेत्र के शिक्षित युवाओं में भारी नाराजगी है। बैठक में उपस्थित वक्ताओं ने स्पष्ट किया कि यदि स्थानीय युवाओं को प्राथमिकता के आधार पर रोजगार नहीं दिया गया, तो संगठन जल्द ही बड़े आंदोलन की घोषणा करेगा। उन्होंने जोर देकर कहा कि रोजगार का अधिकार स्थानीय



लोगों का है और इसके लिए किसी भी स्तर तक संघर्ष किया जाएगा इस दौरान संगठन का विस्तार भी किया गया। सर्वसम्मति से मोहित भाटी को जिला सचिव नियुक्त किया गया। पदाधिकारियों ने उन्हें बधाई दी और संगठन को मजबूत करने का संकल्प लिया। बैठक में राष्ट्रीय चौधरी सोरन प्रधान, कृष्ण बैसला, पंडित प्रमोद शर्मा, पप्पे नागर, विक्रम नागर, उम्मेद एडवोकेट, शिवम शर्मा, महेंद्र कसाना, जोरा भाटी, जेपी नागर, आसिफ उस्मानपुर, राकेश सैनी, दीपु सैनी, गंगाराम, अनिल नागर, फैजान अली, गुलहसन सहित सैकड़ों ग्रामीण मौजूद रहे।

# सड़क हादसे में भाई-बहन की मौत

## अज्ञात वाहन ने बाइक को टक्कर मारी, लोगों ने किया हंगामा

संवाददाता

गौतम बुद्ध नगर ,ग्रेटर नोएडा में रात एक सड़क हादसे में सगे भाई-बहन की मौत हो गई। जारचा थाना क्षेत्र के अल्ट्राटेक चौकी इलाके में एक अज्ञात तेज रफ्तार वाहन ने उनकी मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। चालक वाहन सहित घटनास्थल से फरार हो गया। मृतक नवीन (35) और प्रियांशी (18) पावली गांव के निवासी थे। वे दादरी से अपनी मोटरसाइकिल पर गांव लौट रहे थे। जारचा रोड पर पीछे से आ रहे एक अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर के



बाद बाइक कई मीटर दूर जा गिरी और दोनों भाई-बहन की घटनास्थल पर ही मृत्यु हो गई। राहगीरों ने तत्काल पुलिस को सूचना दी। पुलिस टीम मौके पर पहुंची, लेकिन तब तक दोनों की मौत हो चुकी थी। चालक घटनास्थल से फरार हो गया था। पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा और क्षतिग्रस्त मोटरसाइकिल को भी जब्त कर लिया। जारचा थाना प्रभारी ने बताया कि अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है और मार्ग पर लगे अन्य कैमरों की मदद से वाहन की पहचान करने का प्रयास कर रही है। हादसे की खबर फैलते ही क्षेत्र में तनाव का माहौल बन गया। बड़ी संख्या में किसान यूनियन के कार्यकर्ता और ग्रामीण घटनास्थल पर पहुंचे। उन्होंने आरोप लगाया कि इस मार्ग पर बड़े वाहनों के कारण पहले भी कई गंभीर हादसे हो चुके हैं

# हर्ट अटैक से शिक्षिका की मौत, शिक्षा जगत में शोक

अमन लेखनी समाचार



गाजीपुर जिले के सैदपुर क्षेत्र के जौहरगंज स्थित प्राथमिक विद्यालय में तैनात सहायक अध्यापिका रागिनी शर्मा की गुरूवार को स्कूल के अंदर बच्चों को पढ़ाने के दौरान हर्ट अटैक से मौत हो गई। वो महज 40 वर्ष की थीं। उनके निधन के बाद शिक्षा जगत में शोक की लहर पैदा हो गई, वहीं परिजनों में कोहराम मच गया। वाराणसी निवासिनी रागिनी शर्मा जौहरगंज के प्रावि में तैनात थीं और घर से नियमित स्कूल आती-जाती थीं। जायज तौर पर वो स्वस्थ थीं। रोज की तरह रागिनी गुरूवार को भी स्कूल आईं और कक्षा में बच्चों को पढ़ा रही थीं। तभी हृदयाघात से अचानक से उनकी हालत बिगड़ी और वो गिर गईं। ये देख बच्चे शोर मचाते हुए बाहर भागे और अन्य शिक्षकों को बताया। जिसके बाद जब तक कोई कुछ समझ पाता, उनकी मौत हो चुकी थी। चिकित्सक द्वारा घोषित करने के बाद शिक्षा क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। कई शिक्षक फौरन स्कूल पर पहुंचे। इसके बाद परिजन भी रोते बिलखते आए और शव को लेकर घर चले गए। रागिनी अपने पीछे पति सहित 2 नन्हीं बेटियों को छोड़ गई हैं। सभी का रो-रोकर बुरा हाल है। उनके निधन पर शिक्षकों ने शोक जताते हुए कहा कि रागिनी शर्मा अपने सरल, सहज और मिलनसार स्वभाव के लिए जानी जाती थीं। वे एक संघर्षशील शिक्षिका थीं और अपने कर्तव्यों का निर्वहन पूरी निष्ठा के साथ करती थीं। उनके असमय निधन से विद्यालय परिवार सहित बेसिक शिक्षा विभाग को गहरा आघात पहुंचा है।

# बाबा पृथ्वी सिंह आजाद की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि




अमन लेखनी समाचार

भरूआ, सुमेरपुर। वर्णिता संस्था के तत्वावधान में स्वतंत्रता संग्राम सेनानी बाबा पृथ्वी सिंह आजाद की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। संस्था के अध्यक्ष डॉ. भवानीदीन ने उन्हें नमन करते हुए कहा कि बाबा पृथ्वी सिंह आजाद मातृभूमि के सच्चे सपूत थे और देश की आजादी में उनका योगदान अविस्मरणीय है। उन्होंने बताया कि बाबा पृथ्वी सिंह आजाद का जन्म 15 सितंबर 1892 को पंजाब के लालडू में चौधरी शादीराम के घर हुआ था। मैट्रिक की शिक्षा के बाद लाला लाजपत राय के जीवन चरित से प्रभावित होकर मात्र 15 वर्ष की आयु में स्वतंत्रता आंदोलन में कूद पड़े। वे कई देशों की यात्रा कर भारत की आजादी के लिए प्रयासरत रहे और गदर पार्टी के संस्थापक सदस्यों में शामिल थे। उन्हें जिंदा शहीद भी कहा जाता था। पांच मार्च 1989 को उनका निधन हुआ कार्यक्रम में अशोक अवस्थी, सिद्धा, महावीर प्रजापति, रिचा, रामनारायन सोनकर, विकास, प्रेम, सागर, प्रिंस, पंकज सिंह, सतेंद्र व राहुल प्रजापति सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# होली महोत्सव के पावन पर्व पर निकली विशाल शोभायात्रा

अमन लेखनी समाचार/उमेश दीक्षित



कुरारा , हमीरपुर।नगर कुरारा में प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी रामलीला मैदान में कुरारा रामलीला महोत्सव का भव्य आयोजन होने जा रहा है उसी के निमित्त आज नगर में विशाल शोभा यात्रा का आयोजन हुआ शोभा यात्रा का शुभारंभ विजय का प्रतीक प्राचीन झंडे एवं भगवान के रूप में विभिन्न प्रकार की सजी झांकियों का आरती पूजन कर आए हुए अतिथियों ने किया वहीं रामलीला कमेटी के अध्यक्ष गुल्ली महाराज ने बताया कि यह कार्यक्रम तीन दिवसीय भव्य रामलीला का कार्यक्रम है जो आज 5 मार्च को राम वन गमन, 6 मार्च को राम केवट संवाद, 7 मार्च को विशाल धनुष यज्ञ लीला का दिव्य मंचन समय रात्रि 8:00 बजे से होगा लीला का धर्म पाठशाला के माध्यम से सीधा लाइव प्रसारण होगा और रामलीला का मंचन बहुत ही अच्छे सुविख्यात आमंत्रित कलाकारों द्वारा होगा जिसकी शुरूआत आज विशाल शोभायात्रा से की गई शोभायात्रा नगर के विभिन्न मार्गो से होते हुए पुनः रामलीला मैदान पहुंचेगी इस शोभा यात्रा में विभिन्न प्रकार की नैनाभिराम झाँकियों का समागम सुन्दर बघियों के साथ रहा,बैंड, डी जे आदि भी आकर्षण का केंद्र रहे, शोभायात्रा में नृत्य भी खूब शोभायमान रहा नगर के लोगों ने खूब बढ़-चढ़कर हर्षोल्लास के साथ हिस्सा लिया लोगों ने भी जानकारी साझा कर कहा की यह होली के बाद भाई दूज के दिन होने वाली बहुत ही पुरानी परंपरा है वहीं शोभा यात्रा में झांकियों का जगह-जगह लोगों ने आरती पूजन किया इस अवसर पर कुरारा चेयरमेन आशारानी कबीर, ब्लॉक प्रमुख आशीष पालीवाल, पूर्व जिला अध्यक्ष भाजपा ब्रज किशोर गुप्ता, नगर पालिका अध्यक्ष हमीरपुर कुलदीप निषाद, जिला सह मीडिया प्रभारी भाजपा हमीरपुर अभिनव तिवारी, बंटी सोनी, दीपक द्विवेदी, शिव भजन सिंह, राम तिवारी, शिव मूरत चंदेल, रामा सिंह,कार्तिक तिवारी, डॉ अमित दीक्षित, प्रणव प्रकाश शुक्ला, धर्मेंद्र पालीवाल, हरनारायण सिंह हिन्दू, अनुज द्विवेदी,अंशू द्विवेदी, गुल्लू शिवहरे, लल्ला तिवारी व नगर पंचायत कुरारा के सभासद गण एवं नगर के विभिन्न गणमान्य जनों के साथ सैकड़ो पुरुष एवं मातृशक्ति व बच्चे उपस्थिति रहे सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस बल तैनात रहा।

## खास समाचार

# राज्य महिला आयोग सदस्य का जनपद में भ्रमण कार्यक्रम 8 व 9 मार्च को

अमन लेखनी समाचार

सोनभद्र। राज्य महिला आयोग उ0प्र0 सदस्य सुनीता श्रीवास्तव का जनपद सोनभद्र में भ्रमण कार्यक्रम 8 व 9 मार्च, 2026 को निर्धारित है। सदस्य जी का आगमन 8 मार्च,2026 का सायं 05.00 बजे रेनुकूट के गेस्ट हाउस में होगा। 9 मार्च,2026 को प्रातः 09.00 बजे ज्वाला देवी मन्दिर शक्तिनगर मंदिर में दर्शन पूजन करेंगीं, इसके बाद जनपद बलिया के लिए रवाना होंगी।

# उ0प्र0 विधान परिषद की प्रदेशीय विद्युत व्यवस्था सम्बन्धी जॉच समिति का जनपद में प्रस्तावित अध्ययन भ्रमण कार्यक्रम 14 व 15 मार्च को

अमन लेखनी समाचार

सोनभद्र। उत्तर प्रदेश विधान परिषद की प्रदेशीय विद्युत व्यवस्था सम्बन्धित जॉच समिति का जनपद सोनभद्र में प्रस्तावित अध्ययन भ्रमण कार्यक्रम 14 व 15 मार्च,2026 को निर्धारित है। उत्तर प्रदेश विधान परिषद की प्रदेशीय विद्युत व्यवस्था सम्बन्धित जॉच समिति का आगमन 14 मार्च,2026 को राबर्ट्सगंज में सायं 04 बजे होगा। 14 मार्च, 2026 को जॉच समिति द्वारा अनपरा, ओबरा में स्थलीय निरीक्षण करेंगें। इसी प्रकार से जॉच समिति द्वारा 15 मार्च,2026 को जनपद स्तरीय अधिकारियों के साथ बैठक करेंगें।

# पुलिस लाइन चित्रकूट में जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक चित्रकूट की उपस्थिति में धूमधाम से मनाया गया बसंत उत्सव होली का त्योहार

अमन लेखनी समाचार

चित्रकूट।आज दिनांक 05.03.2026 को पुलिस लाइन चित्रकूट में होली के पावन पर्व को हर्षोल्लास एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में धूमधाम से मनाया गया।इस अवसर पर जिलाधिकारी चित्रकूट पुलकित गर्ग एवं पुलिस अधीक्षक चित्रकूट अरुण कुमार सिंह की गरिमामयी उपस्थिति में अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम के दौरान पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने आपसी भाईचारे, प्रेम और सौहार्द का संदेश देते हुए उत्साहपूर्वक होली का पर्व मनाया। इस अवसर पर सांस्कृतिक माहौल के बीच सभी ने मिलकर पारंपरिक तरीके से होली का आनंद लिया। जिलाधिकारी चित्रकूट एवं पुलिस अधीक्षक चित्रकूट ने सभी को होली की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि होली का पर्व आपसी प्रेम, भाईचारे और सामाजिक सद्भाव का प्रतीक है। इस दौरान प्रतिसार निरीक्षक राम शीष यादव,पीआरओ प्रदीप पाल, समस्त थाना प्रभारी,अन्य अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे सभी ने मिलकर होली के पर्व को उत्साह एवं उल्लास के साथ मनाया।



# वन विभाग और पुलिस की सह पर हरियाली पर आरा रेगिस्तान बनाने पर अमादा लकड़कटा माफिया





अमन लेखनी समाचार

नसीराबाद रायबरेली/जहां एक तरफ प्रदेश सरकार द्वारा प्रत्येक वर्ष पौधारोपण कर हरियाली बसाने के लिए करोड़ों रुपए पानी की तरह खर्च कर रही है तो वहीं जनपद के सलोन में आने वाला छतोह ब्लाक और नसीराबाद क्षेत्र में पुलिस और वन विभाग की सह पर लकड़कटा माफिया हरियाली पर इस कदर हाभी है कि दिन हो या रात आरा और इलेक्ट्रॉनिक मशीन चला कर हरियाली उजाड़ कर सरकार की इस मुहीम को फेल कर रहे है हरे भरे अवैध पेड़ों को रात दिन में आरा और इलेक्ट्रॉनिक मशीन से काटकर क्षेत्र को पूरी तरह रेगिस्तान बनाने पर आमादा हो गए है आए दिन दर्जनों से अधिक अवैध पेड़ काट कर जमीन पर धराशाही कर गोरखधंधा करने में लगे हैं लोगों की मानें तो शिकायत पर वन विभाग पहुंचता है लेकिन खाना पूर्ति कर चंद पेड़ों का जुमार्ना के नाम अलग से मोटी रकम वसूल कर जेब में रख लेता है सूत्रों की माने तो इस अवैध कटान और गोरखधंधा में क्षेत्रीय सिपाही से लेकर दरोगा और वन विभाग सामिल रहता है जिसके लिए दोनों विभागों को मोटी रकम मिलती है मामला छतोह और नसीराबाद का है जहां लकड़कटा माफिया हरियाली पर इलेक्ट्रिक मशीन और आरा चलाकर पूरे क्षेत्र को रेगिस्तान बनाने पर आमादा हो चुके हैं सूत्रों की माने तो इस अवैध काम में वन विभाग और पुलिस की भी बड़ी भूमिका रहती है जिससे क्षेत्र में ठेकेदार लगातार बेखौफ होकर इस गोरखधंधे को अंजाम देते हुए सप्ताह भर तक हरे भरे पेड़ों को काटकर काली कमाई करते रहते है आगे सूत्रों की माने तो लकडकटा ठेकेदार द्वारा हरे भरे पेड़ों की कटान करने के लिए दर दाम फिक्स किया है जैसे एक ट्राली के लिए थाने में 12 हजार देना होता है क्षेत्रीय सिपाही पांच सौ वहीं थाने की तीन यूपी डायलो में दो दो हजार कर और वन विभाग के हिस्से में आठ हजार जाता है पत्रकार की बात करें तो तथाकथित जिनकी न कभी खबर देखी गई और न ही अखबार आता है ऐसे पत्रकार कार्ड बनवा कर घर में बैठने वाले नसीराबाद में पेड़ कटान का दो सौ रुपए से लेकर पांच सौ वसूली कर रहे हैं वहीं सलोन रेन्जर श्याम सुंदर तेवारी का कहना है कि अवैध पेड़ कटान की शिकायत पर तत्काल कार्यवाही की जाएगी रही बात जुमार्ने के नाम वसूली तो इस विषय की जांच कराएंगे वहीं नसीराबाद थाना अध्यक्ष पवन कुमार सोनकर का कहना है कि पेड़ कटान जानकारी में नहीं रहता अगर क्षेत्र में कहीं भी कटान होती है तो उनके शिवजी नंबर 9454404142 पर शिकायत करें तत्काल कार्यवाही की जाएगी

### जुमार्ने पर वन विभाग का खेल

नसीराबाद रायबरेली/नाम न छापने की शर्त पर कई लकड़कटा ठेकेदार ने बताया कि वन विभाग में नवयुक दरोगा तैनात जो एक ट्राली का आठ हजार लेता हैं शिकायत होने पर अलग से वह भी कुछ पेड़ों का पांच हजार से छा हजार तक जुमार्ना के नाम वसूलते है आगे की बात माने तो जनवरी 2026 से अब तक लाखों रुपए से अधिक की राशी वन विभाग ने जुमार्ना के नाम वसूली की लेकिन रसीद नहीं दी गई

### इन जगहों पर अवैध कटान

नसीराबाद रायबरेली/नसीराबाद और छतोह ब्लॉक क्षेत्र के अंतर्गत बीते माहों से अब तक हरे-भरे अवैध पेड़ो की कटान जोरो पर की गई एक दो नहीं आधा दर्जन से लेकर दर्जनो से अधिक पेड़ काटे गए है जैसे नसीराबाद, भेलिया राजापुर कुंवर मऊ, बभनपुर, गढा परैया नमस्कार, बरखुरदारपुर, काजीपुर तेलियानी, मियां का पुरवा, बेवल, नसीराबाद देहात, कांटा, हाजीपुर बड़ी नहर के पास सरांय रजियापुर सदा का पुरवा आदि

# मऊ यमुना नदी में घर का इकलौता बेटा डूबा, दोस्तों के साथ नहाने गया था

अमन लेखनी समाचार



चित्रकूट। मऊ थाना अंतर्गत यमुना नदी के महिला पुल के निकट नहाते समय एक 16 वर्षीय दसवीं का छात्र डूब गया। किशोर अपने दोस्तों के साथ नदी में नहाने गया था पुलिस और स्थानीय प्रशासन गोताखोर की मदद से छात्र को ढूंढने का प्रयास कर रहे ही है। शाम देर रात तक किशोर का शव नहीं मिला। मृतक की पहचान नगर पंचायत मऊ मां अनंदी नगर निवासी शुभ मिश्रा उर्फ शिवांश मिश्रा पुत्र स्वर्गीय पुनीत मिश्रा के रूप में हुई है।शुभ मिश्रा आज सुबह करीब 10:00 बजे अपने घर से दोस्तों के साथ निकाला था दोपहर तक उसका फोन ना उठने पर परिवार जनों ने उसकी तलाश शुरू की थी। करीब 4:00 बजे शुभ के दोस्तों अमन पांडे और सचिन त्रिपाठी ने परिवारजनों को सूचना दी उन्होंने बताया कि वह सभी कौशांबी क्षेत्र में आने वाले यमुना पुल के नीचे नहा रहे थे नहाने के दौरान शुभ गहराई में चला गया और डूबने लगा दोस्तों ने उसे बचाने का प्रयास किया लेकिन सफल नहीं हो सके डरकर वह अपने घर चले गए और बाद में परिजनों को जानकारी दी। शिवांश मिश्रा के पिता का निधन 8 वर्ष पहले हो चुका था शुभ दो बहन एक भाई में सबसे बड़ा है शुभ की मां पति के निधन के बाद एक बेटी को लेकर मायके में रहती है, शुभ अपने बाबा राम कृष्ण मिश्रा और छोटी बहन के साथ रहता था। बाबा खेती करके भरण पोषण करते थे शुभ यूपी बोर्ड में दसवीं की परीक्षा दे रहा था यह पहले छीबों के निवासी हैं मऊ में आकर रहने लगे थे। सूचना मिलने पर मौके उप जिला अधिकारी राम ऋषि रमन क्षेत्राधिकार फहद अली और थाना प्रभारी दुर्विजय सिंह फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे मऊ पुलिस को गोताखोरों की मदद से शुभ मिश्रा को ढूंढने का प्रयास कर रही है घटनास्थल पर भारी संख्या में पुलिस बल ग्रामीण और मऊ मानिकपुर विधायक के भाई विकास द्विवेदी ने मौजूद रहे। यमुना नदी के किनारे से शुभ के कपड़े भी मिले हैं बताया जा रहा है वह फूल है जो कौशांबी महिला ग्राम पंचायत की ओर जाता है और किशोर नदी के किनारे नहाने गया था। घटना के दिन देर शाम तक पुलिस गोताखोर प्रयास करते रहे लेकिन लाश नहीं मिली यहां पर यमुना में पथरी है जिस पर हमेंसा शव फंस जाते हैं और सुबह अपने आप लाश उतरा आती है। दूसरे दिन शव 3:30 बजे मिला जिसको पुलिस ने पंचनामा करके पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# कार्यकर्ताओं के साथ भाजपा जिला कार्यालय में खेली गई होली



अमन लेखनी समाचार उमेश दीक्षित

हमीरपुर ।भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय हमीरपुर में जिला अध्यक्ष शकुंतला निषाद की उपस्थिति में सभी उपस्थित पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता भाई बहनों के साथ भव्य होली खेली गई मीडिया प्रभारी अरविंद श्रीवास्तव ने जानकारी देते हुए बताया कि नवनियुक्त जिला अध्यक्ष शकुंतला निषाद जब से बागडोर अपने हाथों पर ली है तो तब से बराबर कार्यकताओं के साथ हर दुख सुख में सामने रहती है जिलाअध्यक्ष ने होली , भैया दूज त्योहार पर अपने सभी भाई बहन पदाधिकारी एवं कार्यकताओं के साथ जिला कार्यालय में पहुंचकर गुलाल ,रंग एक दूसरे को लगाकर होली मनाई तथा जिला अध्यक्ष के द्वारा सभी जनपद वासियों को शुभकामनाएं दी गई इस होली मिलन कार्यक्रम में पूर्व जिला अध्यक्ष विजय पांडे लक्ष्मी रतन साहू किशन व्यास उत्तम सिंह साधना सिंह रणवीर सिंह अंकित गुप्ता योगेंद्र दीक्षित मोहन कुशवाहा अरविंद शर्मा रोशनी साहू दुर्गेश ओमर उमा दीक्षित हिना परवीन रेनू अनुरागी मीना सिंह सिया प्यारी आशुतोष दुबेदी सियाराम विश्वकर्मा दिनेश द्विवेदी सुभाष पांडे रमाकांत सिंह उपस्थित रहे।

# दबंग युवक ने चलाई गोली, महिला हुई घायल

## छावनी में तब्दील हुआ सिकरी गांव आरोपी फरार

अमन लेखनी समाचार / समरजीत सोनकर



अमौली, फतेहपुर। होली पर्व के चलते चांदपुर थाना क्षेत्र के सिकरी गांव में मामूली वाद विवाद में एक अन्य दबंग युवक ने गोली चला दी जिससे महिला गंभीर रूप से घायल हो गई मिली जानकारी के अनुसार ग्रामीण घायल महिला सिया दुलारी पत्नी लाल जी कोरी मेहनत मजदूरी करके अपना जीवन यापन करती थी महिला के एक पुत्र अमित तथा चार बेटियां गीता संगीता रोशनी तथा सोनू है सभी बेटियों का विवाह हो चुका है जहां एक बेटी रोशनी काफी लंबे समय से मायके सिकरी गांव में ही अपने पति के साथ निवास कर रही है बेटी रोशनी तथा दामाद गजेंद्र दोनों आपस में कहा सुनी कर रहे थे ठीक उसी समय रास्ते से गुजर रहे नशे की हालत में गांव के दबंग भीम सिंह यादव ने गाली गलौज करते हुए दोनों को हड़काया तथा हाथ में लिए 12 बोर तमंचे को दिखाते हुए फायर कर दी तमंचे से फायर होते ही पीछे खड़ी महिला सियादुलारी बुरी तरह घायल हो गई फायरिंग की आवाज सुनकर आसपास के पड़ोसी दौड़कर आए जिन्हें देखकर आरोपी भीम सिंह यादव मौके से फरार हो गया वही आनन फानन पुलिस प्रशासन तथा स्वास्थ्य विभाग को सूचना दी गई जहां सूचना पर पहुंचे अमौली चौकी प्रभारी दिग्विजय सिंह ने तत्काल महिला को नजदीकी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अमौली उपचार हेतु भेजा चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के पश्चात हालत नाजुक देख महिला को जिला अस्पताल फतेहपुर के लिए रेफर कर दिया वहीं सूचना मिलते ही थाना प्रभारी चांदपुर तथा क्षेत्राधिकारी जाफरगंज समेत भारी पुलिस बल गांव घटनास्थल पहुंचा फॉरेंसिक टीम बुलाई गई वही समूचे गांव को छावनी में तब्दील कर दिया गया फरार आरोपी भीम सिंह यादव की तलाश की गई परंतु खबर लिखते समय तक आरोपी प्रशासन की गिरफ्त में नहीं आया वहीं पीड़ित परिवार ने स्थानीय पुलिस प्रशासन पर भी गंभीर आरोप लगाए शाम समय खबर लेने पर मिली जानकारी के अनुसार महिला की हालत में कोई अच्छा सुधार नहीं दिख रहा

# श्री बांके बिहारी मंदिर में धूम धाम से मनाया गया रंगोत्सव

सोनभद्र। रॉबर्ट्सगंज नगर के रामलीला मैदान स्थित श्री बांके बिहारी मंदिर में बुधवार को रंगोत्सव धूमधाम से मनाया गया। फाग गायन के बाद फूल एवं गुलाल से ठाकुर जी को सजाया गया। एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर ठंढई, गुझिया, चिप्स, पापड़ के वितरण किया गया। लोग अपने अपने घरों से पकवान एवं फूल, अबीर ,गुलाल लेकर आए थे। बता दें कि यह परंपरा वर्ष 2019 से प्रारंभ की गयी है, तत्पश्चात सभी लोगों ने इस पवित्र एवं पावन पर्व पर शपथ लिया कि सभी उपस्थित लोग नशे से दूर रहेंगे और समाज में नशा मुक्ति के लिए वर्ष पर्यंत काम करेंगे।

# कलेक्ट्रेट सभागार में जनगणना 2027 की तैयारियों को लेकर की गयी बैठक, अधिकारियों को दिया गया प्रशिक्षण

अमन लेखनी समाचार

सोनभद्र। जिलाधिकारी/प्रमुख जिला जनगणना अधिकारी बी0एन0 सिंह की अध्यक्षता में आज कलेक्ट्रेट सभागार में जनगणना 2027 की तैयारियों तथा उसके प्रथम चरण के कार्यों के संबंध में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में जनगणना के प्रारंभिक कार्यों को समयबद्ध एवं प्रभावी ढंग से सम्पन्न कराने के लिए विभिन्न विभागों के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए तथा प्रशिक्षण भी प्रदान किया गया। सभी अधिकारियों को जनगणना के प्रथम चरण से संबंधित प्रक्रियाओं और जिम्मेदारियों के बारे में विस्तार से अवगत कराया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान जनगणना निदेशालय की ओर से आई प्रियासा सिंह ने उपस्थित अधिकारियों को जनगणना 2027 के प्रथम चरण के अंतर्गत किए जाने वाले मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना से संबंधित कार्यों की विस्तृत जानकारी दी। इस दौरान बताया गया कि इस बार की जनगणना पूर्णतया डिजिटल जनगणना होगी। उन्होंने बताया कि जनगणना का प्रथम चरण अत्यंत महत्वपूर्ण होता है, क्योंकि इसी चरण में प्रत्येक क्षेत्र में स्थित भवनों और मकानों की सही-सही पहचान और सूचीकरण किया जाता है, जो आगे होने वाली जनगणना की प्रक्रिया का आधार बनता है। प्रशिक्षण के दौरान अधिकारियों को चरणबद्ध तरीके से यह बताया गया कि मकान सूचीकरण कैसे किया जाएगा, किस प्रकार प्रत्येक भवन की जानकारी दर्ज की जाएगी तथा किन-किन बिंदुओं का विशेष ध्यान रखना होगा। इसके साथ ही डिजिटल माध्यमों के उपयोग, डाटा की शुद्धता, सर्वेक्षण के दौरान सावधानियों और रिपोर्टिंग की प्रक्रिया के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी गई। जिलाधिकारी बी0एन0 सिंह ने बैठक में उपस्थित अधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि जनगणना एक राष्ट्रीय महत्व का कार्य है और इसमें सभी संबंधित अधिकारियों की सक्रिय भागीदारी अत्यंत आवश्यक है। जिलाधिकारी प्रमुख जिला जनगणना अधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया कि प्रशिक्षण के दौरान प्राप्त जानकारी को गंभीरता से समझें और अपने-अपने क्षेत्र में कार्य करने वाले कर्मचारियों को भी सही तरीके से मार्गदर्शन प्रदान करें, ताकि जनगणना का कार्य बिना किसी त्रुटि के सम्पन्न हो सके। उन्होंने कहा कि मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना का कार्य पूरी पारदर्शिता और सावधानी के साथ किया जाना चाहिए, क्योंकि इसी आधार पर आगे की जनगणना प्रक्रिया संचालित होती है। जिलाधिकारी ने यह भी निर्देश दिए कि कार्य के दौरान किसी भी प्रकार की समस्या आने पर संबंधित अधिकारी तुरंत उच्चाधिकारियों को अवगत कराएं, ताकि समय रहते समाधान किया जा सके। बैठक में यह भी बताया गया कि जनगणना 2027 के प्रथम चरण में जनगणना 2027 के प्रथम चरण में 07 मई से 21 मई,2026 तक ह्यह्यस्व गणनाह्यह्य का कार्य स्वयं नागरिकों के द्वारा भी किए जाने का प्राविधान रखा गया है, जिस हेतु 22 मई 2026 से प्रारंभ होकर 20 जून 2026 तक सम्पन्न किया जाएगा। इस अवधि के दौरान जनपद के सभी चार्ज क्षेत्रों में मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना का कार्य कराया जाएगा। इसके लिए पहले से ही आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित की जा रही हैं। अधिकारियों को यह भी बताया गया कि सर्वेक्षण के दौरान प्रत्येक मकान की सही जानकारी दर्ज करना अनिवार्य होगा, जिससे आगे होने वाली जनसंख्या गणना की प्रक्रिया सुचारु रूप से संचालित हो सके।

**अमन लेखनी**
**(हिन्दी दैनिक)**

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती अखिलेश सिंह द्वारा अवध एक्सप्रेस प्रकाशन, 434, सिविल लाइन, जेल रोड, उन्नाव, उत्तर प्रदेश से मुद्रित और ग्राम व पोस्ट-बनी, थाना- बन्थरा, लखनऊ-226401 (उ.प्र.) से प्रकाशित।

**सम्पादक – श्रीमती अखिलेश सिंह**

**समाचार सम्पादक – रुद्र प्रताप सिंह**

समाचार से संबंधित सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र लखनऊ होगा।

मो. - 9838159555, 9935457982

E-mail address amanlekhaninews@gmail.com

## हेल्थ टिप्स

### डाइजेशन खराब तो दिल को भी खतरा, वक्त रहते हो जाएं सतर्क



आंतों की सेहत और हृदय रोग के खतरे के बीच संबंध को लेकर कई शोध सामने आए हैं। खासतौर पर ट्राइमिथाइलअमीन एन-ऑक्साइड नामक कंपाउंड पर ध्यान देना जरूरी हो जाता है। इससे आपके दिल के लिए समस्याएं बढ़ सकती हैं।

एक बड़ी पुरानी कहावत है- 'पाचन ठीक तो पूरा शरीर ठीक'। शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य दोनों का पाचन से सीधा और गहरा संबंध होता है। कई रिपोर्ट्स में पहले ये दावा किया जा चुका है कि जिन लोगों का गट हेल्थ ठीक नहीं रहता है, उनमें मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं जैसे स्ट्रेस से लेकर डिप्रेशन तक का खतरा बढ़ जाता है। गट हेल्थ की समस्याओं और पाचन में गड़बड़ी के दुष्प्रभाव इससे भी कहीं ज्यादा हो सकते हैं। गट हेल्थ की समस्याएं हार्ट अटैक जैसी जानलेवा स्थितियों तक का कारण बन सकती हैं।

स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, पाचन स्वास्थ्य और हेल्दी गट की अहमियत को हल्के में नहीं लिया जाना चाहिए। हमें दिख भले न रहा हो, पर शरीर के भीतर कई चीजें लगातार चलती रहती हैं, जिनका सेहत पर सीधा असर होता है। विशेषज्ञों की टीम ने अलर्ट किया है कि अपने दिल को स्वस्थ रखना चाहते हैं, तो सिर्फ बीपी-कोलेस्ट्रॉल पर ही ध्यान देते रहना काफी नहीं है, इसके लिए गट हेल्थ को ठीक रखने के लिए भी निरंतर प्रयास करते रहना जरूरी हो जाता है।

#### गट और हार्ट हेल्थ का कनेक्शन



जब बात गट हेल्थ और इसके कार्यों की आती है तो सबसे पहले हमारे दिमाग में भोजन के ठीक से पाचन, पोषक तत्वों के सही तरीके से अवशोषण, ब्लड शुगर कंट्रोल जैसे कामकाज ही नजर आते हैं। हालांकि गट का ठीक से काम करते रहना कई अन्य मामलों में भी जरूरी है, विशेषकर हृदय को स्वस्थ रखने में। अध्ययनों में गट-हार्ट हेल्थ के बीच गहरा कनेक्शन बताया गया है। जब गट माइक्रोबायोम या गुड बैक्टीरिया में असंतुलन होता है, तो इससे कई तरह की स्वास्थ्य समस्याएं हो सकती हैं। आपकी पाचन गड़बड़ होने लगता है, मूड खराब रहता है, चिड़चिड़ापन और नींद गड़बड़ हो सकती है। इन सबके साथ आपके दिल की सेहत भी प्रभावित होने लग जाती है। अगर गट यानी आंतों से संबंधित समस्याएं लंबे समय तक बनी रहती हैं तो इसके कारण हार्ट अटैक तक का खतरा बढ़ सकता है।

#### डाइजेशन का दिल पर कैसे होता है असर?

गट और हार्ट हेल्थ के संबंधों को कार्डियोलॉजिस्ट डॉ. आलोक चोपड़ा ने बड़े आसान तरीके से समझाया है। डॉ. चोपड़ा कहते हैं, ये सुनने में थोड़ा अजीब जरूर लग सकता है पर कई अध्ययनों से पता चला है कि हमारे पाचन तंत्र का हार्ट से बेहद गहरा संबंध हो सकता है, जिसके बारे में आमतौर पर हम सभी सोचते भी नहीं हैं। हमारा गट करोड़ों बैक्टीरिया, वायरस और फंगी का घर होता है।

ये संतुलन में रहते हैं तो डाइजेशन में मदद करते हैं, पोषक तत्वों के अवशोषण को ठीक रखते हैं, मेटाबॉलिज्म को रेगुलेट करते हैं, इम्युनिटी बूस्ट करते हैं और इन्फ्लेमेशन कम करते हैं। हालांकि अध्ययनों से पता चलता कि अगर आपको पाचन से संबंधित कोई समस्या है जिसके कारण गट लाइनिंग में कोई दिक्कत होती है तो खतरनाक बैक्टीरिया और टॉक्सिन लीक करके हमारे खून में पहुंच सकते हैं और इंफ्लेमेशन बढ़ा सकते हैं।

#### ट्राइमेथिलमाइन एन-ऑक्साइड का क्या रोल है?




डॉ चोपड़ा कहते हैं, शरीर में इंफ्लेमेशन बढ़ने की वजह से प्लाक बढ़ने और आर्टरी ब्लॉक होने का खतरा बढ़ जाता है, जो हार्ट अटैक का जोखिम बढ़ाने वाले हो सकते हैं। अध्ययनों से ये भी पता चलता है कि गट बैक्टीरिया की वजह से उत्पन्न होने वाले ट्राइमेथिलमाइन एन-ऑक्साइड का भी हृदय की सेहत से कनेक्शन हो सकता है। जिन लोगों में टीएमएओ का स्तर बढ़ा हुआ रहता है उनमें भी दिल से संबंधित समस्याओं का जोखिम काफी अधिक हो सकता है। यहां तक कि जिनका कोलेस्ट्रॉल या ब्लड प्रेशर कंट्रोल में रहता है, ये उन लोगों में भी हार्ट अटैक के खतरे को बढ़ाने वाली स्थिति हो सकती है। इसके अलावा, खराब पाचन का मेटाबॉलिज्म पर भी बुरा असर पड़ता है, जिससे मोटापा और डायबिटीज जैसी बीमारियां हो सकती हैं।

## अपनी सक्रियता बढ़ाइए तो रहेंगे फुर्तीले

# कुछ भी खाने के बाद नींद और आलस की लग गई है आदत, इन्हें दूर करने अपनाएं कुछ सरल उपाय

शायद ही किसी का यह जवाब हो कि मुझे सोना अच्छा नहीं लगता। हां, यह हो सकता है किसी को सुबह देर तक सोना पसंद हो, किसी को दोपहर में तो किसी को रात में जल्दी..!8 घंटे से ज्यादा सोने / नींद लेने के कई फायदे होते हैं। लेकिन ये सिर्फ रात में डीप स्लीप लेने पर ही होते हैं। वर्कआउट के बाद मसल्स रिकवरी के लिए गहरी नींद जरूरी है। यदि किसी को नींद आने में परेशानी होती है तो कुछ एक्सरसाइज से यह परेशानी दूर की जा सकती है। अनिद्रा /इंसोम्निया की समस्या को योगासन एवं घरेलू उपायों से दूर किया जा सकता है। ऑफिस जॉब करने वाले अधिकतर लोगों को दोपहर का भोजन करने के बाद आलस आने लगता है। खाने के बाद नींद आना डाइजेशन प्रोसेस के दौरान केमिकल रासायनिक चेंज के लिए शरीर की प्रक्रिया है। यह सामान्य प्रक्रिया है और हर किसी के साथ ऐसा होता है। लेकिन यदि आपको हर बार खाने के बाद नींद आती है तो चिंता का विषय हो सकता है। जिसे नींद आती है, उसका काम में मन नहीं लगेगा और डेली रूटीन भी प्रभावित हो सकता है। आपको खाने के बाद आलस आने का कारण और उसे दूर करने के उपाय जानना जरूरी।



### डाइजेशन साइकिल

बॉडी को काम करने के लिए एनर्जी की जरूरत होती है और यह फूड से मिलती है। जब आप कुछ खाते हैं तो यह डाइजेस्टिव सिस्टम में पहुंचते ही ग्लूकोज यानी एनर्जी में ब्रेक हो जाता है। साथ ही मैक्रोन्यूट्रिएंट्स जैसे प्रोटीन शरीर को कैलोरी यानी एनर्जी देता है।



ऐसे में फूड को एनर्जी में कन्वर्ट करने के लिए डाइजेस्टिव सिस्टम विभिन्न रिस्पांसेज को ट्रिगर करता है। इस प्रोसेस में पेट भरा हुआ महसूस कराने वाले हार्मोन जैसे, कोलेलिस्टोकिनिन , ग्लूकाजन और एमाइलिन रिलीज होते हैं। ये हार्मोन माइंड में झपकी के सिग्नल पैदा करते हैं और आलस या नींद का कारण बनते हैं।

### आपकी डाइट

फूड डाइजेस्ट होने का तरीका एक ही होता है लेकिन कुछ फूड बॉडी को समान रूप से इफेक्ट नहीं करते। कुछ फूड नॉर्मल से अधिक नींद दिलाते हैं। इनमें पालक,सोया,अंडे, पनीर,टोफू और मछली शामिल हैं। सेरोटोनिनबनाने के लिए बॉडी ट्रिप्टोफैन का यूज करती है। सेरोटोनिन एक न्यूरोट्रांसमीटर है, जो नींद को रेग्युलेट करने में हेल्प करता है। इसका लेवल बढ़ने पर निश्चित ही आपको नींद आएगी। यानी जिन फूड में ट्रिप्टोफैन अधिक होगा वो सेरोटोनिन बढ़ाएंगे, जिससे नींद अधिक आएगी। ट्रिप्टोफैन अमीनो एसिड हाई प्रोटीन वाले फूड्स में पाया जाता है। इसलिए दिन में अधिक प्रोटीन या ट्रिप्टोफैन में हाई फूड्स नींद आने का कारण बन सकते हैं।

नेशनल एकेडमी ऑफ साइंसेज के अनुसार, एक वयस्क के लिए प्रतिदिन ट्रिप्टोफैन की मात्रा 5 मिलीग्राम/1 किलोग्राम बॉडी वेट रखी गई है।

### अधूरी नींद

जाहिर तौर पर हर किसी को 7-8 घंटे की गहरी नींद की जरूरत होती है। यदि रात में नींद पूरी नहीं होती तो सुबह नाश्ता करने या लंच करने के बाद आपको नींद जरूर आएगी। मायो क्लीनिक की रिपोर्ट के मुताबिक नींद रेग्यूलेट करने, स्ट्रेस दूर करने के लिए एक्सरसाइज जरूरी मानी गई है। यदि आप रात में लेट सोते हैं और सुबह जल्दी उठते हैं तो यह भी दिन में नींद आने का कारण बन सकता है। इसलिए जरूरी है कि रात में 7-8 घंटे की गहरी नींद लें।

### फिजिकल एक्टिविटी

रात में बेहतर नींद लेने में मदद करने के साथ ही एक्सरसाइज दिन में एनर्जेटिक और अलर्ट रखने में भी मदद करती है। कई स्टडीज में पाया गया है कि रेग्युलर एक्सरसाइज से एनर्जी बढ़ाने और थकान को कम करने में मदद मिलती है।



# छोटे-छोटे कुकिंग टिप्स आपके काम को बनाएंगे आसान, मिलेंगे राहत के पल

ऐसा कई बार होता है कि हमें घर से निकलने की जल्दी होती है और जल्दी-जल्दी में क्या बनाएं, यह भी समझ नहीं आता है। कुछ नए ट्रिक्स आप के लिए सहायक हो सकते हैं।

### 2 मिनट में झाग वाली कॉफी

गर्म कॉफी पीनी हो या फिर कोल्ड कॉफी, मजा तो फ्रॉथी कॉफी में ही आता है। मगर रोज-रोज कैफे में जाकर 150-200 रुपये खर्च करना कहां की समझदारी है? अब अगर किचन में ब्लेंडर या फ्रॉथर न हो, तो भी आप अच्छी कॉफी बना सकते हैं।

### क्या करें-

एक कांच की बोतल में इंस्टेंट कॉफी मिक्स, चीनी और थोड़ा-सा पानी डालकर अच्छी तरह से शेक करें। ध्यान रखें कि चीनी अच्छी तरह से घुल जाए। दूसरी ओर, दूध को एक बार उबालकर रख लें। अब एक कप में एक बड़ा चम्मच कॉफी और ऊपर से गर्मागर्म दूध डालकर मिला लें। आपकी कैफे वाली कॉफी तैयार है।

### इस ट्रिक से तवे में नहीं चिपकेगी रोटी

कई बार जब तवा बहुत ज्यादा गर्म होता है, तो आटा उसमें चिपक जाता है। इसके कारण रोटी बीच से फट जाती है और फिर फूलती भी नहीं। रोटी अच्छी और फूली हुई बने इसके लिए यह ट्रिक जरूर आजमाएं।

### क्या करें-

तवा जब बहुत ज्यादा गर्म हो जाए, तो उसकी आंच को एकदम धीमा कर दें। अब एक स्प्रे बोतल में एक चौथाई पानी और दो से तीन बड़े चम्मच तेल



मिलाकर शेक कर लें। गर्म तवे पर इसे स्प्रे करें और टिश्यू पेपर से साफ कर लें। इसमें बेली हुई रोटी फैलाएं और पका लें। आपकी रोटी बिना चिपके अच्छी तरह फूलेगी।

### खिले-खिले चावल बनाने के ट्रिक्स

प्रेशर कुकर में चावल कई बार गीले हो जाते हैं। कई बार इकट्ठे हो जाते हैं और कई बार नीचे लग जाते हैं। चावल को खिला-खिला कैसे बनाना है, यह ट्रिक अगर आपको पता लग जाए, तो खाना खाने का मजा भी दोगुना हो जाएगा।

### क्या करें-

पहले चावल को अच्छी तरह से धोकर भिगोकर रख लें। इसके बाद, प्रेशर कुकर में 1 बड़ा चम्मच तेल डालकर फैला लें। इसमें चावल और पानी डालने के बाद एक छोटा चम्मच घी डालकर सीटी लगा लें। इस तरह से आपका चावल एकदम खिला-खिला बनेगा।



## होली पर घर के मुख्य द्वार में किस पत्ते का तोरण लगाएं, जानिए

होली के दिन तोरण लगाने का विशेष महत्व है। तोरण को विजय का प्रतीक माना जाता है। होली के दिन तोरण लगाने की परंपरा प्राचीन काल से चली आ रही है। पीपल के पत्ते को पवित्र और शुभ माना जाता है। ऐसा माना जाता है कि इसे घर के मुख्य द्वार पर लगाने से घर में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है।

मान्यता है कि पीपल के पत्ते का तोरण लगाने से घर में देवी-देवताओं का वास होता है और उनका आशीर्वाद प्राप्त होता है। यह भी माना जाता है कि पीपल के पत्ते नकारात्मक ऊर्जा को दूर करते हैं और घर को बुरी नजर से बचाते हैं। आपको बता दें, मान्यता है कि घर के मुख्य द्वार पर पीपल के पत्ते का तोरण लगाने से घर की वास्तु दोष भी ठीक हो जाती है। इतना ही नहीं, घर के मुख्य द्वार पर पीपल के पत्ते का तोरण लगाने से माता लक्ष्मी का आगमन होता है। और घर में सुख-शांति का भी आगमन होता है। पान के पत्ते को भगवान गणेश और देवी लक्ष्मी का प्रिय माना जाता है। तोरण लगाने से उनका आशीर्वाद प्राप्त होता है। पान के पत्ते में भगवान शिव का वास माना जाता है। इतना ही नहीं, पान के पत्ते में मां सरस्वती का वास माना जाता है। होली पर घर के मुख्य द्वार पर आम के पत्तों या अशोक के पत्तों का तोरण लगाना सबसे शुभ और मांगलिक माना जाता है। इसे गेंदे के फूलों के साथ मिलाकर लगाने से नकारात्मक ऊर्जा दूर होती है और घर में सुख-समृद्धिसकारात्मकता व देवी लक्ष्मी का वास होता है।

**होली के लिए तोरण टिप्स :** तोरण के लिए 5, 7, 11 या 21 ताजे आम/अशोक के पत्ते का प्रयोग करें। पत्तों पर पीले या लाल चंदन से "शुभ-लाभ" लिखना अत्यंत शुभ माना जाता है।



## साइकिलिंग करते समय याद रखें ये टिप्स, मिलेंगे अधिक फायदे

साइकिल चलाने के कई फायदे होते हैं। जैसे, हार्ट हेल्थ बेहतर रहती है, वेट कंट्रोल रहता है, टाइप 2 डाइबिटीज कंट्रोल रहती है, मसल्स मजबूत होते हैं, लोअर बॉडी टोन होती है और गठिया रोग कम होता है। पिछले कुछ समय में साइकिल के मार्केट में काफी बढ़त हुई है। इस कारण लोग महंगी से महंगी साइकिल खरीद रहे हैं। लेकिन महंगी साइकिल की अपेक्षा जरूरत है, गोल के मुताबिक सही साइकिल खरीदने की।

### आपका लक्ष्य



साइकिलिंग करने से पहले सबसे पहले जो डिसाइड करना है, वो है गोल यानी लक्ष्य। गोल डिसाइड करने से फोकस्ड और एनर्जेटिक रहने में मदद मिलेगी। लेकिन ध्यान रखें, शुरुआत में छोटे गोल ही रखें। ऐसा नहीं होना चाहिए, कि पहले ही दिन आप खुद को 10 किलोमीटर साइकिलिंग का टारगेट दे दें। जो कि काफी मुश्किल होगा। ऐसा करने से आप डिमोटिवेट हो जाएंगे। बल्कि रोजाना थोड़ी-थोड़ी दूरी बढ़ाते हुए बड़े गोल तक पहुंचें। विशेषज्ञों का सुझाव है कि बार-बार छोटे ट्रेनिंग सेशन करना, लंबे सेशन की तुलना में अधिक प्रभावी होते हैं।

### समय

18 से 64 साल के वयस्कों को फिट रहने के लिए हर हफ्ते मीडियम इंटेंसिटी से 2 से 2.5 घंटे एक्सरसाइज करनी चाहिए। लेकिन अगर आप साइकिलिंग कर रहे हैं तो रोजाना कम से कम 30 से 45 मिनट जरूर करनी चाहिए। अगर आपका लक्ष्य फिट रहना है तो हर हफ्ते तीन बार साइकिलिंग जरूर करें। समय के साथ साइकिलिंग की दूरी और साइकिलिंग के समय को भी कम या ज्यादा किया जा सकता है।

### अपनी ताकत बचाएं

जब साइकिलिंग की शुरुआत करते हैं, तो पहले कुछ समय तक पैरों में सोरनेस नहीं रहती। लेकिन जैसे-जैसे दूरी बढ़ती जाती है तो पैरों में भारीपन आने लगता है। इसलिए अधिक ऊंचे रास्ते, ऊबड़-खाबड़ रास्ते और पहाड़ी एरिया में साइकिलिंग की अपेक्षा सीधी रोड पर साइकिलिंग करें। इससे आप जल्दी नहीं थकेंगे और स्ट्रेंथ बनाए रखकर लंबी दूरी तय कर पाएंगे।

### अपनी पसंदीदा जगह खोजें

किसी को पहाड़ी वाली जगह पसंद होती है, तो किसी को मॉल्स और मार्केट घूमना पसंद होता है। अब सोचिए, जिसे पहाड़ी एरिया में घूमना पसंद है उसे मॉल में ले जाकर घूमने को बोला जाए तो उसे कैसा लगेगा ? वो मॉल में घूम तो लेगा, लेकिन एंजॉय नहीं कर पाएगा। ऐसा ही साइकिलिंग करते समय भी होता है। अगर आप साइकिलिंग करने के अधिक फायदे लेना चाहते हैं तो अपनी पसंदीदा जगह चुनें। जैसे, रोड, घाटी वाला एरिया, नदी किनारे, कॉलोनी, इनडोर आदि। अगर आप अपनी पसंदीदा जगह पर साइकिलिंग करने जाते हैं, तो उसके अधिक बेनिफिट ले पाएंगे।



## कार्नर न्यूज

## फिटनेस गोल की प्लानिंग करने के साथ फॉलो जरूर करें

# फिट रहने के लिए लाइफ स्टाइल में शामिल होना चाहिए फिटनेस ट्रेंड, बदलाव दिखेगा खुद आपको

कुछ लोगों का यह हर साल का काम होता है, जैसे ही जनवरी शुरू होने वाला होता है, लोग अपने फिटनेस गोल को हासिल करने की प्लानिंग शुरू कर देते हैं। लेकिन कुछ दिन के बाद वे उसे फॉलो नहीं कर पाते। फिटनेस फ्रीक लोगों के लिए कोराना काल काफी मुश्किल भरा रहा। लोगों ने खुद को फिट रखने के लिए अलग-अलग तरीके अपनाए। यहां कुछ ऐसे तरीके जानिए, जिनसे आप खुद को फिट रख सकते हैं। अगर आप बाहर जा कर वर्जिश करना नहीं चाहते तो टेक्नोलॉजी ने इस समस्या का हल निकाला और वर्चुअल क्लास के जरिए लोगों को फिट रहने में मदद की है। लॉकडाउन के दौरान फिटनेस ट्रेनर्स और ऑनलाइन एक्सपर्ट ने वर्चुअल क्लास से लोगों को फिट रहने के टिप्स दिए थे। तब इन क्लास में सेलेब्रिटी ट्रेनर्स ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया था। अब बदली हुई परिस्थिति में भी आप वर्चुअल क्लास के माध्यम से में भी फिट रह सकते हैं। इसके लिए आप वीडियो कॉल से क्लास अटैंड कर सकते हैं।



### पर्सनल रिमोट कोचिंग

घर पर मोटिवेट रहने का शानदार तरीका अपने ट्रेनर के साथ ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर क्लास अटैंड करना हो सकता है। इसमें आपके ट्रेनर आपको रेगुलर वर्कआउट शेड्यूल और फिटनेस सामग्री प्रदान करते हैं, जिससे आप खुद को फिट रख सकते हैं।

आप ट्रेनर के साथ ऑनलाइन पर्सनल कोचिंग ले सकते हैं। हालांकि इसके लिए आपको ज्यादा पेमेंट करनी पड़ सकती है।

### होम जिम

कोरोना काल में जिम बंद रहने के कारण कई फिटनेस फ्रीक ने घर पर ही मिनी जिम बना लिया था। अब नए दौर में आप अपने शेड्यूल के हिसाब से घर पर कभी भी वर्कआउट कर सकते हैं। इस दौरान आपके साथ घर वाले भी एक्सरसाइज जरूरी करेंगे। यदि आप घर में जिम का सेटअप करना चाहते हैं तो ऑनलाइन ऐसी कंपनियों की डिटेल निकालकर जिम सेटअप करा सकते हैं।

### डांस क्लास

डांस करना काफी लोगों को पसंद होता है। डांस एक कार्डियो एक्सरसाइज है, जो हार्ट रेट को बढ़ा देती है। लॉकडाउन के दौरान कई कोरियोग्राफर्स ने डांस क्लास शुरू कर लोगों से ऑनलाइन कनेक्ट किया। इससे लोगों ने घर से ही ऑनलाइन क्लास से डांस सीखा। वहीं कुछ लोगों ने भांगड़ा और जुम्बा को वजन कम करने के लिए भी किया। अगर आप भी वजन कम करना चाहते हैं तो डांस क्लास अटैंड कर सकते हैं। ये क्लास ऑलनलाइन या ऑफलाइन भी ली जा सकती है।

